सूर्योदय 6:52 सूर्यास्त 5:21

आज का तापमान

शिमला	9.0 न्यू	20.0 अधि
धर्मशाला	12.0 न्यू	22.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	82,031.81
निफ्टी	25,227.95

सोना 1,32,000 चांदी 1,65,000

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बीरवार, 19 नवंबर 2026 | 4 मार्गशीष, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 322, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

ट्रंप की हत्या की साजिश रचने पर पाकिस्तानी को 27 साल की जेल

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश रचने के मामले में पाकिस्तानी नागरिक आसिफ मर्चेंट को 27 साल 6 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। वह ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के लिए काम कर रहा था। अमेरिकी जांच के मुताबिक, उसे ट्रंप की हत्या कराने के लिए अमेरिका भेजा गया था। 48 साल के आसिफ को न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन स्थित फेडरल कोर्ट ने आतंकवादी साजिश और सुपारी देकर हत्या कराने की कोशिश का दोषी पाया। जज एरिक आर. कोमिटी ने उसे सजा सुनाई। आसिफ की हिटलिस्ट में ट्रम्प समेत 3 नेता थे। इनमें से एक नेता की हत्या करने के बदले उसने हत्यारों को 5 हजार डॉलर (करीब 4.4 लाख रुपए) एडवांस दिए थे। हालांकि, जिन लोगों को वह हत्यारे समझ रहा था, वे एफबीआई के अंडरकवर एजेंट थे।

शिवसेना ने सोनिया की किताब फाड़ी, बैन करने की उठाई मांग



एजेंसी, मुंबई। शिवसेना ने बुधवार को सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव' को बैन करने की मांग की। पार्टी के नेताओं ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किताब के पन्नों को फाड़ा। शिवसेना का आरोप है कि इस किताब में वीर सावरकर और मराठी अस्मिता का अपमान किया गया है। उधर, कांग्रेस की सहयोगी पार्टी वाईएसआर कांग्रेस और बीआरएस ने भी इस किताब को लेकर नाराजगी जताई है। वाईएसआर कांग्रेस के तिरुपति सांसद मडिला गुरुमूर्ति ने कहा- सोनिया गांधी वाईएसआर कांग्रेस के योगदान को कैसे नजरअंदाज कर सकती हैं। वाईएसआर के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कहा कि सोनिया ने किताब में तेलंगाना का जिक्र तक नहीं किया।

सीजेआई पर टिप्पणी मामले में वकील को अवमानना नोटिस

एजेंसी, नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सीजेआई सूर्यकांत पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले वकील को बुधवार को अवमानना नोटिस जारी किया। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की याचिका पर हुई। एसोसिएशन ने वकील के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की थी। जस्टिस दीपांकर दत्ता, जॉयमाल्या बागची और वी. मोहना की तीन जजों की बेंच ने वकील से जवाब मांगा। कोर्ट ने नोटिस का जवाब देने के लिए 20 जनवरी 2027 की तारीख तय की। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक वकील ने सीजेआई सूर्यकांत से तीखी बहस की। वकील अपने खिलाफ चल रहे अवमानना के मामले में जल्द सुनवाई चाहते थे। कोर्ट में जब सीजेआई ने उन्हें इंतजार करने को कहा तो वकील ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वे इस कुर्सी पर बैठने के लायक नहीं हैं और उनमें ईमानदारी नहीं है। यह घटना सोमवार दोपहर करीब 2 बजे की है। वकील ने तय प्रक्रिया के बिना अपना मामला रखने के लिए पहले माफी मांगी थी।

हिमाचल की संपदा बेचने के लिए पूर्व भाजपा सरकार जिम्मेदार: सीएम


हिमकेयर में फर्जी बिलों और धारा 118 के आरोपों पर श्वेत पत्र लाएगी सरकार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, तपोवन (धर्मशाला)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान नियम 67 के तहत लाए गए काम रोको प्रस्ताव को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पिछली भाजपा सरकार ने हिमाचल प्रदेश के हितों और जनता की संपदा को बेचने का काम किया। उन्होंने बद्दी में करीब 5000 बीघा जमीन कस्टमाइज्ड पैकेज के नाम पर 99 साल की लीज पर महज एक रुपये में देने का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि इससे प्रदेश को क्या लाभ मिला और कितने हिमाचली युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को पहले यह बताना चाहिए कि उसने प्रदेश की बहुमूल्य जमीन उद्योगपतियों को किन शर्तों पर दी थी। उन्होंने दावा किया कि इस जमीन की रजिस्ट्री पर भी शुल्क नहीं लिया गया, जबकि आम लोगों को जमीन की रजिस्ट्री करवाने पर 8 प्रतिशत शुल्क देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने महिलाओं को राहत देते हुए इस शुल्क को घटाकर 4 प्रतिशत किया है। सुक्खू ने कहा कि भाजपा ने नियम 67 के तहत काम रोको प्रस्ताव लाकर जिन मुद्दों को उठाया है, उन पर उसे अपने कार्यकाल का जवाब भी देना चाहिए। काम रोको प्रस्ताव गंभीर और आपातकालीन परिस्थितियों में लाया जाता है, लेकिन भाजपा सदन में अपनी बात रखने के बजाय पिछली सरकार के समय की घटनाओं का जिक्र कर रही है। वहीं, धारा 118 के तहत सैकड़ों बीघा जमीन देने के भाजपा के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल आरोप लगाने से कुछ नहीं होगा, इसके लिए संबंधित दस्तावेज भी सामने रखने होंगे। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में धारा 118 के तहत सैकड़ों बीघा जमीन देने का कोई मामला नहीं है। यदि भाजपा के पास इस संबंध में दस्तावेज हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस पूरे मामले पर भी श्वेत पत्र लाने जा रही है।

हिमकेयर में हुई गड़बड़ियों को सार्वजनिक करेंगे



मुख्यमंत्री ने हिम केयर योजना में कथित अनियमितताओं की जांच और स्थिति स्पष्ट करने के लिए श्वेत पत्र लाने का एलान किया। उन्होंने कहा कि योजना के रिकॉर्ड में पुरुषों की बच्चेदानी निकालने और महिलाओं के अंडकोष की सर्जरी के बिल दर्ज किए गए हैं। इसे योजना में बड़े स्तर पर हुई अनियमितताओं का मामला बताते हुए उन्होंने कहा कि श्वेत पत्र के माध्यम से पूरा ब्योरा सार्वजनिक किया जाएगा।

संपदा को सुरक्षित रखने के लिए लाएंगे विधेयक

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की संपदा को सुरक्षित रखने के लिए सरकार विधानसभा के इसी सत्र में एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत ऐसी जमीनों का मामला उठाया जाएगा, जिन्हें लोगों से अधिग्रहित तो कर लिया गया, लेकिन उन पर अभी तक कोई काम शुरू नहीं हुआ है। सरकार का उद्देश्य ऐसी जमीनों के इस्तेमाल को लेकर उचित कानूनी व्यवस्था करना है। अधिकारियों की कथित संलिप्तता को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि पत्रकार भी संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करवाते हैं तो सरकार उन पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में कार्रवाई के लिए ठोस सबूत और दस्तावेज होना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार प्रदेश की संपदा को बचाने और पूर्व सरकार के कार्यकाल में हुए कथित घोटालों को जनता के सामने लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बर्थडे मनाकर लौट रहे 6 युवकों की कार खाई में गिरी, सभी की मौत

मंडी के लडभड़ोल में हुआ हादसा, मृतकों में 4 नाबालिग

अनंत ज्ञान



मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के लडभड़ोल में एक सड़क हादसे ने छह परिवारों की खुशियां छीन लीं। मंगलवार देर रात जन्मदिन मनाकर घर लौट रहे छह युवकों की कार अनियंत्रित होकर करीब 200 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इससे कार सवार सभी युवकों की मौत हो गई। इनमें चार युवक नाबालिग थे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। हैरानी की बात यह रही कि देर रात हुए इस हादसे का किसी को पता तक नहीं चला। उधर, युवक जब रातभर घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। परिवार के लोग अपने स्तर पर युवकों को ढूंढते रहे, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला।

बुधवार दोपहर करीब 2 बजे एक बाइक सवार की नजर सड़क से नीचे खाई में गिरी कार पर पड़ी। उसने इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी। इसके बाद हादसे का पता चला और बचाव कार्य शुरू किया गया। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। कई लोग अपनी जान जोखिम में डालकर गहरी खाई में उतरे और युवकों को बाहर निकालने का प्रयास किया। हालांकि, तब तक सभी छह की मौत हो चुकी थी।

रातभर चिंतित रहे परिजन, फिर सर्च ऑपरेशन चलाया

जब युवक रातभर घर नहीं लौटे तो परिजन चिंतित हो गए। उन्होंने अपने स्तर पर उनकी तलाश शुरू की। परिवारों को उम्मीद थी कि युवक कहीं रुक गए होंगे या किसी परिचित के यहां होंगे, लेकिन बुधवार दोपहर तक उनकी कोई जानकारी नहीं मिली। इसी बीच करीब 2 बजे बाइक सवार ने खाई में क्षतिग्रस्त कार देखी। इसके बाद पूरे घटनाक्रम का पता चला।

इन्होंने गंवाई जान

हादसे में जान गंवाने वालों में किशोर भी शामिल हैं। मृतकों की पहचान आयुष राय (21), अनुज कुमार (18) और यश राय (14), निवासी सिमस; पंकज कुमार (17) और अर्णव ठाकुर (15), निवासी गवाला तथा आदित्य कुमार (17), निवासी दरोब के रूप में हुई है। सभी आसपास के गांवों के रहने वाले थे। छह युवकों की मौत की खबर मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। जिन परिवारों के बच्चे मंगलवार रात तक जन्मदिन की खुशियों में शामिल थे, बुधवार को उन्हीं घरों में मातम छा गया।

पीडब्ल्यूडी में भ्रष्टाचार और ट्रांसफर माफिया के आरोपों पर सदन में हंगामा

सीएम सुक्खू ने भाजपा विधायक विनोद कुमार से मांगे सबूत

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन नियम-67 के तहत भ्रष्टाचार के मुद्दे पर हुई चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। नाचन से भाजपा विधायक विनोद कुमार ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में भ्रष्टाचार, ठेकेदारों की लंबित देनदारियों और ट्रांसफर माफिया के सक्रिय होने के आरोप लगाए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इन आरोपों पर विधायक से तथ्य और दस्तावेज सदन में पेश करने को कहा।

विधायक विनोद कुमार ने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग में ठेकेदारों की करीब 74,195 करोड़ रुपए की देनदारियां लंबित हैं, जिसके चलते ठेकेदार परेशान होकर सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रेजरी बिल पास करवाने के बदले ठेकेदारों से रिश्वत मांगी जा रही है। इस पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि विधायक इन आरोपों के समर्थन में तथ्य और दस्तावेज भी प्रस्तुत करें।

नाचन से भाजपा के विधायक विनोद कुमार ने प्रदेश में ट्रांसफर माफिया सक्रिय होने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेबीटी, टीजीटी, लेक्चरर, असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रिंसिपल के तबादलों के रेट तय हैं। उन्होंने दावा किया कि इस संबंध में प्रमाण दिए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पेखुबाला प्रोजेक्ट का मुद्दा भी उठाया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। भ्रष्टाचार में जो भी संलिप्त पाया जाएगा, उसे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। विनोद कुमार ने पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में लिए गए कर्ज का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने करीब 22 हजार करोड़ रुपये का ऋण लेकर प्रदेश के विकास को गति दी थी।

इस पर जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी आदत बातों को स्वीकार न करने की रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से 2022 के बीच भाजपा सरकार के कार्यकाल में सबसे कम कर्ज लिया गया, जबकि प्रदेश पर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज की चर्चा होने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का नाम लिया जाएगा।

चंबा में खाई में गिरने से ऊना के शिक्षक की मौत

अनंत ज्ञान, भरमौर। जनजातीय क्षेत्र भरमौर की रूणहकोठी पंचायत में टीजीटी नॉन मेडिकल अध्यापक की संदिग्ध परिस्थितियों में खाई में गिरने से मौत हो गई। अमित कुमार पिछले करीब चार वर्षों से क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनकी मौत की खबर से स्कूल सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक की पहचान अमित कुमार निवासी गांव हीरानगर, डाकघर अंब, जिला ऊना के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा देर रात उस समय हुआ, जब वह जन्मदिन की पार्टी के बाद गुरुकुल स्थित अपने ठिकाने की ओर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि रास्ते में अंधेरा होने के कारण अचानक उनका पैर फिसल गया और वह करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरे। खाई से गिरते हुए उनका शव नीचे सड़क तक पहुंच गया। इस घटना का सबसे भावुक पहलू यह है कि हादसे से ठीक एक दिन पहले अमित कुमार का जन्मदिन था। बताया जा रहा है कि इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के बच्चों को खीर भी खिलाई थी।

सुरक्षाबलों ने लश्कर कमांडर लतीफ भट को किया ढेर, मस्जिद में छिपा था

मुठभेड़ से पहले जवानों ने उसे सरेंडर करने को कहा ▶ आतंकी बोला था- सरेंडर नहीं करूंगा, अल्लाह से मिलना है

एजेंसी, कुलगाम



सीआरपीएफ पोस्ट पर फायरिंग करने वाले लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी लतीफ भट को सुरक्षाबलों ने बुधवार को एनकाउंटर में मार गिराया। वह एक मस्जिद के अंदर छिपा था। मुठभेड़ से पहले जवानों ने उसे वीडियो कॉल कर सरेंडर करने के लिए कहा। पुलिस अधिकारी ने उससे कहा, 'हम तुम्हारे साथ हैं, जिंदगी अभी बाकी है।' लतीफ ने जवाब दिया, 'मुझे अल्लाह से मुलाकात करना है। बहुत खुश हूं मैं। सरेंडर नहीं करूंगा।' 22 साल के लतीफ पर पुलिस ने 15 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

सुरक्षाबल 2 दिन से लतीफ भट का कर रहे थे पीछा

सुरक्षाबलों के मुताबिक, लतीफ ने उमर निसार डार के साथ 11 नवंबर को नौपोरा अखरान में सीआरपीएफ की पोस्ट पर फायरिंग की थी। इसमें 3 जवान घायल हो गए थे। इसके बाद से दोनों फरार थे। 16 नवंबर को अखरान के लारू इलाके में दोनों आतंकियों को पुलिस ने घेर लिया था। फायरिंग में उमर मारा गया, लेकिन लतीफ भाग निकलने में कामयाब हो गया था। इसके बाद पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। दो दिन बाद फिर देवसर इलाके के जांगलपोरा गांव की एक मस्जिद में छिपे होने की जानकारी मिली थी। यहीं इसको मार गिराया गया।

प्रदेश के 8 शहरों में रात का पारा 5 डिग्री से नीचे

कुकुमसेरी में माइनस 4.3 डिग्री, केलांग में माइनस 2.1 व कल्पा में न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री दर्ज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल में नवंबर का महीना इस बार बारिश के इंतजार में बीत रहा है। एक ओर पहाड़ों में रात का तापमान तेजी से गिर रहा है, वहीं दूसरी ओर आसमान से बारिश की एक बूंद भी नहीं बरसने के कारण खेतों और बागीचों की जमीन सूखी पड़ी है।

इस बेरुखी के बीच प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। आठ शहरों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में पारा माइनस 4.3 डिग्री और केलांग में माइनस 2.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कल्पा में न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री, सियोबाग में 2.6 डिग्री, मनाली में 2.8 डिग्री, बजौरा में 3.1 डिग्री, भुंतर में 3.8 डिग्री और सोलन में 4.8 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी शिमला में भी रात का तापमान 7.6 डिग्री दर्ज किया गया। मैदानी क्षेत्रों में सुबह के समय हल्का कोहरा ठंड का एहसास और बढ़ा रहा है। बिलासपुर में 7 डिग्री, ऊना में 7.6 डिग्री और मंडी में न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस मौसम का सबसे बड़ा असर खेतों और सेब उत्पादक क्षेत्रों में चल रहे मौसमी कार्यों पर पड़ रहा है। जमीन में पर्याप्त नमी नहीं होने से किसान गेहूं की बिजाई के लिए अनुकूल परिस्थितियों का इंतजार कर रहे हैं। वहीं सेब के बागीचों में खाद डालने, मिट्टी की गुड़ाई और दूसरे जरूरी कार्यों के लिए भी मौसम अनुकूल नहीं बन पा रहा है। बागवानों के लिए सर्दियों में होने वाली बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का विशेष महत्व है।

नवंबर में अब तक सामान्य से 70 फीसदी कम बारिश

मौसम के इस बदले मिजाज ने प्रदेश में सर्दी की दस्तक तो तेज कर दी है, लेकिन खेती और बागवानी के लिए जरूरी नमी का संकट खड़ा कर दिया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार नवंबर में अब तक प्रदेश में सामान्य से करीब 70 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। स्थिति यह है कि बिलासपुर, हमीरपुर, सिरमौर और ऊना में पूरे महीने बारिश का खाता तक नहीं खुला। शेष जिलों में भी बारिश की मात्रा बेहद कम रही है। लंबे समय से शुष्क चल रहे मौसम का असर अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े कृषि और बागवानी कार्यों पर दिखाई देने लगा है।

पीएम ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में मंत्रियों को दिए सख्त निर्देश

जनता हितैषी हो हर योजना और नीति

एजेंसी, नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित केंद्रीय मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। करीब साढ़े तीन घंटे तक चली इस बैठक में प्रधानमंत्री ने सभी केंद्रीय मंत्रियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकार की प्रत्येक योजना और नीति के केंद्र में देश की जनता होनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सीधे, पारदर्शी और सरल तरीके से पहुंचे। प्रधानमंत्री यह महत्वपूर्ण बैठक अपने दो दिवसीय फिलीपींस दौरे से लौटने के कुछ ही घंटों बाद की। प्रधानमंत्री ने 16 और 17 नवंबर को फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित 49वें आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था। प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि सुशासन का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब सरकार की योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को बिना किसी परेशानी और अनावश्यक बाधा के मिले। इसके लिए सभी मंत्रालयों को अपनी कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने की आवश्यकता है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने बैठक के दौरान सितंबर में आयोजित मंत्रिपरिषद के चिंतन शिविर में निर्धारित लक्ष्यों और कार्ययोजनाओं की प्रगति का फीडबैक लिया। उन्होंने मंत्रियों से पिछली बैठक के बाद हुए कार्यों का विस्तृत ब्यौरा मांगा तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

पावर प्रोजेक्ट्स | जलविद्युत और सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर प्रदेश की सुक्खू सरकार का बड़ा फैसला

50 साल पूरे होने पर हिमाचल को हस्तांतरित होंगी केंद्रीय परियोजनाएं

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में जलविद्युत और सौर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर सरकार ने बड़े बदलाव की तैयारी शुरू कर दी है। राज्य की बिजली परियोजनाओं से राज्य को मिलने वाले लाभ में बढ़ोतरी करने के लिए स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति-2021 में महत्वपूर्ण संशोधनों को मंजूरी दी गई है। नई व्यवस्था के तहत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की जलविद्युत परियोजनाओं के संचालन के 40 वर्ष पूरे होने के बाद अगले दस वर्षों तक हिमाचल को 50 प्रतिशत मुफ्त बिजली मिलेगी। वहीं, परियोजना के 50 वर्ष पूरे होने पर संबंधित परियोजना बिना किसी कीमत के प्रदेश सरकार को हस्तांतरित की जाएगी। इस व्यवस्था से प्रदेश में संचालित बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं के भविष्य के स्वामित्व और बिजली से होने वाली आय को लेकर नई स्थिति बनेगी।

जानकारी के अनुसार सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में लंबे समय से लंबित परियोजनाओं को लेकर भी कड़ा रुख अपनाया है। निर्धारित समय में निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाली 222 सौर ऊर्जा परियोजनाओं के आवंटन रद्द कर दिए गए हैं। इन परियोजनाओं की क्षमता 250 किलोवाट से लेकर पांच मेगावाट तक थी। कई परियोजनाओं को पांच वर्ष से अधिक समय पहले आवंटित किया गया था, जबकि निर्धारित नियमों के अनुसार तीन वर्ष के भीतर इन्हें चालू करना आवश्यक था। समय सीमा पूरी होने के बावजूद काम शुरू नहीं करने वाले आवंटियों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

इसी कड़ी में 25 मेगावाट से अधिक क्षमता वाली 13 जलविद्युत परियोजनाओं के आवंटन भी रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही 20 जलविद्युत परियोजनाओं के लिए नए सिरे से बोली प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इन फैसलों के बाद ऊर्जा क्षेत्र में लंबित परियोजनाओं के आवंटन और निर्माण प्रक्रिया में बदलाव आने की संभावना है। सरकार की ओर से परियोजनाओं को निर्धारित समय में विकसित करने और उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।

इसी के साथ प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन से जुड़ी सरकारी परियोजनाओं की आय के आंकड़े भी सामने आए हैं। हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की पेखुबेला, अघलौर और भंजाल स्थित तीन सौर ऊर्जा परियोजनाओं से पिछले तीन वर्षों में कुल 49.46 करोड़ रुपये की आय दर्ज की गई है। इन तीनों परियोजनाओं की संयुक्त उत्पादन क्षमता 47 मेगावाट है और इनकी स्थापना पर 272.27 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

इनमें पेखुबेला परियोजना से 34.20 करोड़ रुपये, अघलौर से 8.10 करोड़ रुपये और भंजाल परियोजना से 7.16 करोड़ रुपये की आय हुई है।

ऊर्जा क्षेत्र में बड़े बदलाव की तैयारी

जलविद्युत परियोजनाओं की अवधि पूरी होने के बाद हस्तांतरण, मुफ्त बिजली की हिस्सेदारी में बदलाव और अटकी हुई सौर एवं जलविद्युत परियोजनाओं के आवंटन रद्द करने जैसे फैसलों से हिमाचल के ऊर्जा क्षेत्र में नई व्यवस्था लागू होने जा रही है। प्रदेश में जलविद्युत के साथ सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और लंबित परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में सरकार ने एक साथ कई निर्णय लिए हैं। आने वाले समय में नई बोली प्रक्रिया और संशोधित ऊर्जा नीति के तहत प्रदेश में ऊर्जा परियोजनाओं के विकास का काम आगे बढ़ेगा।

भारत आर्थिक संकट की कगार पर: राहुल

कांग्रेस नेता बोले-बेरोजगारी और एजुकेशन सिस्टम भी बड़ी समस्या

एजेंसी, न्यूयॉर्क

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है। इसके पीछे बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी खामियां हैं। युवाओं में बढ़ती निराशा की मुख्य वजह यह है कि उन्हें अपना भविष्य नजर नहीं आता। राहुल गांधी ने यह बात बुधवार को न्यूयॉर्क में कोलंबिया यूनिवर्सिटी में छात्रों और फैकल्टी के सामने कही। राहुल अमेरिका के दो दिन के दौरे पर हैं। वे आज यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो का दौरा भी करने वाले हैं। राहुल ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को सामान्य अभियान से बिलकुल अलग बताया। उन्होंने कहा, 'इस अभियान में जितना पैसा खर्च किया गया, वह अनुमान से 20, 30, 40 या 50 गुना तक ज्यादा था। इतना पैसा कहां से आया। इस अभियान में खर्च की गई रकम को लेकर कई सवाल हैं, जिनका जवाब मिलना चाहिए।'

राहुल ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा, 'अचानक 5 लाख वोटों का मार्जिन मिल जाना संभव नहीं है। चुनावी नतीजों और वोटों के आंकड़ों को लेकर हमारी पार्टी (कांग्रेस) के पास कई सवाल हैं। हमारे पास चुनावी धांधली के कई सबूत हैं। इन्हें सामने लाने के लिए हम काम कर रहे हैं।'

कहा- युवाओं को अपना भविष्य नहीं दिख रहा



राहुल ने कहा, 'युवाओं में मौजूदा हालात को लेकर निराशा है। इनमें एक वर्ग मध्यमवर्गीय परिवारों से आता है और उसने औपचारिक शिक्षा हासिल की है। हम इस पर अध्ययन कर रहे हैं और इसे समझने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी सबसे अहम वजह यह है कि उन्हें अपना भविष्य नजर नहीं आता।' राहुल ने कहा, 'करियर को लेकर युवाओं और उनके माता-पिता के बीच दूरी बढ़ रही है। युवा पिछली पीढ़ी की सलाह और उसके अनुभवों पर सवाल उठा रहे हैं। वे अपने माता-पिता से यह कह रहे हैं- आप सफल नहीं थे। आप हमें वह करने के लिए नहीं कह सकते, जो आपने किया, क्योंकि आज के समय में वह फॉर्मूला काम नहीं करता।'

न्यूज ब्रीफ

करुणामूलक आश्रितों ने सीएम के समक्ष रखी मांग



अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। तपोवन। करुणामूलक संघ हिमाचल प्रदेश के सैकड़ों आश्रितों ने राज्य मीडिया प्रभारी गगन कुमार की अध्यक्षता में तपोवन विधानसभा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात कर मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने रिजेक्ट मामलों को दोबारा विचाराधीन करने के लिए आय सीमा तीन लाख रुपये वार्षिक निर्धारित करने की मांग की। गगन कुमार ने कहा कि संबंधित अधिसूचना की वैधता 31 दिसंबर 2026 तक है, इसलिए सरकार जल्द निर्णय ले। इसके अलावा एमटीडब्ल्यू पॉलिसी लागू करने की मांग भी उठाई। मुख्यमंत्री ने दोनों मामलों पर जल्द निर्णय लेकर प्रभावित परिवारों को राहत देने का आश्वासन दिया।

50 स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोअर लंबागांव में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के 50 एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर के निचले हिस्से में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने परिसर की साफ-सफाई करने के साथ-साथ झाड़ियों की कटाई भी की और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में योगदान दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अशोक चौधरी और मोनिका कटोच भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

कल विस का घेराव करेगी 'आप': कालीदास

अनंत ज्ञान, पालमपुर। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कालिदास ने बताया कि 20 नवंबर को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया धर्मशाला पहुंचकर विधानसभा का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आम आदमी पार्टी की गारंटियों को चुराकर जनता से झूठे वादे किए और सत्ता हासिल की, लेकिन एक भी गारंटी पूरी नहीं की। उन्होंने पंजाब सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि वहां दस लाख रुपये तक मुफ्त इलाज, नियमित भर्तियां, स्कूल ऑफ एमिनेंस और मोहल्ला क्लीनिक जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। तपोवन में सरकार से वादों का हिसाब मांगा जाएगा।

परागपुर धरोहर गांव के तालाब का होगा जीर्णोद्धार

अनंत ज्ञान, परागपुर। ऐतिहासिक धरोहर गांव परागपुर के बाजार स्थित तालाब के जीर्णोद्धार को लेकर बुधवार को एसडीएम निशांत ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। तहसील परिसर में आयोजित बैठक में तहसीलदार हिमानी शर्मा, नायब तहसीलदार बलविंदर पठानिया, पंचायत प्रधान अभिलाषा शर्मा और पंचायत सदस्य गगन कुमार मौजूद रहे। बैठक में पंचायत प्रधान ने तालाब के जीर्णोद्धार को लेकर अपना पक्ष रखा। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि तालाब सरकारी संपत्ति है और इसका जीर्णोद्धार हर हाल में करवाया जाएगा। उन्होंने पंचायत को प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश दिए, ताकि धनराशि स्वीकृत करवाकर सौंदर्यकरण का कार्य जल्द शुरू किया जा सके।

धर्मशाला के मैक्सिमस मॉल स्थित केएफसी में लगी आग, मची अफरा-तफरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला के मैक्सिमस मॉल स्थित केएफसी की ब्रांच में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, केएफसी के फ्रायर के अंदर आग लगने से यह घटना हुई, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दमकल विभाग की टीम आग बुझाने में जुटी हुई है। राहत की बात यह है कि फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों और नुकसान का आकलन आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद ही हो सकेगा।

खाई में गिरी बोलेरो, तीन महिलाएं घायल

अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट। पठानकोट-डलहौजी-चंबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव भून के समीप मंगलवार रात बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले की तीन महिलाएं सुनीता देवी, काजल और शक्ति देवी घायल हो गईं। बताया जा रहा है कि सवारियां शौच के लिए उतरी थीं और चालक द्वारा हैंडब्रेक ठीक से न लगाने के कारण जीप ढलान पर फिसल गई। सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। बाद में उन्हें पठानकोट रेफर किया गया। टीम ने महिलाओं का कीमती सामान भी परिजनों को सौंपा।

द्रोणाचार्य कॉलेज में नई कार्यकारिणी गठित



अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर। द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर शिक्षण महाविद्यालय रैत में छात्र केंद्रीय परिषद (एससीए) की नई कार्यकारिणी का गठन संयोजक सुमित शर्मा की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से किया गया। इसके बाद आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया मुख्यातिथि रहे। नई कार्यकारिणी में आकाश शर्मा, कार्तिकेय वशिष्ठ और शिवम मनकोटिया को अध्यक्ष चुना गया। नंदिता को महासचिव, सुमित भाटिया को कोषाध्यक्ष तथा शुभम शर्मा को अनुशासन प्रभारी बनाया गया। शगुन और सानिया को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी मिली। मुख्यातिथि ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए महाविद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

रेनबो स्कूल में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू



अनंत ज्ञान, कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां। रेनबो इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. छवि कश्यप ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एनएसएस प्रभारी सुनीता रानी ने बताया कि शिविर में विद्यार्थी सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करना है। इस अवसर पर आशुतोष शर्मा, मधु चौधरी, रेणु मराठा, चंदा ठाकुर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

शिक्षा विभाग पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर यूनियन ने मांगी स्थायी पालिसी और न्यूनतम वेतन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला। शिक्षा विभाग पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर यूनियन ने प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत के नेतृत्व में जोरावर स्टेडियम में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने बताया कि करीब चार वर्षों से स्थायी नीति और न्यूनतम वेतन की मांग उठा रहे हैं, लेकिन आश्वासन के बावजूद मांगें पूरी नहीं हुईं। प्रदेश में करीब 8 हजार वर्कर मात्र 6 हजार रुपये मासिक मानदेय पर काम कर रहे हैं। इनमें अधिकांश विधवा महिलाएं और दिव्यांग शामिल हैं। उनका आरोप है कि पार्ट टाइम नियुक्ति के बावजूद उनसे फुल टाइम काम लिया जा रहा है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की रैली बनी गुटबाजी का अखाड़ा

अनंत ज्ञान, पठानकोट। विधानसभा चुनाव-2027 से पहले कांग्रेस की पठानकोट रैली में भोआ सीट को लेकर गुटबाजी खुलकर सामने आई। पूर्व विधायक जोगिंदर पाल और संजीव बैंस के समर्थकों ने जमकर नारेबाजी कर शक्ति प्रदर्शन किया। इससे सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा और जिलाध्यक्ष पन्ना लाल भाटिया असहज नजर आए। प्रदेश अध्यक्ष परगट सिंह ने स्पष्ट किया कि आगामी चुनाव में टिकट वितरण सर्वे और मेरिट के आधार पर होगा, किसी नेता की सिफारिश पर नहीं।

अगले वर्ष हल्दी का एमएसपी 170 व गेहूं का 90 रुपए किलो करेगी सरकार : सुक्खू

कहा-वित्तीय नुकसान के बावजूद किसानों के हितों की रक्षा के लिए सरकार सीधे उनके हाथों में पहुंचा रही है पैसा

- राजीव गांधी प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के लाभार्थियों से किया संवाद



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि करना है और आगामी वर्षों में कृषि एक लाभकारी व्यवसाय बनकर उभरेगा। सीएम ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा के सभागार में राजीव गांधी प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद किया।

उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य आने वाले वर्षों में किसानों की मासिक आय को 40 से 50 हजार रुपए तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि वित्तीय नुकसान उठाने के बावजूद सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पैसा सीधे उनके हाथों में पहुंचा रही है। उन्होंने घोषणा की कि अगले वर्ष से हल्दी का न्यूनतम समर्थन मूल्य 150 रुपए से बढ़ाकर 170 रुपए प्रति किलो तथा गेहूं का 80 रुपए से बढ़ाकर 90 रुपए प्रति किलो किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के लिए राज्य में ही रोजगार और आय के बेहतर अवसर सृजित करने की दिशा में कार्य कर रही है, ताकि उन्हें रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन न करना पड़े। इसी दिशा में ढगवार में 300 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का निर्माण किया जा रहा है।

इस संयंत्र में किसानों से प्रतिदिन 1.50 लाख लीटर दूध खरीदा जाएगा। किसानों द्वारा संयंत्र तक दूध पहुंचाने पर आने वाला परिवहन खर्च भी सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने वाइल्डफ्लावर हॉल मामले में 401 करोड़ रुपये प्राप्त किए हैं और अब इससे प्रतिवर्ष लगभग 35 करोड़ रुपये की आय हो रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि किसानों के साथ हुए इस संवाद के दौरान कई महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें नीति निर्धारण के समय शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र देश की 135 करोड़ आबादी का भरण-पोषण करती है और औद्योगिक गतिविधियों को भी सहयोग प्रदान करती है। इसलिए यह अर्थव्यवस्था के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है। प्रदेश सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

टीईटी : टीजीटी और जेबीटी के एडमिट कार्ड वेबसाइट पर उपलब्ध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि टीईटी नवंबर-2026 के तहत टीजीटी (आर्ट्स) और जेबीटी विषयों की परीक्षाएं 22 नवंबर को आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि टीजीटी (आर्ट्स) की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। इसमें प्रदेश के 80 परीक्षा केंद्रों पर 14,186 अभ्यर्थी बैठेंगे। वहीं, जेबीटी की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें 61 केंद्रों पर 7,773 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। दोनों परीक्षाओं की अवधि ढाई घंटे होगी। डॉ. शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर एप्लीकेशन नंबर और जन्मतिथि के माध्यम से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए बोर्ड के दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क किया जा सकता है।

हैप्पी बर्थडे



मेहड़ा गांव के रियान ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

25 तक बिजली बिल नहीं भरा तो कटेगा कनेक्शन

अनंत ज्ञान, डरोह। विद्युत उपमंडल डरोह ने दो महीनों से लंबित करीब 59,433 रुपए के बिजली बिलों की वसूली के लिए सख्त रुख अपनाया है। विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता सुभाष कुमार ने बताया कि बार-बार सूचना देने के बावजूद बिल जमा न करने वाले 319 घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने के आदेश जारी कर दिए जाएंगे। उपभोक्ताओं को 25 नवंबर तक भुगतान की अंतिम मोहलत दी गई है। तय तिथि तक बिल न भरने पर बिना किसी पूर्व सूचना (नोटिस) के कनेक्शन काट दिए जाएंगे और दोबारा जुड़वाने के लिए बकाया राशि के साथ 250 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

दो गोल्ड मेडल हासिल करने वाली रेनू चार साल से नौकरी के लिए भटकने को मजबूर

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से एमकॉम में टॉप करने और दो गोल्ड मेडल हासिल करने वाली 32 वर्षीय रेनू देवी पिछले चार वर्षों से नौकरी के लिए सरकारी कार्यालयों और विधानसभा के चक्कर काट रही हैं। करीब 75 प्रतिशत सुनने में असमर्थ रेनू ने अपनी शारीरिक चुनौती को कभी शिक्षा और सफलता के आड़े नहीं आने दिया। उन्हें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों दो गोल्ड मेडल मिल चुके हैं, लेकिन आज तक योग्यता के अनुरूप रोजगार नहीं मिल पाया है।

धर्मशाला तहसील के योल छावनी के गांव लेसर की निवासी रेनू लगातार चार वर्षों से विधानसभा पहुंचकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के समक्ष अपनी मांग रख रही हैं। मुख्यमंत्री के अलावा वह लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और आरएस बाली से भी कई बार रोजगार की गुहार लगा चुकी हैं। हर बार उन्हें आश्वासन मिला, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ। रेनू का कहना है कि वह लगातार विभिन्न परीक्षाओं में भाग ले रही हैं और उन्हें सफलतापूर्वक उत्तीर्ण भी कर रही हैं। इसके बावजूद रोजगार नहीं मिलना निराशाजनक है। उनका सवाल है कि विश्वविद्यालय में टॉप करने और दो गोल्ड मेडल हासिल करने के बाद भी उनकी योग्यता का लाभ उन्हें कब मिलेगा। अब वह सरकार से आश्वासन के बजाय अपनी शैक्षणिक योग्यता और शारीरिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए ठोस निर्णय चाहती हैं।

दो महीने बाद भी धरातल पर नहीं उतरा एसडीएम कार्यालय परागपुर

अनंत ज्ञान

प्रवेश शर्मा, परागपुर। उपमंडल परागपुर में नया एसडीएम कार्यालय खुलने की घोषणा के दो महीने बीत जाने के बाद भी यह कार्यालय अभी तक पूरी तरह से धरातल पर उतर नहीं पाया है। क्षेत्र के लोगों को अपने प्रशासनिक कार्यों के लिए अभी भी इंतजार करना पड़ रहा है, क्योंकि कार्यालय के सुचारु संचालन के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाएं, वाहन व्यवस्था, स्टाफ और अन्य संसाधन अभी तक उपलब्ध नहीं हो पाए हैं। प्राप्त सूचना के अनुसार, कार्यालय के लिए विभिन्न श्रेणियों के नियमित एवं संविदा पदों के सृजन और प्रशासनिक स्वीकृति से संबंधित फाइलें अभी इस कार्यालय से संबंधित नहीं हैं। इसके अलावा आधिकारिक वाहनों की खरीद या आवंटन की प्रक्रिया भी अभी पूरी नहीं हुई है व वर्तमान में आवश्यकतानुसार वाहन किराए पर हायर किए जा रहे हैं।कार्यालय के लिए जरूरी फर्नीचर, आईटी उपकरण और बुनियादी स्टेशनरी का प्रबंध भी अभी होना शेष है। राजस्व रिकॉर्ड और अभिलेख के संबंध में स्थिति यह है कि फिलहाल इसके लिए विधिवत रिकॉर्ड देहरा से प्राप्त किया जाएगा। वहीं कार्यालय में लैंडलाइन फोन और हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन के साथ-साथ आम नागरिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल और प्रसाधन सुविधाओं के लिए उच्च अधिकारियों के साथ पत्राचार किया जा रहा है। वित्तीय आवंटन और इन सभी संसाधनों को पूरी तरह स्थापित कर कार्यालय को शत-प्रतिशत जनता के लिए क्रियाशील बनाने की दिशा में प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।

- बुनियादी सुविधाओं और स्टाफ का इंतजार

नया एसडीएम कार्यालय जनता की सुविधा के लिए स्थापित हो रहा है। पूर्ण संचालन हेतु आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं, बुनियादी सुविधाओं व संसाधनों की रूपरेखा पर तेजी से काम जारी है। उच्च अधिकारियों से पत्राचार कर जल्द ही सभी व्यवस्थाएं धरातल पर उतार दी जाएंगी।

-निशांत ठाकुर, एसडीएम, परागपुर।

अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति विकास निधि कानून की मांग को 20 को जोरावर स्टेडियम में होंगी रैली



अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विकास निधि कानून बनाने की मांग को लेकर स्टेट कोलेशन फॉर लेजिसलेशन ऑफ एससी/एसटी सब प्लान 20 नवंबर को धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में राज्य स्तरीय रैली करेगा। बुधवार को प्रेसवार्ता में गठबंधन के सदस्य प्रताप सिंह और सुखदेव विश्वप्रेमी ने बताया कि प्रदेशभर के सामाजिक संगठनों, कर्मचारी संगठनों और आम लोगों से रैली में शामिल होने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से इस कानून की मांग उठाई जा रही है, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने कहा कि तपोवन में विधानसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है। ऐसे में रैली के माध्यम से सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाई जाएगी, ताकि सत्र के दौरान इस मुद्दे पर कार्रवाई हो सके। कांग्रेस ने भी अपने चुनाव घोषणा पत्र में कानून बनाने का वादा किया था। गठबंधन के अनुसार फरवरी 2024 में सीएम को कानून का ड्राफ्ट बिल सौंपा जा चुका है। उन्होंने मांग की कि कर्नाटक, राजस्थान, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की तर्ज पर हिमाचल में भी विशेष कानून बनाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर दिसंबर से मार्च 2027 तक विधायकों का घेराव किया जाएगा।

युवा नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार देने वाले उद्यमी बनें : डॉ. अभिषेक जैन



अनंत ज्ञान

कोहली, शाहपुर। युवाओं को केवल नौकरी तलाशने तक सीमित न रहकर रोजगार देने वाला उद्यमी बनने की सोच विकसित करनी चाहिए। इसके लिए नवाचार और आधुनिक तकनीकी कौशल पर विशेष ध्यान देना समय की मांग है। यह बात हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव एवं तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति डॉ. अभिषेक जैन ने मंगलवार को राजीव गांधी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शाहपुर के दौरे के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों, विभिन्न प्रयोगशालाओं और आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने तथा प्रशिक्षुओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानाचार्य इंजीनियर रवि कुमार और समस्त स्टाफ के प्रयासों की सराहना की। विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद करते हुए डॉ. जैन ने युवाओं को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद आईटीआई शाहपुर आधुनिक कौशल और तकनीकी शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इससे पूर्व प्रधानाचार्य इंजीनियर रवि कुमार ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय नगरोटा बगवां के प्रधानाचार्य श्री बंसल और तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव रविंद्र शर्मा भी उपस्थित रहे।

श्रम विभाग मजदूरों के हितों पर कर रहा कुठाराघात : राकेश शर्मा

अनंत ज्ञान राकेश डोगरा, डरोह। हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार संघ के राज्य अध्यक्ष राकेश शर्मा ने श्रम विभाग पर मजदूरों के हितों की अनदेखी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने प्रेस बयान में कहा कि प्रदेश के लाखों निर्माण श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा रहा है। विभाग के अधिकारी ऐसी अधिसूचनाएं जारी कर रहे हैं, जिनका कानून में कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि लेबर सेस की वसूली में भी लापरवाही बरती जा रही है और निजी संस्थानों व भू-माफिया से निर्धारित सेस नहीं लिया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश के करीब पांच लाख पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। पालमपुर, देहरा और धर्मशाला के श्रम कार्यालयों में श्रमिकों के पांच वर्ष पुराने आवेदन लंबित पड़े हैं। वहीं, कल्याण बोर्ड के हमीरपुर स्थित मुख्य कार्यालय में करीब 800 आवेदन लंबित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हजारों श्रमिकों के मृत्यु मुआवजा, प्रसूति लाभ, चिकित्सा सहायता, बच्चों की शादी, शिक्षा सहायता और मुख्यमंत्री आवास योजना से जुड़े आवेदन रद्द किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा कांगड़ा जिले के 63 श्रमिकों के क्लेम मंजूर होने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक सहायता राशि लाभार्थियों के बैंक खातों में नहीं पहुंची है। संघ ने श्रम मंत्री से स्थिति स्पष्ट करने और मजदूरों की लंबित समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। राकेश ने चेतावनी दी कि यदि मजदूरों को उनके अधिकार नहीं मिले तो यूनियन को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।



अपर बड़ोल में 120 मीटर सड़क का निर्माण दो साल से अधूरा



अनंत ज्ञान

- लोगों ने मंत्री विक्रमादित्य से लगाई गुहार, जल्द निर्माण करवाने की उठाई मांग

ब्यूरो, धर्मशाला। नगर निगम धर्मशाला के वार्ड नंबर 12 अपर बड़ोल में सड़क का करीब 120 मीटर हिस्सा पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा है। इससे क्षेत्र के 20 से 25 परिवारों को रोजमर्रा की आवाजाही में परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुनील बरसेन के नेतृत्व में इस समस्या को लेकर लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को ज्ञापन सौंपकर सड़क का शेष निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाने की मांग उठाई है। ज्ञापन के अनुसार सड़क का करीब 100 मीटर मध्यवर्ती हिस्सा दो वर्ष पहले तैयार हो चुका है, लेकिन शुरुआती 120 मीटर हिस्से का निर्माण अब तक नहीं हुआ है। सड़क की सुविधा न होने से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। वहीं, लोगों को अपने वाहन सड़क किनारे खड़े करने पड़ रहे हैं, जिससे चोरी का खतरा भी बना रहता है। लोगों का कहना है कि वे कई बार नगर निगम के समक्ष यह मामला उठा चुके हैं, लेकिन हर बार बजट की कमी का हवाला देकर मांग टाल दी जाती है। लोगों के अनुसार, उन्हें अगले एक वर्ष तक भी सड़क निर्माण की उम्मीद नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने मंत्री से संबंधित विभाग और नगर निगम अधिकारियों को निर्देश देकर शेष 120 मीटर सड़क का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर करवाने की मांग की है।

हिमाचल के 30 युवाओं को चेन्नई में मुफ्त कोचिंग दिलवाएंगे संजय पराशर

तमिलनाडु में 98वें जीपी रेटिंग बैच की पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, धर्मशाला। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए कैप्टन संजय पराशर ने अनूठी पहल की है। इसके तहत युवाओं को पहले रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा और उसके बाद प्रशिक्षण दिया जाएगा। बुधवार को तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित एचआईएमटी कॉलेज में आयोजित 98वें जीपी रेटिंग बैच की पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पराशर ने संस्थान के साथ हिमाचल प्रदेश के 30 युवक-युवतियों को मर्चेंट नेवी की आईएमयू-सीईटी परीक्षा के लिए निशुल्क कोचिंग देने का एमओयू किया। चेन्नई में आयोजित होने वाली कोचिंग का पूरा खर्च वह स्वयं वहन करेंगे। कार्यक्रम में उनकी पत्नी एवं वीआर मैरीटाइम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की प्रबंध निदेशक सोनिका पराशर विशिष्ट अतिथि रहीं। कैप्टन पराशर ने कहा कि उनकी कंपनी वीआर मैरीटाइम में युवाओं को रोजगार की शत-प्रतिशत गारंटी दी जाएगी। पहले नौकरी सुनिश्चित होगी और उसके बाद प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को बिना किसी एजेंट या बिचौलिए के सीधे समुद्री क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाना है, ताकि वे आर्थिक शोषण और धोखाधड़ी से बच सकें। उन्होंने बताया कि भारत में समुद्री क्षेत्र में कार्यरत नाविकों की संख्या वर्तमान में करीब 3.5 लाख है, जिसके वर्ष 2030 तक 5.4 लाख होने की उम्मीद है। इससे रोजगार की व्यापक संभावनाएं बनेंगी। वह विशेष रूप से हिमाचल और जसवां-प्रागपुर के युवाओं को मर्चेंट नेवी से जोड़ने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने समुद्री करियर में मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक फिटनेस और अनुशासन को महत्वपूर्ण बताया। उल्लेखनीय है कि वीआर मैरीटाइम जनवरी 2021 से एचआईएमटी कॉलेज में जीपी रेटिंग विद्यार्थियों को प्रायोजित कर रही है। समारोह में जसवां-प्रागपुर की सूंही पंचायत के आकाश डोगरा को कक्षा प्रमुख के रूप में सम्मानित किया गया। मयंक रावत को सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण विद्यार्थी और मनोज कुमार को उपविजेता का पुरस्कार मिला।

होटलों की सीटीई-सीटीओ फीस में 150 फीसदी बढ़ोतरी वापस लेने की उठाई मांग



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला तथा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से सहमति प्रमाणपत्र (सीटीई और सीटीओ) की फीस में करीब 150 प्रतिशत वृद्धि वापस लेने की मांग की है। साथ ही पांच साल के अनिवार्य नवीनीकरण के बजाय सालाना नवीनीकरण का विकल्प बहाल करने की मांग उठाई है।

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान ने कहा कि चंबा में मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक के दौरान उन्होंने इस मामले पर विचार करने का आश्वासन दिया था, लेकिन इसके बावजूद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय होटल कारोबारियों को नोटिस जारी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, फीस पर 200 प्रतिशत दंडात्मक ब्याज लगाने और कार्रवाई की चेतावनी से छोटे होटल संचालकों में चिंता है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि सरकार के अंतिम निर्णय तक नोटिस और दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। साथ ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 20 कमरों तक के पात्र होटलों को निर्धारित पर्यावरणीय शर्तों के अधीन सहमति प्रमाणपत्र की अनिवार्यता से छूट दी जाए। हिमाचल की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर निर्भर है और छोटे होटल हजारों परिवारों की आजीविका का आधार हैं। ऐसे में कारोबारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने के बजाय नियमों और फीस को व्यावहारिक बनाया जाना चाहिए।

धारा 118 और वोट चोरी के मुद्दे पर हंगामा

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान जगत सिंह नेगी के आरोपों पर भड़का विपक्ष

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को धारा 118, कथित बेनामी जमीन सौदों, कर्ज और वोट चोरी के मुद्दों पर सदन में खूब हंगामा हुआ। भाजपा विधायकों की ओर से धारा 118 के तहत प्रदेश में करीब 500 मामलों को लेकर पूछे गए सवाल पर राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के जवाब से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। नेगी ने केंद्र सरकार पर उद्योगपतियों अंबानी और अडानी को लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए, जिस पर विपक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई।

इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण सदन में मौजूद नहीं थे। सत्ता पक्ष की ओर से उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मोर्चा संभाला, जबकि विपक्ष की अगुवाई नेता



प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने की।

नियम-67 के तहत चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेश में कथित बेनामी जमीन सौदों और धारा 118 के दुरुपयोग का मुद्दा उठाया। उन्होंने पालमपुर के बनूरी में करीब 150 कनाल जमीन की कथित धोखाधड़ी से हुई खरीद-फरोख्त का मामला उठाते हुए कहा कि संबंधित राजस्व अधिकारियों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने गगल एयरपोर्ट के समीप रछियालू में नौ लोगों द्वारा कथित फर्जी कृषक प्रमाणपत्रों के

◆ बेनामी जमीन सौदों से लेकर मेडिकल डिवाइस पार्क तक सदन में गरमाया माहौल

◆ सत्ता पक्ष-विपक्ष में तीखी नोकझोंक

आधार पर करोड़ों रुपये की जमीन खरीदने का मामला भी उठाया। परमार ने कहा कि इससे जुड़े तथ्यों को जल्द जनता के सामने लाया जाएगा। उन्होंने पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय की हजारों बीघा जमीन को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। साथ ही कांग्रेस की चुनावी गारंटियों पर निशाना साधते हुए कहा कि 28 लाख परिवारों को दिए गए भरोसे के बावजूद महिला सम्मान निधि को साढ़े तीन लाख महिलाओं तक सीमित रखने की बात की जा रही है। युवा, किसान और बागवान आज भी वादे पूरे होने का इंतजार कर रहे हैं।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के जवाब के बाद जयराम ठाकुर ने सरकार पर पलटवार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की ओर से भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाने से सरकार में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों से यह पूछा जा रहा है कि विपक्ष तक आंकड़े कैसे पहुंच रहे हैं। उन्होंने मेडिकल डिवाइस पार्क के आवंटन में पारदर्शिता पर भी सवाल उठाए।

इस पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने स्पष्ट किया कि मेडिकल डिवाइस पार्क में अभी तक किसी प्रकार का आवंटन नहीं हुआ है। भविष्य में आवंटन होने पर बाजार दर या नीलामी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। सदन में धारा 118 और जमीन सौदों से शुरू हुई बहस के बीच वोट चोरी का मुद्दा भी गरमाया रहा। दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप से सदन का राजनीतिक माहौल लगातार गर्म बना रहा।

कर्ज, स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल डिवाइस पार्क पर घिरी सरकार

विपिन परमार ने प्रदेश सरकार से कर्ज पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार की ओर से लिया जा रहा कर्ज कहां खर्च किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की संपत्तियों का गलत इस्तेमाल हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि अस्पतालों में पट्टी, सीरिंज और पैरासिटामोल जैसी सामान्य दवाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि जन औषधि योजना के तहत केंद्र से मिले 235 करोड़ रुपये में से 45 करोड़ रुपये खर्च नहीं हो पाए। टांडा मेडिकल कॉलेज में लैप्रोस्कोपिक उपकरणों के खराब पड़े होने और करोड़ों रुपये के रोबोटिक उपकरणों से आम जनता को मिल रहे लाभ पर भी सरकार से जवाब मांगा।

विदाई तय देख विपक्ष में बैठने का अभ्यास कर रही सुक्खू सरकार : जयराम ठाकुर

◆ कहा- हिमकेयर को बदनाम कर बंद करने की साजिश रच रही सरकार

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, तपोवन। हिमाचल विस के शीतकालीन सत्र के दौरान हिमकेयर योजना को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उनसे सदन में माफी मांगने की मांग की। तपोवन विधानसभा परिसर के बाहर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सदन के भीतर अमर्यादित और अनुचित शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो मुख्यमंत्री पद और विधानसभा की गरिमा के अनुरूप नहीं है।

जयराम ने कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सत्तापक्ष को अपनी विदाई का एहसास हो गया है। अगले विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। इसी कारण कांग्रेस नेता अभी से विपक्ष में बैठने और उसकी भूमिका निभाने का अभ्यास कर रहे हैं। हिमकेयर योजना पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने उन गरीब और जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने के लिए यह योजना शुरू की थी, जो आयुष्मान भारत योजना के दायरे में नहीं आते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार योजना को बदनाम कर कमजोर करने का प्रयास कर रही है। यदि इसमें कोई अनियमितता हुई है तो सरकार को निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, न कि पूरी योजना को प्रभावित करना चाहिए।

जयराम ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा हिमकेयर के तहत फर्जी मेडिकल बिलों को लेकर दिए गए बयान अनुचित हैं। ऐसे गंभीर आरोपों को तथ्यों के साथ साबित किया जाना चाहिए। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं और सरकार अपनी उपलब्धियों के बजाय राजनीतिक बयानबाजी में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को जनता के सवालों का जवाब देना होगा।

नेता प्रतिपक्ष का बसों के परीक्षण को लेकर भी सरकार पर हमला



नेता प्रतिपक्ष ने परिवहन निगम की बसों के परीक्षण और खरीद प्रक्रिया पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के जवाब को भी सवालों के घेरे में लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना परीक्षण पूरा किए बसों को सड़कों पर उतारना नियमों के विपरीत है। उन्होंने सवाल किया कि जब बसों का परीक्षण पूरा नहीं हुआ था तो उन्हें हरी झंडी दिखाकर यात्रियों के लिए कैसे शुरू किया गया? उन्होंने कहा कि सरकार जवाबदेही से बचने के बजाय बसों की खरीद और परीक्षण से जुड़े तथ्यों को सार्वजनिक करे।

भ्रष्टाचार के आरोपों पर सत्ता पक्ष-विपक्ष में तीखी बहस

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर रणधीर शर्मा ने सरकार को घेरा, जगत नेगी और अनिरुद्ध सिंह ने किया पलटवार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, तपोवन। हिमाचल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान नियम-67 के तहत भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चर्चा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए इलेक्ट्रिक बसों की खरीद, हमीरपुर बस अड्डे के निर्माण और धारा 118 के मामलों को लेकर सवाल उठाए। वहीं, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने विपक्ष के आरोपों पर पलटवार किया।



रणधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा शुरू से आरोप लगाती रही है कि भ्रष्टाचार का केंद्र मुख्यमंत्री कार्यालय है। उन्होंने हमीरपुर बस अड्डे का मामला उठाते हुए कहा कि विपक्ष को अब पता चला है कि बस अड्डे का निर्माण सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) करवा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि जब सरकार विपक्ष से भ्रष्टाचार के सबूत मांगती है तो सामने आ रहे मामलों पर जवाब क्यों नहीं देती?

रणधीर शर्मा ने इलेक्ट्रिक बसों की खरीद प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि बसें बिना ट्रायल के खरीदी गईं, लेकिन अब कई बसें खड़ी हैं और जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने बस खरीद कमेटी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि कमेटी में गैर-सरकारी सदस्यों को शामिल किया गया, जबकि परिवहन मंत्री को ही इसमें जगह नहीं दी गई। इस पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास भ्रष्टाचार से जुड़े ठोस मामले हैं तो दस्तावेजों के साथ सदन में रखे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चार्जशीट के माध्यम से जनता को गुमराह करने का प्रयास करती है।

धारा 118 पर नेगी ने कहा कि इसकी पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी है। भाजपा शासनकाल में उद्योगों के लिए दी गई जमीन पर आज तक कई जगह उद्योग स्थापित नहीं हो पाए हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार धारा 118 की अवहेलना के मामलों में कार्रवाई कर रही है। सदन में हुई इस चर्चा के दौरान भ्रष्टाचार के आरोपों के अलावा परिवहन व्यवस्था, धारा 118 और विकास कार्यों में देरी को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार तीखी बहस देखने को मिली।

धारा 118 में संशोधन कर दलालों पर लगाएंगे अंकुश : अनरुद्ध सिंह



पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि विपक्ष को उम्मीद थी कि सरकार नियम-67 के तहत लाए गए प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करेगी, लेकिन सरकार ने चर्चा के लिए इसे स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि सरकार के चार साल पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन किसी विधायक या मंत्री पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप साबित नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि सरकार धारा 118 में संशोधन करने जा रही है, ताकि इसके नाम पर सक्रिय दलालों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाने के बावजूद वह सदन में कोई ठोस दस्तावेज पेश नहीं कर पाया।

कटवाल ने अधूरे पुल और बिजली व्यवस्था पर भी सरकार को घेरा

चर्चा में भाजपा विधायक जीत राम कटवाल ने भी इलेक्ट्रिक बसों की खरीद पर सवाल उठाए। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि रिडो पुल की अप्रोच रोड के निर्माण के लिए जरूरत से ज्यादा खनन किया गया है। उन्होंने कहा कि टिहरी पुल चार साल बीतने के बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। क्षेत्र में बिजली व्यवस्था की बदहाली पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि चार साल पहले ट्रांसफार्मर लगाने के लिए बजट उपलब्ध होने के बावजूद अब तक ट्रांसफार्मर स्थापित नहीं किए गए हैं।



आरएस बाली के बाद विक्रमादित्य ने भी किया नए जिलों के गठन का विरोध

अनंत ज्ञान

◆ लोक निर्माण मंत्री बोले- शिमला जिला एक था, एक है और एक ही रहेगा

◆ जरूरत के अनुसार खुल सकते हैं नए सब-डिवीजन और कार्यालय

ब्यूरो, तपोवन। हिमाचल प्रदेश में नए जिलों के गठन को लेकर कांग्रेस के भीतर ही विरोध के स्वर उठने लगे हैं। आरएस बाली के बाद अब लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी शिमला जिले के विभाजन का विरोध किया है। उन्होंने दो टूक कहा कि शिमला जिला एक था, एक है और एक ही रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक जरूरत के अनुसार नए सब-डिवीजन और कार्यालय खोले जा सकते हैं, लेकिन जिले का विभाजन उचित नहीं है।



विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि नए जिलों के गठन को लेकर सरकार की ओर से गठित आयोग भौगोलिक परिस्थितियों, सड़क संपर्क और प्रशासनिक जरूरतों का अध्ययन कर रिपोर्ट देगा। इसके बाद ही कोई फैसला होगा। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के कार्यकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय भी नूरपुर, पालमपुर और सुंदरनगर में एडीएम स्तर के अधिकारियों की तैनाती कर प्रशासनिक सुविधाओं का विस्तार किया गया था। ऐसे में इस विषय को राजनीतिक के बजाय प्रशासनिक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए।

व्यवस्था की खामियां सुधारने पर काम करना होगा आरोप-प्रत्यारोप से कोई फायदा नहीं : अनुराधा राणा

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, तपोवन। हिमाचल विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस विधायक अनुराधा राणा ने स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर निशाना साधते हुए इसे निराधार बताया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों से सदन में केवल आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं, जिससे सदन का कीमती समय बर्बाद हो रहा है। उन्होंने स्थगन प्रस्ताव वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए।

अनुराधा राणा ने जल जीवन मिशन को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस योजना के तहत अपेक्षित काम नहीं हुआ और भ्रष्टाचार हुआ है। पाइपों के कुछ टुकड़े बांटकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है।

आर्थिक चुनौतियों पर भी रखी बात



कांग्रेस विधायक अनुराधा राणा ने कोषागार बंद होने के आरोपों पर कहा कि प्रदेश पहले से ही राजस्व घाटा अनुदान को लेकर संघर्ष कर रहा है और केंद्र से अपेक्षित धनराशि नहीं मिल रही है। ऐसे में प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए जरूरी वित्तीय प्रबंधन करना होगा। उन्होंने दोहराया कि स्थगन प्रस्ताव में कोई ठोस आधार नहीं है और इसे वापस लिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि केवल दूसरों पर आरोप लगाने से व्यवस्था में सुधार नहीं होगा, बल्कि मौजूदा खामियों को दूर करने के लिए गंभीरता से काम करना होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के व्यवस्था परिवर्तन के प्रयासों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार ने कई मामलों में सुधार की पहल की है। एक पुराने मामले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 1996 से लंबित मामले में मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता और बेहतर कानूनी पैरवी से प्रदेश को लाभ मिला है।

शीतकालीन सत्र देखने पहुंचे बाल आश्रमों के बच्चे, विस अध्यक्ष का जताया आभार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, तपोवन। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के सौजन्य से जिला कांगड़ा के विभिन्न बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले बच्चों को 17 नवंबर को तपोवन, धर्मशाला में आयोजित विधानसभा के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही को देखने का ऐतिहासिक अवसर मिला। जिला बाल कल्याण समिति कांगड़ा की ओर से अध्यक्ष का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। समिति ने कहा कि यह बच्चों के लिए एक अनूठा, प्रेरणादायक और अविस्मरणीय अनुभव रहा।

विधानसभा की कार्यवाही को साक्षात देखकर बच्चों को लोकतांत्रिक व्यवस्था, संसदीय परंपराओं, विधायी कार्यप्रणाली और शासन की प्रक्रिया को समझने का बहुमूल्य अवसर मिला। बच्चे विधानसभा में उपस्थित होकर अत्यंत प्रसन्न और उत्साहित थे। इस अनुभव ने न केवल उनमें लोकतांत्रिक जागरूकता बढ़ाई, बल्कि आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और सक्रिय नागरिकता की भावना भी विकसित की।

बाल कल्याण समिति ने कहा कि बच्चों के कल्याण, शिक्षा और सर्वांगीण विकास के प्रति अध्यक्ष महोदय का यह संवेदनशील कदम समाज की मुख्यधारा में उनके समावेश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समिति ने इस सार्थक शैक्षणिक और प्रेरणादायक अनुभव को संभव बनाने के लिए अध्यक्ष महोदय का पुन: आभार व्यक्त किया।

प्रदेश की 28 लाख महिलाओं को चार साल की गारंटी के हिसाब से 72 हजार रुपए दे सरकार : विपिन सिंह परमार

अनंत ज्ञान



◆ जोरावर स्टेडियम में महिलाओं के साथ प्रदर्शन कर विस के बाहर सरकार को जगाएगी भाजपा

ब्यूरो, तपोवन। हिमाचल प्रदेश में महिलाओं को 1500 रुपए देने की गारंटी को लेकर भाजपा ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी कर ली है। भाजपा कल महिलाओं के साथ जोरावर स्टेडियम में एकत्रित होकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करेगी। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समय-समय पर आंदोलनों के माध्यम से जनता की आवाज उठाती रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 28 लाख महिलाओं को सरकार चार साल की गारंटी के हिसाब से 72 हजार रुपए दें। मुख्यमंत्री कहते हैं कि उनका परिवार साढ़े तीन लाख महिलाओं का है, जबकि हिमाचल में करीब 28 लाख बहनें हैं। ऐसे में सरकार को सभी महिलाओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। परमार ने कहा कि भाजपा विधानसभा के भीतर और सड़कों पर उतरकर सरकार को जगाने का काम करेगी। झूठी गारंटियों के खिलाफ जनता तक आवाज पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के लिए घोषणाएं और वादे एक जिम्मेदारी होते हैं, लेकिन वर्तमान सरकार अपनी परंपराओं और वादों को पूरा करने में नाकाम रही है।

प्रदेश में नए जिलों के गठन की चर्चाओं पर विपिन परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार कभी गारंटियां पूरी करने की बात करती है तो कभी नए जिले बनाने का मुद्दा उठाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी नाकामियों से ध्यान हटाने के लिए जिला गठन का राग अलाप रही है। पहले कांग्रेस अपने विधायक दल में इस मुद्दे पर सहमति बनाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भीतर ही कई गुट बने हुए हैं और नेता अलग-अलग बयान दे रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह की ओर से शिमला को न बांटने संबंधी पोस्ट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब पार्टी के नेता ही एकमत नहीं हैं तो सरकार पहले अपना रुख स्पष्ट करे।

गारंटियों-जमीन मामलों पर पहले श्वेत पत्र लाए सरकार

मुख्यमंत्री की ओर से श्वेत पत्र लाने के लिए मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के सवाल पर विपिन परमार ने कहा कि भाजपा चाहती है कि सरकार सबसे पहले अपनी गारंटियों पर श्वेत पत्र जारी करे। इसके अलावा बेनामी संपत्तियों, कथित जाली रजिस्ट्रियों और एयरोसिटी, एयरपोर्ट व कृषि विश्वविद्यालय की जमीन से जुड़े मामलों पर भी श्वेत पत्र लाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन जमीनों की खरीद-फरोख्त के मामलों में कुछ लोगों को लाभ पहुंचाया गया है। सरकार को सार्वजनिक करना चाहिए कि किन लोगों ने कितनी जमीन और किस नाम से खरीदी है। उन्होंने कहा कि अब सरकार की ओर से मुआवजा देने की तैयारी भी की जा रही है। परमार ने इसे सुनियोजित षड्यंत्र करार देते हुए कहा कि हिमाचल की जमीन और हिमाचलियत के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश किसी की निजी विरासत नहीं, बल्कि यहां के लोगों की भूमि है।

झूठ बोल-बोलकर प्रदेश को डुबो रही सरकार, हिमाचल को बचाने के लिए मिलकर करनी होगी तैयारी : प्रकाश राणा

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, तपोवन। हिमाचल विधानसभा के शीतकालीन सत्र में स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायक प्रकाश राणा ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला। इस दौरान सत्ता पक्ष के कांग्रेस विधायकों और प्रकाश राणा के बीच खूब नोकझोंक हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक तरफ आर्थिक तंगी का रोना रो रही है, वहीं दूसरी तरफ झूठे दावे कर प्रदेश को कर्ज के बोझ तले दबा रही है।

प्रकाश राणा ने कहा कि प्रदेश में मांग-मांगकर सरकार चलाई जा रही है। जब कर्मचारियों की देनदारियां चुकाने का समय आया है और न्यायालय ने भी इस संबंध में आदेश दिए हैं, तो सरकार को कर्ज लेकर कर्मचारियों के हक देने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश पहले ही करीब 40 हजार करोड़ रुपये का कर्ज ले चुका है, ऐसे में कर्मचारियों की देनदारियां चुकाने के लिए और कर्ज लेना पड़े तो सरकार को पीछे नहीं हटना चाहिए।

वेतन, पेंशन और ब्याज ही हिमाचल के सबसे बड़े मुद्दे, धरातल पर कहां दिख रहा विकास



बिजली परियोजनाओं पर चर्चा करते हुए प्रकाश राणा ने कहा कि केवल झूठ बोलने से प्रदेश की तरक्की नहीं होगी। सरकार विकास करवाने के दावे कर रही है, लेकिन धरातल पर विकास कहां नजर आ रहा है? उन्होंने कहा कि हिमाचल के सामने सबसे बड़े मुद्दे वेतन, पेंशन और कर्ज पर लगने वाला ब्याज हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान का रोना रोने से प्रदेश की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। हिमाचल को बचाने के लिए सभी को मिलकर गंभीरता से प्रयास करने होंगे। प्रकाश राणा ने कहा कि कर्मचारियों को उनके अधिकार मिलने चाहिए और प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। हिमाचल की बेहतरी में ही प्रदेशवासियों का हित जुड़ा हुआ है।

मुलाकात विधानसभा की कार्यवाही देखकर उत्साहित हुए चुवाड़ी-मनहोता के विद्यार्थी, स्पीकर पठानिया से की मुलाकात

संसदीय प्रणाली व स्पीकर के चुनाव की प्रक्रिया से रूबरू हुए छात्र

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, तपोवन। राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनहोता, भटियात के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को तपोवन विधानसभा में चल रहे हिमाचल प्रदेश की 14वीं विधानसभा के 13वें सत्र की कार्यवाही देखी। इसके बाद विद्यार्थियों ने विधानसभा परिसर के गेट नंबर दो पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विद्यार्थियों ने संसदीय प्रणाली, विधानसभा की कार्यप्रणाली और विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे।

विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों के सवालों के सिलसिलेवार जवाब देते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था और संसदीय प्रणाली की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत की संसदीय व्यवस्था संघीय ढांचे पर आधारित है, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर



सरकारें कार्य करती हैं। देश में बहुदलीय प्रणाली प्रचलित है और विभिन्न राजनीतिक दल चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारते हैं। जनता मतदान के माध्यम से अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करती है। उन्होंने बताया कि विधानसभा के सत्र के दौरान विधायक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं और जनहित के मुद्दों को प्रश्नों तथा विभिन्न संसदीय नियमों के तहत सदन में उठाते हैं। सरकार इन सवालों का जवाब देती है। कई बार सदस्य सरकार के जवाब से संतुष्ट होते हैं, जबकि कई बार वे अपनी असहमति भी व्यक्त करते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को स्पीकर के चुनाव की प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव विधानसभा के सदस्य करते हैं। चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत सदन के सबसे वरिष्ठ सदस्य को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करके होती है। इसके बाद स्पीकर पद के लिए उम्मीदवारों के नामांकन किए जाते हैं। यदि एक ही उम्मीदवार मैदान में हो तो उसे निर्विरोध चुन लिया जाता है। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर मतदान करवाया जाता है और सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाला उम्मीदवार स्पीकर बनता है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने स्वयं भी विद्यार्थियों से लोकतांत्रिक प्रणाली, संविधान और हिमाचल प्रदेश विधानसभा के इतिहास से जुड़े प्रश्न पूछे। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक जवाब देने का प्रयास किया। उन्होंने सदन की कार्यवाही के दौरान देखी गई गतिविधियों और अपने अनुभवों को भी साझा किया। विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को सदन की कार्यवाही को नजदीक से देखने के लिए आमंत्रित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली की जानकारी होनी चाहिए।

68 विधायकों से होता है विधानसभा का गठन

पठानिया ने विद्यार्थियों को बताया कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा में कुल 68 सीटें हैं। जिस राजनीतिक दल को 35 या उससे अधिक सीटें मिलती हैं, वह बहुमत के आधार पर सरकार का गठन करता है। इसके बाद मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शामिल कर मंत्रिमंडल बनाया जाता है। मुख्यमंत्री सरकार का मुखिया होता है और राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सलाह के अनुसार कार्य करते हैं।

न्यूज ब्रीफ

बिलीकलेश्वर महादेव मंदिर के विकास कार्य जल्द शुरू करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। बिलीकलेश्वर महादेव सुधार सभा बटाहली की बैठक में मंदिर के विकास, महाशिवरात्रि आयोजन और शिव धाम से जुड़ी मांगों पर चर्चा की गई। सभा ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा मंदिर के लिए की गई घोषणाओं पर आभार जताया। बैठक में मंदिर परिसर के सुधार, पेयजल, स्वच्छता, श्रद्धालुओं की सुविधा और संपर्क मार्ग को बेहतर बनाने की मांग उठाई गई। साथ ही शिव धाम के नामकरण और मंदिर के ऐतिहासिक स्वरूप को सुरक्षित रखने का आग्रह किया गया। सभा ने सरकार से विकास कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र लागू करने की मांग की।

चुनावी गारंटियों को लेकर विस का घेराव करेगी 'आप'

अनंत ज्ञान, भोरंज। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार की चुनावी गारंटियों को लेकर आम आदमी पार्टी 20 नवंबर को धर्मशाला में विधानसभा का घेराव करेगी। प्रदर्शन का नेतृत्व दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया करेंगे। पार्टी का आरोप है कि कांग्रेस ने महिलाओं को 1500 रुपए मासिक देने, युवाओं को रोजगार और कर्मचारियों के हितों की रक्षा जैसे वादे पूरे नहीं किए हैं। हमीरपुर लोकसभा प्रभारी छाया तिवारी ने कहा कि जनता अपने अधिकारों की मांग कर रही है। डॉ. सुमित पुन्याल के अनुसार, हमीरपुर जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल होंगे

मतदाता जागरुकता स्पर्धा में प्रियंका प्रथम



अनंत ज्ञान, सुजानपुर। भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित खंड स्तरीय प्रतियोगिता में राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा की छात्रा प्रियंका ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में सुजानपुर खंड के 21 शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं करवाई गईं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने प्रियंका को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदान के महत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं। नोडल अधिकारी प्रो. राजीव ठाकुर और प्रो. वंदना सूद ने भी छात्रा को शुभकामनाएं दीं।

भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के वार्षिक समारोह में मेधावी किए सम्मानित



अनंत ज्ञान, नादौन। भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ. विश्व मोहन कटोच ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। छात्रों ने पंजाबी, पहाड़ी, राजस्थानी और हरियाणवी नृत्य सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ड्रोन शो भी आकर्षण का केंद्र रहा। प्रिंसीपल आरती कटोच ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। बोर्ड परीक्षाओं में अंशुल, अंकिता और इशिका सहित मेधावी विद्यार्थियों को सराहा गया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई और खेलों में आगे बढ़ने तथा नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 50 पदों के लिए साक्षात्कार 25 को

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए, हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 50 पदों के लिए 25 नवंबर को उप रोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि 19 से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। दसवीं फेल, पास या इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता तथा न्यूनतम 168 सेंटीमीटर लंबाई वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 19 से 24 हजार रुपये मासिक वेतन मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी मूल प्रमाणपत्रों और हिमाचली प्रमाणपत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

भाजपा टिकट वितरण में बाहरी लोगों की पैरवी करना उचित नहीं: अभय वीर सिंह

अनंत ज्ञान, भोरंज। भाजपा समीरपुर मंडल अध्यक्ष अभय वीर सिंह लवली ने कहा कि विधानसभा चुनाव के टिकट वितरण का अधिकार पार्टी संगठन और केंद्रीय नेतृत्व का है। उन्होंने पवन कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि टिकट के दावेदारों को पार्टी की निर्धारित प्रक्रिया अपनानी चाहिए। लवली ने भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर का समर्थन करते हुए कहा कि समीरपुर मंडल उनके साथ मजबूती से खड़ा है। कार्यकर्ता निष्ठावान संगठनात्मक कार्यकर्ता को टिकट देने के पक्ष में हैं।

115 किसानों से खरीदी 108.20 क्विंटल फसल

अनंत ज्ञान, नादौन। राजीव गांधी प्राकृतिक खेती योजना के तहत जिला हमीरपुर में मक्की की खरीद शुरू हो गई है। नादौन में मंगलवार को 115 किसानों से 108.20 क्विंटल मक्की 50 रुपये प्रति किलोग्राम समर्थन मूल्य पर खरीदी गई। आतमा परियोजना के निदेशक राकेश धीमान ने बताया कि इसमें नादौन के 65 किसानों से 93.90 क्विंटल और सुजानपुर के 50 किसानों से 14.30 क्विंटल मक्की खरीदी गई। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी।

युवाओं से मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की अपील

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला निर्वाचन कार्यालय ने बुधवार को हमीरपुर के शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल स्कूल में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के करीब 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने युवाओं से मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने और मतदान में भाग लेने की अपील की। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतंत्र और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया।

चार साल से सिर्फ मिल रहे आश्वासन अब आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे पेंशनर्स

पेंशनभोगियों का गांधी चौक में तीसरे दिन भी धरना जारी, आज करेंगे विधानसभा का घेराव

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। हिमाचल पेंशनभोगी संयुक्त संघर्ष समिति जिला इकाई हमीरपुर के विभिन्न अठारह संगठनों के कार्यकर्ता तीसरे दिन भी गांधी चौक हमीरपुर में एकत्र हुए। परिवहन निगम पेंशनभोगियों के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर की अध्यक्षता में कार्यकर्ता धरने पर बैठे रहे।

धरने में परिवहन निगम से शिव कुमार, सरो देवी, कांता देवी, हरनाम, कुलवंत, पवन, नंद लाल, सुखदेव, रघुवीर सिंह, बलवीर ठाकुर, प्रताप सिंह, रणजीत, सगली, ओम प्रकाश, रूप लाल, रुको देवी, राज कुमारी, पुष्पा देवी, अशोक शर्मा सहित उन्नीस कार्यकर्ता शामिल रहे। अजमेर ने कहा कि सरकार चार वर्षों से पेंशनभोगी समाज के साथ करोड़ों रुपये की देनदारियां देने के लिए



बार-बार आश्वासन देकर ठगने का काम कर रही है, जिसे हिमाचल का एक लाख नब्बे हजार पेंशनभोगी कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। 2023 से लेकर आज तक कई बार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलकर सत्रह सूत्री मांग पत्र देकर गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि अब आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए बुजुर्ग पेंशनभोगियों ने कमर कस ली है। अगर सरकार एक जनवरी दो हजार सोलह से संशोधित पेंशन का बकाया, महंगाई भत्ते का 13 प्रतिशत, परिवहन निगम पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते के 18 प्रतिशत का बकाया, पैंसठ-सत्तर-पचहत्तर वर्ष के पेंशनभोगियों के पांच-दस-पंद्रह प्रतिशत का बकाया, दो विशेष वेतन वृद्धि का बकाया, उपदान, छुट्टी नकदीकरण, राशिकरण सहित सभी देनदारियां देने के लिए वार्ता के लिए नहीं बुलाती है, तो उन्नीस नवंबर दो हजार छब्बीस को हजारों पेंशनभोगी धर्मशाला के जोरावर मैदान में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर के नेतृत्व में विशाल सभा करके विधानसभा का घेराव करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार फिर भी वार्ता के लिए नहीं बुलाती है, तो हिमाचल का पेंशनभोगी समाज अपने परिवार सहित शिमला सचिवालय में अनिश्चितकाल के लिए धरने पर बैठने को मजबूर होगा।

इस आर-पार की लड़ाई में किसी बुजुर्ग पेंशनभोगी के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो उसकी सारी जिम्मेदारी हिमाचल प्रदेश सरकार की होगी। धरने में संयुक्त संघर्ष समिति जिला इकाई हमीरपुर के संयोजक मनोहर लाल ठाकुर, सचिव यशवीर सिंह, होशियार सिंह, शतीष कुमार, शक्ति चंद, ब्रह्म दास, रिखी राम, भंगू राम, इकबाल, रूप लाल, रघुनाथ, प्रकाश, योग राज, बलराज आदि पेंशनभोगियों ने भाग लिया।

भोरंज की सड़कों पर घूमने के बजाए अपनी उपलब्धियां बताएं अनुराग : सुरेश

अनंत ज्ञान

- सांसद को दी भोरंज के विकास पर तथ्यों व दस्तावेजों के साथ किसी भी मंच पर बहस की चुनौती

ब्यूरो, हमीरपुर। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने सांसद अनुराग ठाकुर पर भोरंज की सड़कों के निर्माण का श्रेय लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें घूम-घूमकर बन रही सड़कों का श्रेय लेने के बजाय पिछले 20 वर्षों में क्षेत्र के लिए किए गए कार्यों का हिसाब जनता को देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अनुराग ठाकुर ने अब तक भोरंज के लिए 3 करोड़ 79 लाख 85 हजार 163 रुपए की राशि दी है, जबकि प्रदेश सरकार ने पिछले चार वर्षों में क्षेत्र के विकास पर 550 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

सुरेश कुमार ने कहा कि 35 वर्षों तक क्षेत्र में भाजपा के विधायक और सांसद रहे, लेकिन उस दौरान ये सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत क्यों नहीं बन पाईं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना के लिए सड़कों का चयन राज्य सरकार विधायक प्राथमिकता के आधार पर करती है। उन्होंने कहा कि भोरंज में सभी सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है और 26 नई सड़कें बनाई जा रही हैं। विधायक ने अनुराग ठाकुर से जाहू में हवाई अड्डा, हमीरपुर में रेल मार्ग, भोरंज में केंद्रीय विद्यालय और शहीद स्मारक जैसे कार्यों के लिए प्रयास करने की मांग की।

उन्होंने बताया कि दो महीने पहले सांसद को पत्र लिखकर शहीद स्मारक के लिए सांसद निधि से राशि मांगी थी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि सांसद सहयोग करें या न करें, विधायक निधि से शहीद स्मारक बनाया जाएगा। सुरेश कुमार ने भाजपा नेताओं और सांसद को भोरंज के विकास पर तथ्यों व दस्तावेजों के साथ किसी भी मंच पर सार्वजनिक बहस की चुनौती दी।

जोड़े अम्ब स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



अनंत ज्ञान

बड़सर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जोड़े अम्ब में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में सुभाष ठटवालिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरदेव सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर मुख्य अतिथि सुभाष ठटवालिया ने विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए 5,100 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता की सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाने और उनकी प्रतिभा निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा, विपन ठटवालिया, पवन शर्मा, नीना ठाकुर, किशोरी, अजय शर्मा, राजेंद्र, कुलदीप डोगरा, कैप्टन केवल कृष्ण शर्मा, शमशेर चंद शर्मा, कर्म चंद, रविंदर ठाकुर, राजेश कुमार और पंचायत प्रधान पवन आदि मौजूद रहे।

कक्कड़ गांव में हार्डवेयर स्टोर में लगी आग, 20 लाख का नुकसान

अनंत ज्ञान

भोरंज। उपमंडल भोरंज के कक्कड़ गांव में बुधवार दोपहर एक हार्डवेयर स्टोर में अचानक आग लगने से करीब 20 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। आग की यह घटना दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे के आसपास हुई। आग बिशन सिंह पुत्र प्रेम चंद निवासी कक्कड़ के हार्डवेयर स्टोर में लगी। देखते ही देखते आग ने स्टोर में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां रखा सामान जलकर राख हो गया।

आग लगने की घटना का पता चलते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया और इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तथा आग बुझाने के कार्य में जुट गई। दमकल कर्मियों ने काफी प्रयासों से आग पर काबू पाने में सहायता की। हालांकि, तब तक स्टोर में रखे सामान को काफी नुकसान पहुंच चुका था। जानकारी मिलने ही पंचायत प्रधान जुल्मी देवी शर्मा भी मौके पर पहुंचीं व उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया। प्रधान जुल्मी देवी



शर्मा ने बताया कि हार्डवेयर स्टोर में आग लगने से लगभग 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। स्टोर में रखा विभिन्न प्रकार का सामान आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गया है। इस घटना से प्रभावित दुकानदार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं, पटवार हल्का कक्कड़ के पटवारी रविंद्र कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर आग से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लेकर नुकसान का आकलन किया तथा रिपोर्ट तैयार कर आगामी कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेज दी है।

भाजपा पर श्वेत पत्र लाने से पहले अपना चार साल का हिसाब दे कांग्रेस सरकार : राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। भाजपा के खिलाफ श्वेत पत्र लाने के कांग्रेस सरकार के फैसले पर प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सरकार को भाजपा के खिलाफ श्वेत पत्र लाने से पहले अपने चार साल के कार्यकाल का हिसाब जनता के सामने रखना चाहिए। सरकार का चार साल का रिकॉर्ड ही उसकी असलियत उजागर कर रहा है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार मित्र मोह का चश्मा उतारकर विकास, रोजगार और अन्य क्षेत्रों में काम करे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लगातार कर्ज ले रही है, जबकि विकास कार्य ठप पड़े हैं। मुख्यमंत्री का ध्यान जनता से किए वादे पूरे करने के बजाय केंद्र और भाजपा पर आरोप लगाने में लगा है। प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि 1200 जेबीटी पद भरने की बात की जा रही है, जबकि 25 हजार रुपए मासिक मानदेय पर केवल 10 महीने के लिए शिक्षकों की नियुक्ति की व्यवस्था की जा रही है। इससे बेरोजगार युवाओं के हित प्रभावित होंगे। राणा ने आरोप लगाया कि चिकित्सा महाविद्यालय और नगर निगम सहित विभिन्न स्थानों पर बाहरी स्रोत से होने वाली भर्तियों में नादौन क्षेत्र के लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है।

22 से शुरू होगा विश्व हिंदू परिषद का हित चिंतक अभियान : सुरजीत

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। विश्व हिंदू परिषद जिला हमीरपुर के जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि हिंदू समाज अपने ही देश में विभिन्न प्रकार की चुनौतियों और षड्यंत्रों से घिरा हुआ है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दो से तीन दशकों में देश में मुस्लिम और ईसाई आबादी में हुई कथित आश्चर्यजनक वृद्धि के पीछे संगठित धर्मांतरण की भूमिका हो सकती है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को ऐसी गतिविधियों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। समाज को इन चुनौतियों से बचाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए सजग हिंदुओं को विश्व हिंदू परिषद के साथ जुड़कर सहयोग करना चाहिए।

सुरजीत ठाकुर ने बताया कि इसी उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद की ओर से देशभर में हित चिंतक अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 22 नवंबर 2026 से 6 दिसंबर 2026 तक आयोजित होगा। कुल 15 दिनों तक चलने वाला यह अभियान प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल पर आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि हित चिंतक अभियान का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज के अधिक से अधिक परिवारों और नागरिकों तक विश्व हिंदू परिषद के उद्देश्यों, विचारों, कार्यों और गतिविधियों की जानकारी



पहुंचाना तथा इच्छुक लोगों को संगठन से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संपर्क स्थापित करेंगे और लोगों को संगठन के सेवा कार्यों, सामाजिक गतिविधियों एवं सांस्कृतिक उद्देश्यों से परिचित करवाएंगे। इसके माध्यम से समाज में आपसी सहयोग, एकता और जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। ठाकुर ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के लोगों से भी अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त करने और सहयोग देने की अपील की। उन्होंने बताया कि अभियान में सहयोग करने के इच्छुक लोग पंकज शर्मा (9418001291), सुरजीत ठाकुर (9882323273) और अश्वनी शर्मा (7018344251) से संपर्क कर सकते हैं।

बरोहा में टीसीपी के नियमों के उल्लंघन पर 2 लोगों को नोटिस

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। तहसील हमीरपुर के तहत राजस्व मुहाल बरोहा में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों का उल्लंघन करते हुए निर्माण करने पर 2 लोगों को नगर निगम हमीरपुर की ओर से दोबारा नोटिस जारी किए गए हैं।

इन लोगों को नगर निगम के आयुक्त की ओर से 3 सितंबर को हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 की उपधारा-1 के तहत जारी नोटिस में अवैध निर्माण कार्यों को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन, इन नोटिस की अनुपालना न होने के बाद अब आयुक्त ने हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 की उपधारा-2 के तहत दोबारा नोटिस जारी करते हुए निर्माण कार्यों को तुरंत बंद करने और अवैध निर्माण को हटाने के निर्देश दिए हैं। नोटिस की अनुपालना न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

सोनिया गांधी की जीवनी 'बिलॉन्गिंग' घर-घर पहुंचाने की तैयारी, राजेश बन्याल ने मंगवाई पुस्तक



अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के जीवन पर आधारित पुस्तक 'BELONGINGÑ A JOURNEY OF LOVE' इन दिनों चर्चा में है। इसी कड़ी में हिमुडा के डायरेक्टर इंजीनियर राजेश बन्याल ने भी यह पुस्तक मंगवाई है। उनका प्रयास है कि पुस्तक को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि लोग सोनिया गांधी के जीवन, संघर्ष और राजनीतिक सफर से परिचित हो सकें। इंजीनियर राजेश बन्याल ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से पाठकों को सोनिया गांधी के व्यक्तिगत जीवन, पारिवारिक पृष्ठभूमि, राजनीतिक सफर और सार्वजनिक जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक व्यक्तित्वों के जीवन और उनके योगदान को समझने के लिए उनके विचारों और संघर्षों को पढ़ना जरूरी है।

उन्होंने पुस्तक को लोगों तक पहुंचाने की पहल को कांग्रेस की विचारधारा और संगठन से जुड़े संवाद का माध्यम बताया। उनका मानना है कि लोग स्वयं पुस्तक पढ़कर सोनिया गांधी के जीवन और राजनीतिक योगदान का मूल्यांकन कर सकेंगे। पुस्तक हाथों में लेकर राजेश बन्याल की तस्वीरें भी राजनीतिक और सामाजिक जीवन में पढ़ने की परंपरा को बढ़ावा देने की इस पहल को दर्शा रही हैं।

राहुल गांधी झूठ बोलकर सुर्खियों में रहना चाहते हैं : अनुराग

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कोलंबिया यूनिवर्सिटी में भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी को भारतीय अर्थव्यवस्था की समझ नहीं है और वे झूठे बयान देकर सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं। प्रेस वार्ता में अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने अप्रैल-जून 2026 की जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत और अक्टूबर 2026 के जीएसटी संग्रह के 2.31 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी 717 अरब डॉलर से अधिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेशों में भारत की छवि खराब करने का प्रयास करते हैं और देश के विकास पर नकारात्मक बयान देते हैं। उन्होंने राहुल गांधी की विदेशी यात्राओं और उनके बयानों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति को नकारने के बजाय विपक्ष को देश के विकास में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

ग्रेच्युटी और लीव-एनकैशमेंट का बकाया जल्द जारी करे सरकार

अनंत ज्ञान

- भोरंज में पेंशनर्स संघ ने की बैठक, लंबित वित्तीय लाभों पर हुई चर्चा
- लंबित देनदारियों के भुगतान को लेकर कल सीएम से संघ

भोरंज। हिम आंचल पेंशनर्स संघ की भोरंज खंड इकाई की बैठक बुधवार को सर्वेश्वर महादेव मंदिर गरसाड़ में खंड प्रधान राज कुमार पटियाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनरों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। खंड महासचिव हंस राज ने उपस्थित सदस्यों को बैठक के एजेंडे और खंड में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी।

बैठक में वक्ताओं ने पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता जारी करने के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। साथ ही जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों की लंबित ग्रेच्युटी और लीव एनकैशमेंट का भुगतान करने तथा लंबित चिकित्सा बिलों की अदायगी के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध करवाने की मांग उठाई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष केसी गौतम ने कहा कि पेंशनरों की लंबित वित्तीय देनदारियों के भुगतान के लिए संघ लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री से समय-समय पर हुई बैठकों के माध्यम से संशोधित पेंशन एरियर, श्रेणी-4 के पेंशनरों की ग्रेच्युटी व लीव एनकैशमेंट तथा चिकित्सा बिलों के भुगतान के लिए बजट सहित विभिन्न आर्थिक लाभ प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को संघ पदाधिकारियों की मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा परिसर धर्मशाला में एक और बैठक प्रस्तावित है, जिसमें लंबित वित्तीय मांगों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में दिवंगत पेंशनर साथियों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान बलदेव दास शर्मा, विचित्र सिंह ठाकुर, लेख राम कौशल, प्रेम चंद माहिर, अशोक कुमार शर्मा सहित अनेक पेंशनर उपस्थित रहे।

सीएम की बड़सर कॉलेज में एमए की कक्षाएं शुरू करने की घोषणा हकीकत से कोसों दूर: इंद्रदत्त

अनंत ज्ञान, बड़सर। बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में राजकीय महाविद्यालय बड़सर में एमए की कक्षाएं शुरू करने और शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से मुख्यमंत्री की घोषणा को जल्द अमलीजामा पहनाने की मांग की। लखनपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बड़सर कॉलेज में एमए की कक्षाएं जल्द शुरू करने की घोषणा की गई थी, लेकिन अभी तक धरातल पर कोई ठोस कदम दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में शिक्षा मंत्री की ओर से दिए गए जवाब से स्पष्ट हुआ है कि महाविद्यालय में शिक्षकों के कई पद खाली पड़े हैं। विधायक ने सवाल उठाया कि जब कॉलेज में पर्याप्त शिक्षक ही उपलब्ध नहीं होंगे, तो विद्यार्थियों की संख्या कैसे बढ़ेगी और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मिल पाएगी? उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कमी का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ता है। लखनपाल ने सरकार से मांग की कि महाविद्यालय में रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाए और मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप एमए की कक्षाएं शीघ्र शुरू की जाएं।



एम्स जैसी सुविधाओं से लैस होगा मेडिकल कॉलेज हमीरपुर : बिट्टू

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने बुधवार को हमीरपुर की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था वरिष्ठ नागरिक परिषद की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। बैठक में वरिष्ठ नागरिक परिषद के अध्यक्ष भगवान दास शास्त्री और अन्य पदाधिकारियों ने डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं के प्रावधान के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया।

बिट्टू ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस चिकित्सा महाविद्यालय में सहायक स्वास्थ्य सेवा महाविद्यालय, परिचर्या महाविद्यालय, दंत महाविद्यालय, एक अलग माता-शिशु अस्पताल और कैंसर देखभाल संस्थान का भी प्रावधान किया है। इसके अलावा विशेष जांच, यंत्र आधारित शल्य चिकित्सा और नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के स्तर की कई अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं एवं उपकरणों की व्यवस्था भी की है।



हमीरपुर की वरिष्ठ नागरिक परिषद है जनसेवा की मिसाल

वरिष्ठ नागरिक परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि इस संस्था ने अपने जनसेवा के कार्यों से एक अलग मिसाल कायम की है। विशेषकर, हमीरपुर के अस्पताल में प्रतिदिन आने वाले सैकड़ों रोगियों और उनके तीमारदारों के लिए यह संस्था बहुत बड़ा सहारा साबित हो रही है। इनके अलावा अन्य जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए भी यह संस्था सदैव आगे रहती है। इस अवसर पर उन्होंने परिषद की ओर से चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल को पहिया कुर्सियां और उठाऊ शय्या भी भेंट की।

इससे यह चिकित्सा महाविद्यालय केवल हमीरपुर जिला ही नहीं, बल्कि प्रदेशभर के रोगियों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाएगा और यह उत्तर भारत के उत्कृष्ट चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षण संस्थानों में अपनी जगह बनाएगा। ऐतिहासिक निर्णयों के लिए सुनील शर्मा बिट्टू ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष भगवान दास शास्त्री, अन्य पदाधिकारी विजय पुरी, राकेश पुरी, दीप चंद शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, कुलदीप शर्मा, कुलदीप कमल, संस्था के सदस्य, कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष अजय, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शहनशाह, राजेश आनंद, मनोज, राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

श्री देव कमरूनाग मंदिर के फाटक 21 नवंबर से होंगे बंद : एसडीएम

अनंत ज्ञान

गोहर। उपमंडलाधिकारी (ना.) गोहर, देवीराम ने आज यहां बताया कि आगामी शीतकालीन मौसम के दौरान उपमंडल गोहर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अत्यधिक ठंड एवं भारी बर्फबारी होने की संभावना है। विशेषकर श्री देव कमरूनाग मंदिर क्षेत्र तथा देवीदढ़ से शिकारी देवी की ओर जाने वाले मार्ग पर बर्फबारी के कारण रास्ते अवरुद्ध होने, अत्यधिक फिसलन एवं दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

उन्होंने बताया कि इन दुर्गम क्षेत्रों में प्रतिकूल मौसम के दौरान आवागमन करना जान-माल की सुरक्षा के दृष्टिगत अत्यंत जोखिमपूर्ण है। इसके दृष्टिगत आम जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्णय लिया गया है कि 21 नवंबर, 2026 से श्री देव कमरूनाग मंदिर का फाटक आगामी आदेशों तक पूर्ण रूप से बंद रहेगा। साथ ही देवीदढ़ से शिकारी देवी की ओर जाने वाले मार्ग पर भी आम जनता, श्रद्धालुओं, पर्यटकों/ट्रैकर्स

◆ बर्फबारी संभावित ऊपरी क्षेत्रों में जाने से करें परहेज

बाहरी क्षेत्रों से आने वाले एवं अन्य व्यक्तियों की आवाजाही पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। किसी भी व्यक्ति को उक्त प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

उन्होंने समस्त स्थानीय निवासियों, श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं ट्रैकर्स से अनुरोध किया है कि वे प्रशासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें तथा इन क्षेत्रों की यात्रा करने से यथासंभव बचें। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायतों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, होटल संचालकों एवं टैक्सी ऑपरेटरों से भी आग्रह किया है कि इस सूचना को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई पर्यटक, ट्रैकर अथवा स्थानीय निवासी प्रतिबंधित मार्गों में प्रवेश कर आदेशों की अवहेलना करता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।

नौलखा में फुटब्रिज निर्माण पर भड़के लोग, जांच की मांग तेज

संपर्क मार्ग से दूर बनाया फुटब्रिज, विद्यालय की भूमि प्रभावित होने पर भी जताई नाराजगी

अनंत ज्ञान

चंदन चंदेल, बग्गी। नौलखा में सर्विस रोड पर बनाए गए फुटब्रिज को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों ने फुटब्रिज के निर्माण के लिए चुने गए स्थान पर सवाल उठाते हुए इसकी उपयोगिता पर भी आपत्ति जताई है। लोगों का कहना है कि जिस जगह पर फुटब्रिज का निर्माण किया गया है, वहां इसकी कोई विशेष आवश्यकता नहीं थी। इसके बावजूद सरकारी धन खर्च कर यहां फुटब्रिज बना दिया गया, जबकि जिस संपर्क मार्ग को जोड़ने के लिए इसकी जरूरत थी, वह इस स्थान से काफी आगे स्थित है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, फुटब्रिज का निर्माण वास्तविक संपर्क



◆ स्थानीय लोगों ने निर्माण स्थल के चयन और उपयोगिता की निष्पक्ष जांच करवाने की उठाई मांग, विभाग से मांगा जवाब

मार्ग को ध्यान में रखकर नहीं किया गया है। ऐसे में इसका उद्देश्य और आम लोगों को मिलने वाली सुविधा को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। लोगों का कहना है कि यदि फुटब्रिज का निर्माण उसी स्थान पर किया जाता, जहां से वास्तव में लोगों को सड़क पार करने और संपर्क मार्ग तक पहुंचने की जरूरत है, तो इसका अधिक लाभ मिल सकता था। लेकिन मौजूदा स्थान के चयन से लोगों की मूल समस्या का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है।

क्षेत्रवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि फुटब्रिज के निर्माण से नौलखा स्थित विद्यालय की भूमि का कुछ हिस्सा प्रभावित हुआ है। निर्माण के चलते स्कूल के उपलब्ध परिसर पर भी असर पड़ा है। लोगों का कहना है कि किसी भी सार्वजनिक निर्माण कार्य को शुरू करने से पहले स्थानीय जरूरतों, संबंधित संस्थान की भूमि और भविष्य में होने वाले प्रभावों का आकलन किया जाना चाहिए था।

स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि फुटब्रिज के निर्माण स्थल के चयन, इसकी उपयोगिता और विद्यालय की भूमि पर पड़े प्रभाव की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। साथ ही विभाग यह भी स्पष्ट करे कि वास्तविक संपर्क मार्ग से दूर इस स्थान पर फुटब्रिज बनाने का निर्णय किस आधार पर लिया गया। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि उनकी आपत्तियों को गंभीरता से लेकर उचित समाधान किया जाए।

एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष अनित ने की कांग्रेस महासचिव दीपक से मुलाकात

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, मंडी। एनएसयूआई के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष अनित जसवाल ने बुधवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक शर्मा से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच संगठनात्मक गतिविधियों, छात्र राजनीति और युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

दीपक शर्मा ने अनित जसवाल को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में एनएसयूआई छात्र हितों की आवाज को मजबूती से उठाएगी। उन्होंने कहा कि छात्र राजनीति केवल पद और प्रतिष्ठा का माध्यम नहीं, बल्कि संघर्ष, विचारधारा, नेतृत्व निर्माण और जनसेवा की पहली पाठशाला है। एनएसयूआई की संघर्षशील परंपरा को आगे बढ़ाते हुए युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और छात्र अधिकारों के प्रति जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, संगठन के प्रति समर्पण और संघर्ष की भावना किसी भी राजनीतिक संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्हें विश्वास है कि अनित जसवाल के नेतृत्व में एनएसयूआई नई ऊर्जा के साथ विद्यार्थियों की समस्याओं को उठाएगी और संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि संघर्ष की विरासत, युवाओं का विश्वास और बदलाव का संकल्प ही संगठन की असली ताकत है।

न्यूज ब्रीफ

छात्तर में कानूनी अधिकारों की जानकारी दी



अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। ग्राम पंचायत छात्तर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी के निर्देशानुसार विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 9 से 15 नवंबर तक आयोजित सप्ताव्यापी विधिक सेवा दिवस समारोह के तहत लगाया गया। शिविर में अधिवक्ता अनीता चंदेल ने संसाधन व्यक्ति के रूप में शिरकत की। उन्होंने उपस्थित लोगों को विभिन्न कानूनी अधिकारों, विधिक सेवाओं और जागरूकता संबंधी गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लोगों को विधिक सेवाओं का लाभ उठाने के प्रति जागरूक भी किया। शिविर में कुल 35 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

रजवाड़ी में आज लगेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

अनंत ज्ञान, महादेव। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) रजवाड़ी की ओर से 19 नवंबर को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर राजकीय प्राथमिक विद्यालय कांगर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। शिविर में क्षेत्रवासियों के रक्तचाप (बीपी) और रक्त शर्करा (शुगर) की निशुल्क जांच की जाएगी। इसके अलावा जरूरत के अनुसार उपलब्ध दवाइयां भी निशुल्क वितरित की जाएंगी। शिविर का उद्देश्य लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना और समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का पता लगाने में मदद करना है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर रजवाड़ी की ओर से क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वे शिविर में पहुंचकर निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं तथा अपने परिवार के अन्य सदस्यों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू



अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। बल्ह क्षेत्र के गांव ढांगू में श्रद्धामूर्ति स्वामी प्रणवानंद जी महाराज के सान्निध्य में बुधवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कथा के प्रथम दिन स्वामी प्रणवानंद जी महाराज ने सुखदेव जी की पावन कथा का वर्णन करते हुए श्रीमद्भागवत के आध्यात्मिक और जीवनोपयोगी संदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। आयोजकों के अनुसार कथा 24 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर एक से तीन बजे तक चलेगी। कथा श्रवण के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद एवं सामूहिक भोजन ग्रहण किया।

राकेश सिंघा व महेंद्र राणा केंद्रीय किसान काउंसिल के लिए चयनित

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। किसान सभा के 36वें राष्ट्रीय सम्मेलन का तेलंगाना के नालगोंडा में समापन हो गया। सम्मेलन में चुनी गई 167 सदस्यीय नई अखिल भारतीय किसान कौंसिल में हिमाचल प्रदेश को भी प्रतिनिधित्व मिला है। प्रदेश किसान सभा के अध्यक्ष राकेश सिंघा और महेंद्र राणा को नई कौंसिल में शामिल किया गया है। महेंद्र राणा को 85 सदस्यीय केंद्रीय किसान कौंसिल (सीकेसी) में जगह मिली है। उन्हें सीकेसी का सबसे युवा सदस्य बताया गया है।



सम्मेलन में 27 पदाधिकारियों का भी चुनाव किया गया। महाराष्ट्र के डॉ. अशोक ढबले को पुन: राष्ट्रीय अध्यक्ष, केरल के बीजू कृष्णन को महासचिव और पुष्पेंद्र त्यागी को नया कोषाध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन के समापन सत्र में किसानों और मजदूरों के मुद्दों को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। निर्णय लिया गया कि 26 नवंबर को देशभर में किसानों की मांगों को लेकर दिन-रात चलने वाले धरने आयोजित किए जाएंगे। वहीं, 1 से 3 दिसंबर तक दिल्ली में होने वाले मजदूरों के संसद मार्च को किसान सभा पूर्ण सहयोग देगी। इसके अलावा 1 से 7 जनवरी तक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी को लेकर देशव्यापी अभियान चलाया जाएगा। सम्मेलन में केंद्र सरकार से एमएसपी को लेकर किए गए वादे को पूरा करने की मांग उठाई गई।

किसान सभा ने जंगली और पालतू जानवरों से किसानों को होने वाली समस्याओं पर राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित करने, फसल बीमा योजना को सख्ती से लागू करने और सूखे से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग भी उठाई। सम्मेलन में एसआईआर प्रक्रिया रोकने और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग से संबंधित प्रस्ताव भी पारित किए गए।

3 लाख के चेक बाउंस मामले में आरोपी बरी

अनंत ज्ञान, नौलखा। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय संख्या-1, सुंदरनगर ने तीन लाख रुपये के चेक बाउंस मामले में आरोपी को बरी कर दिया है। न्यायाधीश माधवी सिंह ने 13 नवंबर 2026 को यह फैसला सुनाया।

मामले के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आरोपी के खिलाफ धारा 138 एनआई एक्ट के तहत शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोप था कि आरोपी द्वारा जारी तीन लाख रुपये का चेक 15 नवंबर 2016 को बैंक में बाउंस हो गया था।

शिकायतकर्ता ने अदालत में दावा किया कि उसने अगस्त 2016 में आरोपी को तुर्की जाने के लिए तीन लाख रुपये नकद दिए थे। हालांकि, वह इस रकम की बैंक से निकासी का रिकॉर्ड और भुगतान की रसीद पेश नहीं कर सका। इसके अलावा, अगस्त 2016 में 2000 रुपये के नोट देने का दावा भी गलत पाया गया, क्योंकि ये नोट नवंबर 2016 में जारी हुए थे। इन तथ्यों और साक्ष्यों में कमियों को देखते हुए अदालत ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

पेंशनर्स धरने पर और प्रदेश की सुक्खू सरकार चुप : डॉ. सीमा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। पेंशनरों का हक दबाकर सरकार चैन से कैसे बैठी है? भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सीमा ठाकुर ने यही सवाल उठाते हुए प्रदेश सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि हर जिले में पेंशनर धरने पर हैं, लेकिन सरकार को उनकी आवाज सुनाई नहीं दे रही। डॉ. ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में करीब पौने दो लाख पेंशनर्स हैं। अकेले मंडी और कुल्लू में ही 30 हजार से ज्यादा पेंशनर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को आज तक संशोधित पेंशन का एरियर, ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट और कम्यूटेशन का लाभ नहीं मिला। मेडिकल बिल भी अटके पड़े हैं। महंगाई भत्ते की किस्तों और एरियर को लेकर भी भारी नाराजगी है।



डॉ. ठाकुर ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि कई कर्मचारी इन लाभों का इंतजार करते-करते दुनिया से चले गए और अब उनके परिवार दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। बोर्ड और निगमों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी पेंशन व अन्य लाभों के भुगतान में परेशानी हो रही है।

उन्होंने याद दिलाया कि 2006 में पांचवें वेतन आयोग का लाभ लागू हुआ था और 2007 में सत्ता बदलने के बाद अगली सरकार ने पिछली सरकार के देय वित्तीय लाभों का भुगतान किया था। छठे वेतन आयोग की सिफारिशें 2016 से संबंधित थीं और जनवरी 2022 से संशोधित वेतनमान लागू हुआ था। ऐसे में सरकार को पुरानी परंपरा निभानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि 2016 से 2022 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित वित्तीय लाभ, ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट, कम्यूटेशन और मेडिकल बिलों का शीघ्र भुगतान किया जाए। लंबित महंगाई भत्ते पर स्पष्ट निर्णय लिया जाए, बोर्ड-निगमों के पेंशनरों की समस्याएं सुलझाई जाएं।

गोपालपुर-चंदरूही सड़क 20 नवंबर से 6 दिसंबर तक रहेगी बंद

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। गोपालपुर-मोहीं-चंदरुही सड़क मार्ग पर निर्माण कार्य के चलते 20 नवंबर से 6 दिसंबर, 2026 तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। इस संबंध में एसडीएम सरकाघाट कृष्ण कुमार शर्मा ने आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग पर इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य किया जा रहा है।

निर्माण कार्य के दौरान वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग के रूप में मोहीं-कोटली-गोपालपुर तथा डोल-गोपालपुर सड़क मार्गों का उपयोग करें। एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग को मार्ग बंद होने और वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देने वाले सूचना बोर्ड लगाने तथा निर्धारित अवधि में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों के लिए वैकल्पिक वाहन उपलब्ध रखने को भी कहा है।

माणी स्कूल में एसबीआई संजीवनी टीम ने करवाया क्षतिग्रस्त शौचालय का जीर्णोद्धार

अनंत ज्ञान

नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी। वर्ष 2025 की प्राकृतिक आपदा एवं भूस्खलन से क्षतिग्रस्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माणी के शौचालय का एसबीआई संजीवनी टीम ने जीर्णोद्धार करवाकर विद्यार्थियों को राहत प्रदान की है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत की गई इस पहल से विद्यालय के करीब 250 विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित शौचालय सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।



प्राकृतिक आपदा और भूस्खलन के कारण विद्यालय का प्राथमिक विद्यालय भवन तथा उससे जुड़ी शौचालय सुविधा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके अलावा विद्यालय के अन्य शौचालय भी भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गए थे, जिससे विद्यार्थियों को दैनिक गतिविधियों में परेशानी झेलनी पड़ रही थी। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और गरिमा को ध्यान में रखते हुए एसबीआई संजीवनी टीम ने शौचालय के जीर्णोद्धार की पहल की और इसे विद्यार्थियों के उपयोग के लिए तैयार करवाया।

विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और गरिमा को ध्यान में रखते हुए एसबीआई संजीवनी टीम ने स्वच्छ भारत अभियान की भावना के अनुरूप शौचालय जीर्णोद्धार का कार्य करवाया। इस पहल से विद्यार्थियों को बुनियादी स्वच्छता सुविधा उपलब्ध होने के साथ-साथ विद्यालय में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। इस कार्य में विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार, स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) अध्यक्ष वीर सिंह भारद्वाज तथा समिति सदस्य देवराज और कौशल्या देवी का सक्रिय सहयोग रहा।

सभी के सामूहिक प्रयासों से जीर्णोद्धार कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। उल्लेखनीय है कि एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स परियोजना वर्ष 2023 से मंडी जिले के बालीचौकी विकासखंड में ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है। परियोजना के माध्यम से अब तक हजारों लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल चुका है। एसबीआई फाउंडेशन एवं एसबीआई म्यूचुअल फंड द्वारा वित्त पोषित और आश्रय फाउंडेशन द्वारा संचालित यह परियोजना स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ स्वच्छता एवं सामुदायिक कल्याण के कार्यों में भी योगदान दे रही है।

52वीं ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। 52वीं ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन बुधवार को एसपी मंडी विनोद कुमार ने किया। इस अवसर पर टीएल वैद्य, केके तिवारी, हेमंत वैद्य, सुनील कुमार, परमानंद सैनी, विक्रम बिष्ट, संतोष कपूर, राजीव शर्मा, राजेंद्र गुप्ता और हंसराज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला ट्रंप फुटबॉल क्लब और ग्लोरियस फुटबॉल क्लब दिल्ली के बीच खेला गया। इसमें ग्लोरियस फुटबॉल क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रंप फुटबॉल क्लब को 3-0 से पराजित किया। मैच के 32वें मिनट में ग्लोरियस क्लब के खिलाड़ी टीपू सुल्तान ने शानदार गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद टीम ने दो और गोल कर मुकाबला अपने नाम किया। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। मुकाबले लीग कम नॉकआउट आधार पर खेले जा रहे हैं।

छोटाभंगाल घाटी में फिर उठी एंबुलेंस की मांग, 7 पंचायतों के लोग परेशान

अनंत ज्ञान

◆ जिला परिषद सदस्य राम लाल ने सरकार और प्रशासन से प्राथमिकता के आधार पर एंबुलेंस उपलब्ध करवाने की उठाई मांग

रूपी ठाकुर, बरोट। छोटाभंगाल घाटी में एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध करवाने की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। जिला परिषद सदस्य राम लाल ने कहा कि घाटी के पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों द्वारा कई वर्षों से एंबुलेंस उपलब्ध करवाने की मांग उठाई जा रही है, लेकिन सरकार और प्रशासन की ओर से अभी तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है।

उन्होंने बताया कि जिला परिषद सदस्य बनने के तुरंत बाद उन्होंने भी इस मांग को लेकर लिखित प्रस्ताव पारित कर सरकार और जिला प्रशासन के समक्ष मामला उठाया था। उनका आरोप है कि पूर्व भाजपा सरकार और वर्तमान सरकार के कार्यकाल में भी घाटीवासियों की इस मांग को गंभीरता से नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि बड़ा ग्रां, कोठी कोहड़, धरमाण, मुल्थान, लोआई, स्वाड़ और पोलिंग पंचायतों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घाटी के एक छोर पर कोठी कोहड़ दयोट और दूसरे छोर पर लोहारड़ी में स्वास्थ्य केंद्र स्थित हैं, जिनके बीच करीब 20 किलोमीटर की दूरी है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को मंडी जिला की चौहार घाटी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोट की एंबुलेंस पर निर्भर रहना पड़ता है। कई बार लोगों को निजी वाहनों से मरीज अस्पताल पहुंचाने पड़ते हैं और अतिरिक्त किराया भी चुकाना पड़ता है।

राम लाल सहित घाटीवासियों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रशासन से दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए छोटाभंगाल घाटी के लिए प्राथमिकता के आधार पर एंबुलेंस उपलब्ध करवाने की मांग की है।

बरोट में आदर्श पाठशाला खोलने की मांग तेज

अनंत ज्ञान

◆ छोटाभंगाल और चौहार घाटी के लोग उठा रहे आवाज

◆ भाजपा कार्यकाल में शुरू हुई थी भूमि चयन की प्रक्रिया, सत्ता परिवर्तन के बाद ठंडे बस्ते में पड़ा मामला

रूपी ठाकुर, बरोट। छोटाभंगाल और चौहार घाटी में आदर्श पाठशाला खोलने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। दोनों घाटियों में प्राथमिक से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक के स्कूल और छोटाभंगाल घाटी के मुल्थान में महाविद्यालय होने के बावजूद अभी तक एक भी आदर्श पाठशाला स्थापित नहीं हो पाई है। इससे क्षेत्र के लोगों में सरकार के प्रति रोष है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में दोनों घाटियों के केंद्र स्थल बरोट में आदर्श पाठशाला खोलने के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। घाटी के बुद्धिजीवियों सुख राम, संजय कुमार, भागी राम, राकेश कुमार, रामसरन चौहान, बलवीर सिंह और मनी राम का कहना है कि प्रदेश के निचले क्षेत्रों में जगह-जगह आदर्श पाठशालाएं खोली गई हैं, लेकिन दुर्गम छोटाभंगाल और चौहार घाटी के बच्चों को इस सुविधा से वंचित रखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बरोट दोनों घाटियों का केंद्र स्थल है। यहां आदर्श पाठशाला स्थापित होने से आसपास की पंचायतों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए दूरदराज के क्षेत्रों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

घाटीवासियों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मांग की है कि बरोट में आदर्श पाठशाला खोलने की लंबित मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। लोगों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री उनकी इस वर्षों पुरानी मांग को जरूर पूरा करेंगे।

200 पदों के लिए साक्षात्कार 19 से 21 नवंबर तक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लिमिटेड, नालागढ़ की ओर से फ्लोर स्टाफ (स्पेयर पार्ट्स हैंडलिंग) के 200 नियमित पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं या 12वीं पास रखी गई है। 18 से 40 वर्ष आयु के पुरुष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयनित युवाओं को 14,300 रुपये मासिक वेतन के साथ पीएफ, ईएसआई, अतिरिक्त कार्य का पारिश्रमिक, दो समय का मुफ्त भोजन, चाय और बस सुविधा मिलेगी। साक्षात्कार 19 नवंबर को पधर, 20 नवंबर को मंडी और 21 नवंबर को गोहर में सुबह 10:30 बजे होंगे। अभ्यर्थियों का रोजगार कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है।

कार्यक्रम डीएवी मंडी का वार्षिक पारितोषिक समारोह 'कर्मण्य 2026' धूमधाम से मनाया, मेधावी छात्र किए सम्मानित

400 विद्यार्थियों ने ढाई घंटे के महाभारत मंचन से बांधा समां

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी का वार्षिक पारितोषिक एवं सांस्कृतिक समारोह 'कर्मण्य 2026' कांगनीधार स्थित संस्कृति सदन में धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर, वीएसएम (सेवानिवृत्त) मुख्य अतिथि के रूप में पत्नी निशा कपूर सहित उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि रोहित राठौर पत्नी सोनिया भारद्वाज के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य एवं सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी जोन सी केएस गुलेरिया ने की। वंदना गुलेरिया भी उपस्थित रहीं।



अतिथियों का हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाद्य यंत्र प्रस्तुति, दीप प्रज्वलन, गुरु वंदना और डीएवी गान से हुआ। केएस गुलेरिया ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ विजन डॉक्यूमेंट-2030 का विमोचन किया। इस दौरान स्कूल की दो पुस्तकों 'इफ-इंक ऑफ इमेजिनेशन एंड फायर ऑफ एस्पिरेशन' तथा 'स्पार्क्स टू स्टार्स' का भी विमोचन किया गया। खेल, शिक्षा और विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

समारोह का मुख्य आकर्षण लगभग 400 विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ढाई घंटे का महाभारत नाटक रहा। विद्यार्थियों ने अभिनय, गीत और नृत्य के माध्यम से धर्म, कर्तव्य और गीता के संदेश 'कर्मण्येवाधिकारस्ते' को जीवंत किया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर ने विद्यार्थियों को 80:20 के सिद्धांत, अनुशासन, सकारात्मक सोच और असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. रश्मि जम्वाल, संजीव ठाकुर, एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अभिषेक मुखर्जी, अधिवक्ता लोकेश कपूर, भाषा अधिकारी रेवती सैनी, पार्षद रजनी, एलएमसी सदस्य डॉ. डीके अरोड़ा और गौरव मारवाह सहित डीएवी विद्यालयों के प्रधानाचार्य रवि कारवा (झबोला), दारा सिंह (बीझड़ी), निरूपमा वेदी (मनाली), मोहित चुघ (सुंदरनगर), आरएस राणा (कुल्लू मौहल), प्रशांत शर्मा (नेरचौक), सुभाष शर्मा (गोहर), आरएल पाठक (ऊना), मोहिंदर (हमीरपुर), चंद्रिका मल्होत्रा (कटराईं), संजय ठाकुर (जोगिंदरनगर), दीपिका (बरमाणा), वंदना कपूर (पंडोह), राकेश (गुब्बार), एकता अत्रि (जमथल), हरीश (नैना देवी), प्रिंस (लडभड़ोल) और सुनील कुमार (लझियाणी) उपस्थित रहे। धन्यवाद प्रस्ताव और शांति पाठ के साथ समारोह संपन्न हुआ।

'इतिहास से प्रेरणा लेकर वर्तमान को बेहतर बनाया जा सकता है।
-जयशंकर प्रसाद

संपादकीय

'एक्ट ईस्ट' को नई धार

भारत और दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के संगठन आसियान के बीच संबंधों को नई ऊंचाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित भारत-आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। यह सहभागिता भारत की विदेश नीति में दक्षिण-पूर्वी एशिया के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। अपने 12 वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी 13वीं बार भारत-आसियान शिखर सम्मेलन और 10वीं बार पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि भारत अब अपने पूर्वी पड़ोस के साथ राजनीतिक, आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक संबंधों को प्राथमिकता दे रहा है। वैश्विक शक्ति संतुलन में बदलाव के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति केवल कूटनीतिक पहल नहीं, बल्कि भविष्य की रणनीतिक जरूरत भी बन गई है।

आसियान के 11 सदस्य देश दक्षिण-पूर्वी एशिया में महत्वपूर्ण आर्थिक और सामरिक भूमिका निभाते हैं। भारत इस संगठन की केंद्रीयता का समर्थन करता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चीन और अमेरिका जैसी महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा के बावजूद छोटे और मध्यम देश अपनी स्वतंत्र पहचान तथा निर्णय लेने की क्षमता बनाए रख सकें। भारत के लिए आसियान के साथ मजबूत संबंध इसलिए भी जरूरी हैं, क्योंकि इस क्षेत्र में समुद्री मार्गों, व्यापारिक गतिविधियों और सुरक्षा हितों का सीधा संबंध हिंद-प्रशांत की स्थिरता से है। इसी दिशा में भारत अपनी नौसेना के माध्यम से आसियान देशों के साथ संयुक्त समुद्री अभ्यास और रक्षा सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। इससे क्षेत्रीय देशों की समुद्री सुरक्षा और सामरिक तैयारियों को मजबूती मिल रही है।

दक्षिण-पूर्वी एशिया के कई देशों का चीन के साथ समुद्री क्षेत्रों को लेकर विवाद है। ब्रूनेई, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस और वियतनाम को चीन के दबाव और आक्रामक गतिविधियों का सामना करना पड़ रहा है। इन देशों ने अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका के साथ रक्षा संबंध मजबूत किए हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बदलती विदेश और व्यापार नीति ने उनकी चिंताएं बढ़ाई हैं। चीन के प्रति अमेरिका के नरम रुख की आशंका के बीच क्षेत्रीय देश वैकल्पिक सहयोगियों की तलाश कर रहे हैं। इसी क्रम में फिलीपींस, इंडोनेशिया और वियतनाम ने भारत से ब्रह्मोस मिसाइल सहित अन्य सैन्य सामग्री खरीदने का निर्णय लिया है। मलेशिया, थाईलैंड, म्यांमार और सिंगापुर भी भारत से रक्षा उपकरण लेने में रुचि दिखा रहे हैं। वर्ष 2020 से 2025 के बीच भारत के कुल हथियार निर्यात का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आसियान देशों को जाना इस बढ़ते भरोसे का संकेत है।

हालांकि भारत के लिए यह समझना भी जरूरी है कि वह अकेले आसियान देशों को चीन के मुकाबले सुरक्षा उपलब्ध नहीं करा सकता। इस क्षेत्र में जापान और आस्ट्रेलिया की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। दोनों देश दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के साथ रक्षा सहयोग बढ़ा रहे हैं। क्वाड के चार सदस्य देशों भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के बीच बेहतर तालमेल हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने में सहायक हो सकता है। अमेरिका की प्रतिबद्धता में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत, जापान और आस्ट्रेलिया के बीच सहयोग की संभावनाएं बनी हुई हैं। यदि ये तीनों देश आसियान के साथ मिलकर काम करें तो क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। मनीला में क्वाड नेताओं की प्रस्तावित बैठक भी इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सामरिक सहयोग के साथ आर्थिक संबंधों को संतुलित करना भी भारत की प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत और आसियान के बीच 2010 से मुक्त व्यापार समझौता लागू है, लेकिन इसमें संशोधन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। दोनों पक्षों के बीच सालाना करीब 128 अरब डालर का व्यापार होता है। इसमें भारत का निर्यात लगभग 38 अरब डालर है, जबकि आयात करीब 89 अरब डालर तक पहुंच जाता है। यह असंतुलन बताता है कि भारतीय उत्पादों को आसियान के बाजारों में अधिक अवसर दिलाने की जरूरत है। अमेरिका के शुल्क और व्यापारिक प्रतिबंधों के कारण आसियान देशों की चीन पर निर्भरता बढ़ने की आशंका है।

शराब से चिट्टे तक नशे के जाल में फंसता युवा भारत



डा. अशोक कुमार चौबे
सेवानिवृत्त प्रोफेसर कृषि प्रसार शिक्षा हिमाचल प्रदेश
(कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर)

ऋषि परमहंस, संत कबीर, गुरु नानक और स्वामी विवेकानंद जैसे महान संतों और विचारकों की धरती भारत ने दुनिया को आध्यात्मिकता, मानवता, भाईचारे और परिवार के मूल्यों का संदेश दिया। इसी देश में आज युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में जाता दिखाई दे रहा है। आधुनिकता और पश्चिमी जीवनशैली की नकल के नाम पर शराब और अन्य नशीले पदार्थों का बढ़ता चलन समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। धनाढ्य और नवधनाढ्य वर्ग में होटल, बार और शराब पार्टियों को आधुनिक जीवनशैली का प्रतीक मानने की प्रवृत्ति ने इस समस्या को और बढ़ाया है। युवाओं के बीच नशे को प्रतिष्ठा और मौज-मस्ती से जोड़कर देखने की सोच भी खतरनाक साबित हो रही है। इसका असर केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार, सामाजिक व्यवस्था और देश के भविष्य पर भी पड़ रहा है।

नशे की समस्या किसी एक वर्ग या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। शहरों से लेकर गांवों तक इसका प्रभाव दिखाई दे रहा है। शराब के साथ-साथ चिट्टा, सिंथेटिक ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थ युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहे हैं। हिमाचल प्रदेश और पंजाब जैसे राज्यों में नशे के बढ़ते प्रभाव को लेकर लगातार चिंता व्यक्त की जाती रही है। नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य को नुकसान पहुंचाने के साथ परिवारों को भी तोड़ रही है। इसके कारण घरेलू हिंसा, चोरी, अपराध और अन्य सामाजिक समस्याएं बढ़ने की आशंका रहती है। कई परिवार ऐसे हैं, जहां नशे की आदत के कारण आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है और आपसी रिश्तों में तनाव पैदा हो रहा है। युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, नशे के कारण बर्बाद हो रही है।

सरकारें नशे के विरुद्ध अभियान चलाती हैं, विज्ञापन जारी करती हैं और नशामुक्ति केंद्रों के माध्यम से उपचार की व्यवस्था करती हैं। इसके बावजूद यह सवाल महत्वपूर्ण है कि इन प्रयासों का वास्तविक परिणाम कितना सामने आया है। यदि नशे के विरुद्ध करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं तो यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि कितने युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकाला गया और कितने परिवारों को इस संकट से राहत मिली। केवल विज्ञापन और जागरूकता कार्यक्रम किसी गंभीर सामाजिक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकते। नशे की लत से प्रभावित व्यक्ति को उपचार, परामर्श और परिवार के सहयोग की आवश्यकता होती है। इसके लिए नशामुक्ति केंद्रों की गुणवत्ता, वहां उपलब्ध



सुविधाओं और उपचार के बाद व्यक्ति के पुनर्वास की नियमित समीक्षा भी जरूरी है।

एक ओर सरकारें शराब से राजस्व अर्जित करती हैं और दूसरी ओर उसी शराब के दुष्प्रभावों के विरुद्ध अभियान चलाती हैं। यह दोहरा रवैया समाज के सामने गंभीर सवाल खड़ा करता है। शराब की दुकानों और बार की उपलब्धता बढ़ने से नशे तक पहुंच आसान होती है। यदि सरकार वास्तव में युवाओं को नशे से बचाना चाहती है तो उसे शराब की बिक्री और उससे मिलने वाले राजस्व के बीच संतुलन पर गंभीरता से विचार करना होगा। केवल यह तर्क कि शराब से मिलने वाले राजस्व से विकास कार्य किए जाते हैं, उसके सामाजिक नुकसान की अनदेखी का आधार नहीं बन सकता। सरकार की जिम्मेदारी केवल राजस्व जुटाना नहीं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना भी है। शराब की बिक्री से होने वाली आय और नशे के कारण स्वास्थ्य, अपराध तथा सामाजिक व्यवस्था पर पड़ने वाले खर्च का तुलनात्मक आकलन होना चाहिए।

नशे के अवैध कारोबार पर भी कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है। बंदरगाहों और सीमावर्ती क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ पकड़े जाने की खबरें सामने आती रहती हैं। सवाल यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ देश के भीतर पहुंच कैसे रहे हैं और इनके पीछे कौन से नेटवर्क काम कर रहे हैं। केवल छोटे स्तर के तस्करों की गिरफ्तारी से समस्या समाप्त नहीं होगी। जांच एजेंसियों को पूरे नेटवर्क तक पहुंचना होगा। नशे की आपूर्ति करने वाले स्रोतों, आर्थिक लेन-देन और तस्करी से जुड़े बड़े चेहरों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करनी होगी। तस्करी के विरुद्ध अभियान में पुलिस, सीमा सुरक्षा एजेंसियों और अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय भी आवश्यक है। जब तक नशे के कारोबार की पूरी श्रृंखला नहीं तोड़ी जाएगी, तब तक युवाओं तक इसकी पहुंच रोकना मुश्किल रहेगा।

युवाओं में नशे की शुरुआत कई बार दोस्तों के दबाव, बेरोजगारी, तनाव, पारिवारिक समस्याओं और गलत संगति के कारण होती है। इसलिए इसका समाधान केवल पुलिस कार्रवाई तक सीमित नहीं रखा जा सकता। युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार, खेल, कौशल विकास और स्वस्थ मनोरंजन के अवसर उपलब्ध करवाने होंगे। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर नियमित परामर्श व्यवस्था होनी चाहिए। शिक्षकों और अभिभावकों को भी युवाओं के व्यवहार में होने वाले बदलावों को समझने और समय रहते उनकी सहायता करने के लिए जागरूक करना होगा। नशे की लत से जूझ रहे युवाओं को अपराधी मानकर उनसे दूरी बनाने के बजाय उन्हें उपचार और सामाजिक सहयोग उपलब्ध करवाना चाहिए। परिवारों की भूमिका भी इसमें महत्वपूर्ण है। बच्चों के साथ संवाद, भावनात्मक सहयोग और सकारात्मक वातावरण उन्हें गलत रास्ते पर जाने से बचाने में मदद कर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बेटियों के सम्मान और शिक्षा से बनेगा सशक्त भारत



शिवालिक अवस्थी
धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हि.प्र.।

वैसे तो हमारा देश-हमारा प्रदेश, आधुनिकता के इस दौर में, हमेशा से उन्नति के पथ पर अग्रसर रहा है और भविष्य में भी अग्रसर रहेगा। किंतु, आधुनिकीकरण के बावजूद, आज भी हमारे समाज को प्रबुद्ध बनाने के लिए समय-समय पर सरकार को कई प्रमुख कार्यक्रमों अथवा योजनाओं का संचालन विशेष तौर से करना पड़ रहा है। ऐसे प्रमुख कार्यक्रमों अथवा योजनाओं का संचालन करने का एक मात्र उद्देश्य; हमारे समाज को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करने से जोड़ा गया है। समाज प्रेरित होकर, नई और आशावादी दिशा की ओर बढ़ता रहे, इसी सोच को धरातल तक पहुंचाने के लिए समय-समय पर कई प्रेरक योजनाओं की शुरुआत की जा चुकी है। इन्हीं महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' एक ऐसी योजना-एक ऐसा अभियान, जिसके माध्यम से, समाज के हर वर्ग को बेटियों की सुरक्षा एवं उनकी शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है।

बेटियों की सुरक्षा एवं उनकी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए ही देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस अभियान की शुरुआत वर्ष 2015 में की गई। भारत में बढ़ती जनसंख्या के बावजूद लड़कियों के गिरते लिंगानुपात में सुधार लाने हेतु इस योजना का शुभारंभ किया गया जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा विशेष तौर पर संचालित किया जा रहा है जिसमें देश में विभिन्न गतिविधियों को अपनाकर समाज के कोने-कोने तक इस योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आसान भाषा में कहें; तो इस योजना के माध्यम से हम सभी को - बच्चियों की 'सुरक्षा' एवं उनकी 'शिक्षा' में रचनात्मक सुधार लाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस योजना का उद्देश्य मुख्यत: इसके नाम से ही साफ हो जाता है।



'बेटी बचाओ' - हमारे समाज की बेटियों को बचाने की पहल और 'बेटी पढ़ाओ' - हमारे समाज की बेटियों को पढ़ाने की पहल।

पहले भाग पर प्रकाश डालें तो पता चलता है कि आज भी हमारे समाज के किसी कोने को रूढ़िवादी विचारों ने अपनी गिरफ्त में जकड़ा हुआ है। जिसके कारण बेटियों का अस्तित्व असुरक्षित या खतरे से घिरा हुआ प्रतीत होता है। आज भी समाज के कई परिवारों का झुकाव बेटियों की तुलना में बेटों पर अधिक आंका गया है, जिससे असमानता वाले भाव हमारे समाज में हावी होते दिख रहे हैं। हालांकि, यह भी सत्य है कि सरकार, प्रशासन, विभाग एवं आम जन के सहयोग से, चलाई जा रही कई मुहिमों के चलते अब पक्षपाती विचार हमारे दिलो-दिमाग से बाहर जरूर निकलने लगे हैं। परंतु, समाज के वह हिस्से, जहां बेटियों के प्रति आज भी संकीर्ण सोच अपनाई जाती है, ऐसी विचारधाराओं के आधार को समाप्त करके उन्हें आशावादी बनाकर, बालिकाओं का अस्तित्व आसानी से सुरक्षित किया जा सकता है। क्योंकि जहां सोच बदलती है, वहीं से हमारा समाज बदलता है।

इसी कड़ी में, इस योजना के दूसरे भाग पर प्रकाश डालें, तो यह हमें, हमारा उत्तरदायित्व बेटियों की शिक्षा के प्रति हमें प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित करता है। न केवल प्रारंभिक अथवा स्कूली शिक्षा, बल्कि समाज की हर बेटी, उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ-साथ अन्य प्रेरक गतिविधियों में भी उचित स्थान प्राप्त करे और समाज का नाम रोशन करे, ऐसे सफल प्रयासों के प्रति हमें अवगत करवाता है। शिक्षा किसी भी व्यक्ति के जीवन में वह महत्वपूर्ण आधार है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने अधिकारों, कर्तव्यों और अवसरों को समझने में सक्षम बनता है। इसलिए बेटियों की शिक्षा को केवल विद्यालय तक सीमित रखने के बजाय उनके उच्च शिक्षा प्राप्त करने, अपने कौशल को विकसित करने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी समाज को सकारात्मक प्रयास करने होंगे। यहां बात करें लिंगानुपात की तो आइए समझने का प्रयास करते हैं कि आखिर लिंग अनुपात होता क्या है और इसे कैसे आंका जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आज की प्रमुख हस्ती

भारत की लौह महिला



इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी
जन्म : 19 नवंबर 1917

इंदिरा प्रियदर्शिनी नेहरू गांधी भारतीय राजनीति के इतिहास में एक ऐसी शख्सियत थीं, जिन्होंने अपने दृढ़ नेतृत्व, साहसिक फैसलों और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति से देश और दुनिया में अलग पहचान बनाई। उनका जन्म 19 नवंबर 1917 को इलाहाबाद में हुआ था। वह भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुत्री थीं। उनका पूरा नाम इंदिरा प्रियदर्शिनी नेहरू था। उनका विवाह फिरोज गांधी से हुआ था और उनके दो पुत्र राजीव गांधी तथा संजय गांधी थे। बचपन से ही उनका जुड़ाव स्वतंत्रता आंदोलन और राजनीतिक गतिविधियों से रहा। पिता जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई विदेशी यात्राओं में उनका साथ दिया और राजनीतिक कार्यप्रणाली को करीब से समझा।

लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में इंदिरा गांधी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाली। जनवरी 1966 में शास्त्री के निधन के बाद वह कांग्रेस संसदीय दल की नेता चुनी गईं और देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। उन्होंने 1966 से 1977 तक लगातार प्रधानमंत्री पद संभाला। 1971 के लोकसभा चुनाव में गरीबी हटाओ के नारे के साथ कांग्रेस को बड़ी जीत दिलाई। इसी वर्ष पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में भारत की विजय और बांग्लादेश के निर्माण ने उनके नेतृत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती प्रदान की। उनके कार्यकाल में 1971 में सोवियत संघ के साथ मैत्री संधि हुई, जिससे भारत को कूटनीतिक और सामरिक सहयोग मिला। वर्ष 1974 में भारत ने पोखरण में अपना पहला सफल परमाणु परीक्षण किया, जिसे स्माइलिंग बुद्धा नाम दिया गया।

हालांकि, उनका राजनीतिक सफर कई विवादों और चुनौतियों से भी घिरा रहा। वर्ष 1975 में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के बाद उन्होंने देश में आपातकाल लागू कर दिया, जो 1977 तक चला। इस दौरान नागरिक स्वतंत्रताओं पर प्रतिबंध लगाए गए और बड़ी संख्या में राजनीतिक विरोधियों तथा पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया। आपातकाल के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा और इंदिरा गांधी स्वयं रायबरेली सीट से चुनाव हार गईं। हालांकि, 1980 के आम चुनाव में कांग्रेस ने फिर बड़ी जीत हासिल की और वह दोबारा प्रधानमंत्री बनीं।

सुंदर दिखने की चाह में होंठों की सेहत से न करें समझौता



शहनाज़ हुसैन
स्वतंत्र टिप्पीकार

खूबसूरत दिखना किसे पसंद नहीं। शायद इसीलिए लिपस्टिक लगाना हर महिला की पहली पसंद होती है। लिपस्टिक मेकअप का ऐसा हिस्सा है जिसके बिना पूरे चेहरे के मेकअप को अक्सर अधूरा ही माना जाता है क्योंकि लिपस्टिक लगाने से होंठों की सुंदरता बढ़ जाती है। लिपस्टिक वास्तव में आपके चेहरे पर तुरंत रंग भर देती हैं और मिनटों में ही आपको आकर्षक बना देती हैं। कुछ लड़कियों के लिए तो लिपस्टिक लगाना एक आदत बन गई है और लिपस्टिक लगाने से अनेक महिलाओं में काफी आत्मविश्वास भी बढ़ जाता है। सिर्फ इतना ही नहीं लिपस्टिक आपके व्यक्तित्व को निखारने का भी काम करती है। लेकिन क्या आपको पता है कि अलग-अलग रंगों की लिपस्टिक अलग-अलग तरह के केमिकल्स से बनी होती हैं और आप होठों पर रंग की परत नहीं बल्कि रसायन की परत चढ़ा रही हैं। ये ना सिर्फ आपके होंठों की प्राकृतिक चमक और सुंदरता को प्रभावित करती हैं बल्कि आपके सेहत के लिए भी नुकसानदायक हो सकती हैं।

लिपस्टिक लगाने से होंठों पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है क्योंकि बाजार में उपलब्ध अधिकांश लिप ग्लॉस और लिपस्टिक में क्रोमियम, लेड, एलुमिनियम, कैडमियम और कई अन्य विषाक्त पदार्थ मौजूद पाए जाते हैं। इन रसायनों की वजह से होंठों की प्राकृतिक नमी और कोमलता प्रभावित हो सकती है। लगातार और लंबे समय तक किसी भी कॉस्मेटिक का इस्तेमाल करने से पहले उसके अंदर मौजूद सामग्री के बारे में जानकारी होना बहुत जरूरी है। खासकर संवेदनशील त्वचा वाली महिलाओं को लिपस्टिक के इस्तेमाल में अधिक सावधानी बरतनी चाहिए।

लिपस्टिक में मौजूद रसायनों की वजह से होंठों पर अचानक जलन, दाने या होठों के



आसपास झनझनाहट जैसी समस्या महसूस हो सकती है। साथ ही होंठों के आसपास की स्किन भी प्रभावित होती है। क्योंकि कुछ लिपस्टिक में ऐसे रसायन और सुगंधित पदार्थ मौजूद हो सकते हैं जो संवेदनशील त्वचा पर एलर्जी पैदा कर सकते हैं। लगातार लिपस्टिक लगाने से होंठ सूख सकते हैं और उनमें खिंचाव महसूस हो सकता है। यदि किसी लिपस्टिक को लगाने के बाद बार-बार जलन या खुजली महसूस हो तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

लिपस्टिक का इस्तेमाल करने से स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। होंठों पर लगाई जाने वाली लिपस्टिक कभी-कभी भोजन करने के दौरान पेट में चली जाती है जिसकी वजह से इसमें मौजूद कुछ रसायन शरीर के अंदर प्रवेश कर सकते हैं। इसलिए लिपस्टिक खरीदते समय उसकी गुणवत्ता और उसमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री की जानकारी जरूर लेनी चाहिए। बार-बार और जरूरत से ज्यादा लिपस्टिक लगाने की आदत से होंठों की प्राकृतिक स्थिति प्रभावित हो सकती है। कुछ महिलाओं के होंठ काले पड़ने लगते हैं और वे बार-बार सूखकर फट सकते हैं। लिपस्टिक के ज्यादा इस्तेमाल से होंठों की त्वचा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

लिपस्टिक में रंग बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के रंग और रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए किसी भी उत्पाद को खरीदते समय उसकी एक्सपायरी डेट और इंग्रेडिएंट्स जरूर चेक कर लें। सस्ती और घटिया गुणवत्ता वाली लिपस्टिक का इस्तेमाल करने से बचना बेहतर होता है। यदि किसी उत्पाद के इस्तेमाल से होंठों पर परेशानी हो रही है तो उसे तुरंत बंद कर देना चाहिए।

वैसे तो अमूमन आंखों में जलन तब होती है जब हम आंखों में काजल या मस्कारा लगाते हैं। लेकिन कुछ महिलाएं लिपस्टिक को आईशैडो की तरह इस्तेमाल करती हैं जिससे उनकी आंखों में भी जलन हो सकती है। आंखों के आसपास किसी ऐसे उत्पाद का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए जो विशेष रूप से आंखों के लिए तैयार नहीं किया गया हो। आंखों में जलन, लालिमा या पानी आने जैसी समस्या होने पर लापरवाही नहीं करनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए।

(ये लेखिका के निजी विचार

सीपीग्राम्स से पारदर्शी और जवाबदेह बन रहा नागरिक-केंद्रित शासन



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर
महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी
सोलन

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में सरकार की सफलता केवल नीतियों और योजनाओं के निर्माण से निर्धारित नहीं होती, बल्कि इस बात से भी होती है कि वह नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का कितनी प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से समाधान करती है। नागरिकों की शिकायतों का उचित निवारण सुशासन, प्रशासनिक जवाबदेही और नागरिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण आधार है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली की स्थापना की है, जिसे सामान्यत: सीपीग्राम्स कहा जाता है। पिछले एक दशक में यह दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल लोक शिकायत निवारण मंचों में से एक के रूप में उभरा है। यह व्यवस्था नागरिकों और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करने तथा सरकारी तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली भारत सरकार का प्रमुख डिजिटल शिकायत निवारण मंच है। इसका विकास और निगरानी प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा की जाती है, जो कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है। यह एक व्यापक डिजिटल व्यवस्था है, जिसमें तकनीक, प्रशासनिक जवाबदेही और नागरिक भागीदारी को एक साथ जोड़ा गया है। इसके माध्यम से नागरिक केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों, राज्य सरकारों तथा केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सरल, सुलभ और पारदर्शी तरीके से सरकार तक अपनी शिकायत पहुंचाने तथा उसके निवारण की स्थिति पर नजर रखने की सुविधा प्रदान करना है।

सीपीग्राम्स की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में इसकी चौबीसों घंटे और



सातों दिन उपलब्धता शामिल है। नागरिक बिना किसी सरकारी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से गए ऑनलाइन अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इससे समय और संसाधनों की बचत होती है तथा प्रशासन तक नागरिकों की पहुंच आसान बनती है। सीपीग्राम्स को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों की शिकायत निवारण व्यवस्थाओं से जोड़ा गया है। इससे देश में एक अधिक एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली विकसित हुई है और एक राष्ट्र-एक पोर्टल की भावना को बढ़ावा मिला है।

भारत की भाषाई विविधता को ध्यान में रखते हुए सीपीग्राम्स में अंग्रेजी के अतिरिक्त 22 अनुसूचित भाषाओं में शिकायत दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध है। यह सुविधा उन नागरिकों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जो अंग्रेज़ी भाषा में सहज नहीं हैं। इससे प्रशासनिक सेवाओं तक समान पहुंच और भाषाई समावेशन को बढ़ावा मिलता है। शिकायत दर्ज करने के बाद नागरिक को एक विशिष्ट पंजीकरण संख्या प्रदान की जाती है। इस संख्या के माध्यम से शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति ऑनलाइन देख सकता है। इससे शिकायत प्रक्रिया में पारदर्शिता आती है और नागरिक को यह जानकारी मिलती रहती है कि उसकी शिकायत किस स्तर पर है।

सीपीग्राम्स के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र निवारण करने का प्रयास किया जाता है और निर्धारित व्यवस्था के अनुसार शिकायतों का समाधान अधिकतम इक्कीस दिनों के भीतर किया जाना है। समयबद्ध निवारण प्रशासनिक जवाबदेही को मजबूत करता है और नागरिकों को लंबे समय तक अपनी शिकायत के समाधान की प्रतीक्षा करने से बचाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

शुल्क

शुल्क लगे तो फिर नकदी लौटेगी



संजय एम तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

यूं डिजिटल युग में कदम बढ़े थे, नकदी से हमने ही नाता तोड़ा था। हमको यूपीआई ने ही राह दिखाई, हर भुगतान को सरल बनाया था। मगर अब शुल्क की आहट हैं आई, तब तो सोच में पड़ गया हैं बाजार। ये छोटा-सा चार्ज भी बन सकता है, नकदी नोट की वापसी का आधार। हाँ, कभी जेब में सिक्के खनकते थे, नोटों से होता था सबका कारोबार। फिर मोबाइल ने यहाँ जगह बना ली, डिजिटल पेमेंट हुआ हरेक व्यवहार। कागज के नोटों से मुक्ति का सपना, ये सुविधा ने सच करके दिखलाया। लेकिन शुल्क की छोटी-सी दीवार ने, फिर से नकदी का रास्ता हैं सुझाया। व्यापारी बोलते हैं लेन-देन सस्ता हो, ग्राहक बोले-भुगतान सभी सरल हो। हमेशा तकनीक वो अच्छी कहलाए, जिसमें हर वर्ग का हित नज़र आए। आज यूपीआई भारत की पहचान है, क्या कहें यहीं सुविधा बेमिसाल रहें।

न शुल्क का बोझ बढ़े जनता पे भार, न नकद की मजबूरी फिर बहाल रहें। डिजिटल भारत तब सफल कहलाए, जब सुविधा सभी के द्वार तक जाए। अब नकदी हो या डिजिटल भुगतान,
जन-जन की जेब पर बोझ ना आए।


हिमाचल में बीपीएल सूची में 2.60 लाख परिवार

पुराने सर्वेक्षण के आधार पर निर्धारित हुए चयन के मापदंड, कांगड़ा सबसे आगे और शिमला में 29,796 परिवार

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को लेकर सामने आए ताजा विभागीय आंकड़ों ने सूबे की ग्रामीण आर्थिक स्थिति की तस्वीर सामने रखी है। राज्य में कुल 2,60,060 परिवार बीपीएल सूची में शामिल हैं। जिलावार आंकड़ों में कांगड़ा सबसे आगे है, जबकि शिमला जिले के 29,796 परिवार इस श्रेणी में दर्ज हैं। इन आंकड़ों के साथ बीपीएल परिवारों की पहचान के लिए अपनाई गई प्रक्रिया और पात्रता के पुराने मापदंड भी चर्चा में आए हैं।

उपलब्ध विभागीय जानकारी के अनुसार प्रदेश में बीपीएल परिवारों की पहचान के लिए वर्ष 2003 में व्यापक सर्वेक्षण शुरू किया गया था। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के 11,82,926 परिवारों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का आकलन किया गया। प्रत्येक परिवार को 13 अलग-अलग मानकों पर परखा गया और हर मानक के लिए शून्य से चार अंक निर्धारित किए गए थे।



सरकारी सहायता का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने को उठाए जा रहे कड़े कदम

प्रदेश में सरकारी सहायता का लाभ सही जरूरतमंदों तक पहुंचे, इसके लिए बीपीएल सूची की पारदर्शिता और पात्रता का समय-समय पर सत्यापन आवश्यक किया गया है। गरीबी की वास्तविक स्थिति, परिवारों की बदलती आर्थिक परिस्थितियों और ग्रामीण जीवन की चुनौतियों को देखते हुए इन सूचियों की प्रासंगिकता बीपीएल चयन में आसानी हुई है। ऐसे में अब तस्वीर पूरी तरह से उबर कर सामने आ चुकी है कि प्रदेश में कितने बीपीएल सूची में लोग दर्ज है।

जानकारी के अनुसार इस सर्वेक्षण में परिवारों की आर्थिक स्थिति को केवल जमीन और मकान के आधार पर नहीं आंका गया, बल्कि उनके रोजमर्रा के जीवन से जुड़े पहलुओं को भी विशेष महत्व दिया गया। इसमें कृषि भूमि का आकार, मकान की स्थिति, पहनने के लिए कपड़ों की उपलब्धता, भोजन की सुनिश्चितता, स्वच्छता, टिकाऊ घरेलू वस्तुओं का स्वामित्व, परिवार के सबसे अधिक शिक्षित वयस्क की साक्षरता, काम करने वाले सदस्यों की स्थिति, आजीविका का साधन, बच्चों की स्थिति, कर्ज का बोझ, पलायन के कारण और सरकारी सहायता की आवश्यकता जैसे 13 सामाजिक-आर्थिक मानक शामिल किए गए थे। इन कसौटियों के माध्यम से यह निर्धारित किया गया कि किन परिवारों को आर्थिक रूप से अधिक सहायता की आवश्यकता है।

बीपीएल सूची में शामिल होने के लिए निर्धारित पात्रता के साथ कुछ ऐसी शर्तें भी थीं, जिनके आधार पर परिवारों को अपात्र माना जाता था। दो हेक्टेयर से अधिक असिंचित अथवा एक हेक्टेयर से अधिक सिंचित भूमि रखने वाले परिवारों को इस श्रेणी में शामिल नहीं किया जाता था। इसी तरह बड़े पक्के मकान के मालिक, आयकरदाता और कार, जीप, ट्रैक्टर, ट्रक अथवा बस जैसे चारपहिया वाहन रखने वाले परिवार भी निर्धारित मापदंडों के अनुसार अपात्र थे। जिन परिवारों की वेतन, पेंशन, मानदेय, मजदूरी अथवा व्यवसाय से नियमित मासिक आय 2,500 रुपये से अधिक थी, उन्हें भी पुराने सर्वेक्षण के नियमों के तहत बीपीएल सूची से बाहर रखने का प्रावधान था। इसके अतिरिक्त सरकारी अथवा गैर सरकारी क्षेत्र में नियमित या अनुबंध आधार पर नौकरी करने वाले सदस्य वाले परिवारों को भी अपात्रता की श्रेणी में रखा गया था।

जिलावार स्थिति पर नजर डालें तो कांगड़ा में सर्वाधिक 56,730 परिवार बीपीएल सूची में शामिल हैं। चंबा में 45,785, मंडी में 39,682 और शिमला में 29,796 परिवार इस श्रेणी में दर्ज हैं। बिलासपुर में 16,312, हमीरपुर में 15,764, कुल्लू में 10,828, किन्नौर में 1,973, लाहौल-स्पीति में 1,522, सिरमौर में 12,367, सोलन में 15,858 और ऊना में 13,443 परिवार बीपीएल सूची में शामिल हैं। इस तरह प्रदेश के सभी 12 जिलों में कुल 2,60,060 परिवार इस श्रेणी में आते हैं। पंचायतों के लिए निर्धारित कुल लक्ष्य 2,74,030 परिवारों का था, जबकि 31 मार्च 2025 तक 2,61,842 परिवार दर्ज किए गए थे।

रामपुर में अवैध कब्जों पर नगर परिषद का डंडा, 18 सब्जी विक्रेताओं की सब्जी जब्त

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। नगर परिषद रामपुर द्वारा शहर में बढ़ते अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान चलाया। आयुर्वेदिक अस्पताल के साथ सड़क से बाजार की तरफ जाने वाले रास्ते की पोडियों पर निर्धारित जगह से अधिक जगह घेरकर सब्जी बेच रहे लगभग 18 विक्रेताओं की सब्जी जब्त कर ली गई। इस कार्रवाई से अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया।



नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता राजेश शर्मा ने बताया कि इन विक्रेताओं को पहले भी कई बार समझाया गया था और निर्धारित दायरे में ही सब्जी बेचने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन वे लगातार मनमानी कर रहे थे। निर्धारित जगह से बाहर रेहड़ी-फड़ी लगाने के कारण राहगीरों को बाजार आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को संकरी जगह से गुजरने में दिक्कत हो रही थी। साथ ही यहां बिखरी सब्जियों और कचरे से गंदगी का माहौल भी बन रहा था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नगर परिषद को हर रोज शिकायतें मिल रही थीं। लोगों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए पुलिस टीम रामपुर के सहयोग से यह संयुक्त अभियान चलाया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई एक दिन की नहीं है, बल्कि रोजाना जारी रहेगी, ताकि बाजार में व्यवस्था बनी रहे। शर्मा ने बताया कि कुछ जगहों से अतिक्रमण हटाकर वहां बेंच भी लगाए गए हैं, ताकि बाजार आने वाले थके-हारे लोगों, बुजुर्गों और महिलाओं को बैठकर आराम करने की सुविधा मिल सके।

उन्होंने विक्रेताओं से आग्रह किया कि जितनी जगह दो किल्टों के लिए निर्धारित की गई है, उतने ही दायरे में रहकर सब्जी बेचें। नियमों का उल्लंघन करने पर सब्जी जब्त करने के साथ-साथ चालान भी काटा जाएगा। इस अभियान को नगर परिषद के ठेका सफाई कर्मियों के सहयोग से सफल बनाया गया। इस दौरान नगर परिषद की महिला कर्मचारी प्रेमा और कामनी गुप्ता भी मौजूद रहीं।

एचआरटीसी बस खरीद पर उठे सवाल सरकार श्वेत पत्र जारी करे : प्यार सिंह

अनंत ज्ञान

- 327 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद में पारदर्शिता पर मांगा जवाब

ब्यूरो, शिमला। भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्यार सिंह कंवर ने एचआरटीसी की बस खरीद प्रक्रिया को लेकर सुक्खू सरकार पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले में श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार 327 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद में मंजूरी प्रक्रिया, कीमतों के निर्धारण और निविदाओं को लेकर कई सवाल सामने आए हैं। इनमें 297 टाइप-1 और 30 टाइप-3 बसें शामिल हैं।



कंवर ने बताया कि 297 इलेक्ट्रिक बसों के लिए ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक को 11 अप्रैल 2025 को जारी लेटर ऑफ अवार्ड में करीब 372.93 करोड़ रुपये की राशि दर्शाई गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि इतनी बड़ी खरीद में प्रति बस लागत, तकनीकी मानकों, रखरखाव शुल्क और अन्य राज्यों में निर्धारित कीमतों की तुलना का पूरा विवरण जनता के सामने क्यों नहीं रखा जा रहा है। कंवर ने 24 लग्जरी बसों की खरीद में एकल निविदा, इलेक्ट्रिक बसों के अनिवार्य रूट ट्रायल, बैटरी क्षमता और निविदा शर्तों में कथित बदलाव को लेकर भी निष्पक्ष जांच की मांग की।

उन्होंने कहा कि भाजपा बसों की खरीद के विरोध में नहीं, बल्कि जनता के पैसे के सही इस्तेमाल और पारदर्शिता की पक्षधर है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मांग की गई है कि सभी वित्तीय स्वीकृतियों, निविदा दस्तावेजों, मूल्यांकन रिपोर्टों, तकनीकी परीक्षणों और रखरखाव अनुबंधों को सार्वजनिक किया जाए। साथ ही पूरे मामले की स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच करवाकर संभावित अनियमितताओं की जिम्मेदारी तय की जाए।

नवगठित पंचायत गड़ाह कुफरी में पेयजल संकट

माह में एक-दो बार ही मिल रहा पानी, 500 से अधिक लोगों को नियमित जलापूर्ति का इंतजार

अनंत ज्ञान

प्रदीप कंवर, ठियोग। ठियोग उपमंडल की इसी वर्ष गठित ग्राम पंचायत गड़ाह कुफरी में पेयजल संकट ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। पंचायत के कई गांवों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था होने के बावजूद लोगों को नियमित पानी नहीं मिल पा रहा है। हालात यह हैं कि 500 से अधिक आबादी वाले गड़ाह कुफरी, रौणी, शोलवी, जुब्बड़ और आसपास के गांवों में कई परिवारों को महीने में महज एक-दो बार ही पानी उपलब्ध हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सप्ताह में एक दिन भी नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही, जिससे घरेलू जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है।

पंचायत प्रधान हितेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित विशेष ग्राम सभा में मुख्यमंत्री अपना परिवार योजना के तहत निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करने वाले 9 व्यक्तियों का चयन किया गया।



बैठक में निर्धारित कोरम भी पूरा रहा। इस दौरान ग्रामीणों ने पंचायत की बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं भी उठाईं। लोगों के अनुसार गड़ाच से टीकर तक पानी पहुंचाने के लिए पंप लगाया गया है और टीकर से आगे पंचायत के विभिन्न गांवों में जल वितरण की व्यवस्था है। इसके बावजूद घरों तक नियमित पानी नहीं पहुंच रहा है। स्थानीय निवासी जितेंद्र शर्मा, राजेंद्र, किशोरीलाल और रामलाल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल की अनियमित आपूर्ति से रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने की उठाई मांग

ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और जल शक्ति विभाग से मांग की है कि नवगठित पंचायत के सभी गांवों में पेयजल संकट का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। लोगों का कहना है कि जब पानी उठाने और वितरण के लिए पंप सहित आवश्यक व्यवस्था मौजूद है तो इसकी नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने में आ रही बाधाओं को दूर किया जाना चाहिए। नई पंचायत के गठन के बाद क्षेत्रवासियों को बुनियादी सुविधाओं में सुधार की उम्मीद है। ऐसे में ग्रामीणों की मांग है कि विभाग मौके पर व्यवस्था की जांच कर नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करे, ताकि लोगों को पानी के लिए परेशानी न उठानी पड़े।

कुंगल और फांचा में भालू का आतंक दो लोगों पर किया हमला, दोनों घायल

अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। रामपुर वन मंडल के अलग-अलग क्षेत्रों में भालू के हमले की दो घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं में दो स्थानीय निवासी घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वन विभाग ने घायलों को अंतरिम वित्तीय सहायता प्रदान की है और मुआवजे की औपचारिकताएं पूरी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पहली घटना तड़के करीब तीन बजे कुंगल गांव में हुई। गांव निवासी संजय ने अपने घर के बरामदे में हलचल देखकर बाहर निकलकर जांच करने का प्रयास किया। इसी दौरान पास मौजूद भालू ने अचानक उन पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। सूचना मिलने पर उन्हें खनेरी स्थित महात्मा गांधी चिकित्सा सेवा परिसर में भर्ती करवाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

दूसरी घटना बुधवार सुबह करीब सात बजे फांचा ब्लॉक की काओबिल बीट में हुई। रामपुर तहसील के धरला गांव निवासी बबीता कुमारी पत्नी प्रेम कुमार घास काटने के लिए घर से बाहर गई थीं। इसी दौरान भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं और अस्पताल में भर्ती करवाया गया।



घटनाओं की सूचना मिलते ही वन विभाग के फील्ड स्टाफ ने घटनास्थलों और अस्पतालों का निरीक्षण किया। उप वन संरक्षक के निर्देश पर कुंगल और काओबिल बीट सहित प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि सुबह तड़के और देर शाम अकेले जंगल या सुनसान क्षेत्रों में जाने से बचें। वन्यजीवों की गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी वन बीट कार्यालय को सूचित करें।

गुम्मा-बाघी सड़क 3 साल से मलबे के ढेर में दबी, ग्रामीणों फूटा गुस्सा

अनंत ज्ञान,

- मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री से जल्द हस्तक्षेप की मांग

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। कोटखाई के उबादेश क्षेत्र की जीवनरेखा मानी जाने वाली गुम्मा-बाघी सड़क बदहाली के चलते लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। रोहड़ू, रामपुर और शिमला को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग सफर करते हैं, लेकिन सड़क की दुर्दशा और विभागीय अनदेखी ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हैरानी की बात है कि वर्ष 2023 से खलटू नाले से चर्मैन के बीच सड़क किनारे मलबे के ढेर पड़े हैं, जिन्हें तीन साल बीतने के बावजूद लोक निर्माण विभाग नहीं हटा पाया है।

स्थानीय ग्रामीणों अशोक जस्टा, प्रवीण भावटा, रोहित राजटा, राजीव डोटका, जगदीश शर्मा, श्याम सिंह डोगरा, सुनील चौहान, श्याम जस्टा और राजपाल भिकटा ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रोजगार के मामलों में भाई-भतीजावाद के साथ सड़क निर्माण और सुरक्षा कार्यों में भी मनमर्जी बरती गई। जिन स्थानों पर आम लोगों के घरों और बगीचों की सुरक्षा के लिए डंगे लगाने की जरूरत थी, वहां काम नहीं किया गया, जबकि कई जगह बिना जरूरत डंगे लगाकर चहेतों को लाभ पहुंचाया गया।



ग्रामीणों के अनुसार सड़क किनारे सुरक्षा डंगे नहीं लगाए जाने का खामियाजा स्थानीय बागवानों को भुगतना पड़ा है। कई पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गए, जिससे बागवानों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। सड़क पर लंबे समय से जमा मलबा भी दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा रहा है। लोगों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, ऐसे में इसकी अनदेखी यात्रियों और स्थानीय बागवानों दोनों पर भारी पड़ रही है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया है कि गुम्मा-बाघी सड़क पर संवेदनशील स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षा दीवारें और डंगे लगाए जाएं तथा वर्ष 2023 से जमा मलबे को जल्द हटाया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।

कांग्रेस की जीत पर चुनाव आयोग सही, हारने पर वोट चोरी का आरोप क्यों : श्रीकांत शर्मा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनावी नतीजों के आधार पर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकारें उसी चुनाव आयोग के तहत हुए चुनावों में बनी हैं, जिसे अब राहुल गांधी कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। हैदराबाद में कांग्रेस के कार्यक्रम के दौरान विदेशी प्रतिनिधि की ओर से लगाए गए 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे और राहुल गांधी की कथित प्रतिक्रिया को लेकर भी उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।



श्रीकांत शर्मा ने सवाल उठाया कि यदि चुनाव आयोग की व्यवस्था में कांग्रेस की जीत जनादेश है तो हार के बाद वोट चोरी के आरोप क्यों लगाए जाते हैं? उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं पर राजनीतिक लाभ के लिए आरोप लगाने के बजाय किसी भी तरह की चुनावी अनियमितता के ठोस प्रमाण संबंधित संस्थाओं के समक्ष रखे जाने चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी से यह भी पूछा कि क्या वह वोट चोरी के अपने आरोपों की कसौटी कांग्रेस शासित हिमाचल, कर्नाटक और तेलंगाना पर भी लागू करेंगे। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने विदेशी मंचों पर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर भी कांग्रेस से जवाब मांगा।

श्रीकांत शर्मा ने कहा कि भारत का लोकतंत्र संविधान और जनता के विश्वास पर आधारित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने राहुल गांधी को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बजाय संगठन और जनसेवा पर ध्यान देने की नसीहत देते हुए आत्मचिंतन करने को कहा।

शांति विहार में 23 से शुरू होगी सड़क की मेटलिंग

अनंत ज्ञान, शिमला। शिमला के शांति विहार वार्ड में 24 घंटे पेयजल परियोजना के तहत सड़क बहाली का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। 23 नवंबर से सड़क की मेटलिंग शुरू होगी। सुएज इंडिया की टीम ने गीली मिश्रित गिट्टी बिछाने का कार्य पूरा कर लिया है। इससे स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को जल्द राहत मिलेगी।

9 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में शिमला पुलिस के स्पेशल सेल ने शोघी बैरियर के पास नाकाबंदी के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक पिकअप गाड़ी से करीब 9 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने चंडीगढ़ की ओर से आ रही गाड़ी को संदेह के आधार पर रोककर तलाशी ली तो डैशबोर्ड के भीतर बेहद शातिराना तरीके से छिपाया गया पारदर्शी प्लास्टिक पाउच मिला। जांच में उसमें चिट्टा पाया गया। पुलिस ने मौके पर ही नशे की खेप कब्जे में लेकर संजौली निवासी 30 वर्षीय साहिल और कोटी निवासी 25 वर्षीय साहिल को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बालूगंज थाना (पीएस वेस्ट) में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश मिले। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी चंडीगढ़ में चिट्टा किससे खरीदकर लाए थे और शिमला में इसकी सप्लाई कहां की जानी थी। साथ ही इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, गुरुदेव पुत्र बिहारी लाल निवासी गांव समलाडा डाकघर और तहसील निहरी जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरे नाबालिग बेटे का नाम उसके आधार कार्ड में बेबी वन ऑफ अमिता कुमारी गलत दर्ज हो गया है। संबंधित दस्तावेजों के अनुसार मेरे बेटे का सही नाम भेदांश है।

नाम परिवर्तन

मैं, सुरिन्द्रा (60 वर्ष) पत्नी श्री पुनी चंद गांव सकडयालू डाकघर व तहसील ज्वालामुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुलिन्द्रा गलत दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम सरिन्द्रा है। अतः आधार कार्ड में भी मेरा सही नाम सरिन्द्रा दर्ज किया जाए।

नगर पंचायत रिवालसर जिला मण्डी हि0 प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत रिवालसर द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026 के अंतर्गत उप-नियम (bye-laws) का प्रारूप तैयार किया गया है जिसका निरिक्षण नगर पंचायत रिवालसर के निवासी कार्य दिवस में दिनांक 30-11-2026 तक कर सकते हैं एवं अपना सुझाव अथवा आपति भी दर्ज करवा सकते हैं। निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई भी आपति अथवा सुझाव स्वीकार नही किया जायेगा। उसके उपरान्त उप-नियम (bye-laws) को अंतिम रूप दे दिया जायेगा।

भवदीय,
सचिव नगर पंचायत रिवालसर
जिला मण्डी हि0 प्र0।

PUBLIC NOTICE WITH CORRECTION DEED DATED

On the instructions of my client M/s Cholamandalam Investment and Finance Company Limited CIFCL, Branch Address: V.P.O. Gutkar, Tehsil Balh, Mandi, Himachal Pradesh, Phone: 01905-246234, the following publication is being issued that in respect of the property/plot situated at Mohal Rewalsar/127, Khata Khatoni No. 328/402, Khasra No. 6, measuring 01-19-01, situated at Revenue Mohal Rewalsar, Mandi, Himachal Pradesh, the original Release Deed No. 926/2009 dated 25-06-2009 in the name of Inder Singh son of Durga Singh, Rewalsar, H.P., has been lost / misplaced somewhere.
If any person finds the above-mentioned Release Deed, he may return it by Registered Post to the address given below or inform the undersigned on telephone. If any person /financial institution has any claim / interest in respect of the above through sale, exchange, gift, mortgage or any objection, then kindly inform the undersigned in writing at the address given below within 7 days from the date of this publication, along with the relevant documents in support of his claim / objection. If no objection is received within the prescribed period, then thereafter no claim will be accepted and it will not be binding on my client CIFCL.
Note: The above facts and information have been prepared under the special instructions of CIFCL, and our office / undersigned does not confirm any of the above material.
Sd/- Kulbhushan Jamwal, Advocate
District Court Mandi Contact No.: +91 9459050750

PUBLIC NOTICE WITH CORRECTION DEED DATED

मेरे मुवक्किल मैसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड CIFCL, शाखा पताः वी.पी.ओ. गुटकर, तह, बल्ह, मंडी, हिमाचल प्रदेश, फोनः 01905-246234, के निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रकाशन जारी किया जा रहा है कि संपत्ति/प्लॉट जो मुहाल रिवालसर/127, खाता खतौनी नं. 328/402, किता 6, रकबा 01-19-01, स्थित राजस्व मोहाल रिवालसर, मंडी, हिमाचल प्रदेश में है, के संबंध में इंदर सिंह पुत्र दुर्गा सिंह के नाम की मूल रिलीज डीड नं. 926/2009 दिनांक 25-06-2009, रिवालसर, हि.प्र. में कहीं खो गई / गुम हो गई है।
यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त रिलीज डीड मिलती है, तो वह उसे नीचे दिए गए पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा वापस कर सकता है या अधोहस्ताक्षरी को टेलीफोन पर सूचित कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति/वित्तीय संस्थान का उक्त के संबंध में बिक्री, अदला-बदली, उपहार, गिरवी या किसी आपत्ति के माध्यम से कोई दावा/हित है, तो कृपया प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर अपने दावे /आपत्ति के समर्थन में संबंधित दस्तावेजों सहित नीचे दिए गए पते पर लिखित में अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उसके बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा और न ही मेरे मुवक्किल CIFCL पर बाध्यकारी होगा।
नोटः उपरोक्त तथ्य और सूचना CIFCL के विशेष निर्देशों के तहत तैयार किए गए हैं, और हमारा कार्यालय/अधोहस्ताक्षरी ऊपर उल्लिखित किसी भी सामग्री की पुष्टि नहीं करता है।
हस्ता/- कुलभूषण जम्वाल अधिवक्ता
जिला न्यायालय मंडी संपर्क नं.: +91 9459050750

कंगना ने पीएम मोदी और राहुल गांधी की तस्वीरें साझा कर लिखा 'संस्कार अपने-अपने'

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल से भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर सोशल मीडिया के माध्यम से निशाना साधा है। इस बार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी की दो अलग-अलग तस्वीरों का कोलाज साझा कर उस पर 'संस्कार अपने-अपने' लिखकर राजनीतिक तंज कसा है। कंगना की इस पोस्ट ने भाजपा और कांग्रेस के बीच पहले से जारी बयानबाजी को एक नया मुद्दा दे दिया है।

कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की गई पहली तस्वीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी मां के सामने झुककर उनका आशीर्वाद लेते दिखाया है। दूसरी तस्वीर में राहुल गांधी अपनी मां सोनिया गांधी के साथ नजर आ रहे हैं। कंगना ने सोनिया गांधी के चेहरे के चारों ओर लाल घेरा बनाकर दोनों तस्वीरों को एक साथ प्रस्तुत किया और ऊपर 'संस्कार अपने-अपने' लिखकर अपनी राजनीतिक टिप्पणी दर्ज की।

शिमला में दर्ज एफआईआर से भी जुड़ा है विवाद

गौरतलब है कि गांधी परिवार को लेकर कंगना की 10 नवंबर को की गई अलग सोशल मीडिया पोस्ट के मामले में शिमला के बालूगंज थाने में 13 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिमला निवासी सेवानिवृत्त कैप्टन अतुल शर्मा की शिकायत पर दर्ज इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 353 और 356 के तहत कार्रवाई की गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि कंगना की टिप्पणियां भ्रामक और भड़काऊ हैं तथा उनसे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी की तस्वीरों को लेकर कंगना की नई टिप्पणी ने हिमाचल से लेकर राष्ट्रीय राजनीति तक एक बार फिर सियासी बहस को हवा दे दी है।

दरअसल, इस पूरे विवाद की पृष्ठभूमि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की पुस्तक 'बिलॉनिंगिंग : अ जर्नी ऑफ लव' के विमोचन कार्यक्रम से जुड़ी है। 16 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी ने अपने माता-पिता राजीव गांधी और सोनिया गांधी के पारिवारिक जीवन से जुड़ा बचपन का एक प्रसंग सुनाया था। उन्होंने बताया था कि उन्होंने और उनकी बहन प्रियंका गांधी ने अपने माता-पिता को जीवन में केवल एक बार आपस में नाराज होते देखा था। राहुल के इस भावनात्मक प्रसंग को परिवार के आपसी प्रेम और रिश्तों की सहजता से जोड़कर देखा गया। इसी घटनाक्रम के बाद कंगना ने प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी की तस्वीरों का सहारा लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उनकी पोस्ट में तस्वीरों का चयन और 'संस्कार अपने-अपने' का संदेश राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर इस टिप्पणी को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। एक ओर इसे भाजपा सांसद का राजनीतिक कटाक्ष माना जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस समर्थकों की नजर में यह पारिवारिक रिश्तों को राजनीतिक बहस में खींचने का प्रयास है।

इससे पहले भी कंगना ने सोनिया गांधी और गांधी परिवार को लेकर सोशल मीडिया पर कई टिप्पणियां की थीं। सोनिया गांधी की पुस्तक और गांधी परिवार के पुराने वीडियो से जुड़े प्रसंगों पर की गई उनकी टिप्पणियों ने भी राजनीतिक विवाद खड़ा किया था। राहुल गांधी के हालिया बयान के बाद दोनों दलों के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हुआ है।

न्यूज ब्रीफ

रोटरी क्लब कुल्लू शहर के सभी 11 वार्डों में लगाएगा नेत्र जांच शिविर, 21 से शुरुआत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा शहर के सभी 11 वार्डों में नागरिकों की सुविधा के लिए निशुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। रोटरी आई हॉस्पिटल कुल्लू के चेयरमैन रोटेरियन इंदीवर मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी स्वास्थ्य अभियान के तहत आयोजित इस श्रृंखला का पहला शिविर शनिवार, 21 नवंबर को रोटरी आई हॉस्पिटल, गांधीनगर में लगाया जाएगा। इस पहले शिविर में वार्ड नंबर 8, 9 और 11 के सभी नागरिक अपनी आँखों की निशुल्क जांच करवा सकेंगे। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा, जिसमें प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टर तरुण सूद अपनी सेवाएं देते हुए मरीजों की आँखों की जांच करेंगे। आयोजकों ने संबंधित तीनों वार्डों के समस्त नागरिकों से अपील की है कि जिन्हें भी आंखों से जुड़ी कोई भी समस्या या शिकायत है, वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में पहुंचकर इसका भरपूर लाभ उठाएं।

एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन और साइबर सुरक्षा के टिप्स दिए

अनंत ज्ञान, आनी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला च्वाई में आयोजित सात दिवसीय आवासीय एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन, व्यक्तित्व विकास और साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। बौद्धिक सत्रों में एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट और डीएसपी राजीव मेहता ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया। एसडीएम लक्ष्मण कनेट ने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार करियर चुनने की सलाह दी। उन्होंने अनुशासन, मेहनत, पुस्तकें पढ़ने और लेखन कौशल विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर बिना एआई की सहायता से 1,000 शब्दों का लेख लिखने का कार्य भी दिया। वहीं, डीएसपी राजीव मेहता ने ओटीपी साझा न करने, अनजान लिंक से बचने और डिजिटल ठगी के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने साइबर ठगी की स्थिति में हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। प्रधानाचार्य कुमारी विद्या ने अधिकारियों का आभार जताया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष इंद्र सिंह, कार्यक्रम अधिकारी चुनी लाल, दिवान राजा सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

वरिष्ठ पत्रकार दीप कुमार लखनपाल को भुंतर प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि



अनंत ज्ञान ब्यूरो, भुंतर। वरिष्ठ पत्रकार, भुंतर प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष एवं सतरंगी चैनल के संपादक दीप कुमार लखनपाल के निधन पर बुधवार को प्रेस क्लब कार्यालय में शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान सदस्यों ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। क्लब प्रधान मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि दीप कुमार लखनपाल का निधन जिला कुल्लू के पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने पत्रकारिता के साथ संगठनात्मक गतिविधियों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका सरल और मिलनसार स्वभाव हमेशा याद किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि लंबी बीमारी के बाद उन्होंने 17 नवंबर की सुबह शमशी स्थित अपने घर में अंतिम सांस ली। शोक सभा में चेयरमैन संदीप चुरू काचरू, पंकज हांडा, एसएस कुमार, मनीष कौण्डल सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

मनाली के नसोगी में भीषण अग्निकांड तीन मंजिला कॉटेज जलकर राख

30 लाख रुपए की संपत्ति जली, 11 पालतू बिल्लियों की भी मौत

◆ अग्निशमन विभाग ने तीन अन्य आवासीय कॉटेज को आग की चपेट में आने से बचाया

अनंत ज्ञान



मनाली। पर्यटन नगरी मनाली के नजदीक नसोगी गांव में मंगलवार आधी रात को मौत बनकर आई आग ने एक हंसता-खेलता घर पलभर में राख कर दिया।

तीन मंजिला सुसज्जित आवासीय कॉटेज में लगी भीषण आग में करीब 30 लाख रुपए की संपत्ति स्वाहा हो गई। वहीं, घर में पली 11 पालतू बिल्लियों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। अग्नि शमन विभाग मनाली के जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात करीब 12:17 बजे अग्निशमन केंद्र मनाली को नसोगी गांव में आग लगने की सूचना मिली।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम महज 1 मिनट के भीतर घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। करीब 5 किलोमीटर की दूरी तय कर टीम मात्र 10 मिनट में मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते गौरी डोगरा का तीन मंजिला कॉटेज पूरी तरह आग की लपटों में घिर गया। अग्निशमन विभाग के 9 जवानों ने दो दमकल वाहनों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उनकी सूझबूझ और तत्परता से आसपास स्थित तीन अन्य आवासीय कॉटेज आग की चपेट में आने से बच गए। इन तीनों कॉटेज की अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ रुपए बताई जा रही है। अग्निशमन विभाग के सब फायर ऑफिसर ने बताया कि इस हादसे में किसी व्यक्ति के घायल होने या जान जाने की सूचना नहीं है, जो सबसे बड़ी राहत की बात है। लेकिन 11 पालतू बिल्लियों की मौत ने सभी को भावुक कर दिया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। विभाग मामले की जांच कर रहा है।

26 देवी-देवताओं के आगमन से देवमय हुआ धार्मिक स्थल पनेऊ



अनंत ज्ञान

जितेंद्र गुप्ता, आनी। आनी के प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल पनेऊ नाग मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठे दिन भव्य देव समागम हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में आनी, मंडी और बंजार सहित विभिन्न क्षेत्रों के 26 देवी-देवताओं ने शिरकत की। हजारों श्रद्धालुओं ने इस अलौकिक देव मिलन के दर्शन किए।

इस अवसर पर चित्रकूट धाम से पहुंचे प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य श्री जनार्दनाचार्य महाराज ने कंस वध सहित भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है और अधर्म बढ़ता है, तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को सत्य, भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रूपेंद्र ठाकुर ने बताया कि 26 देवी-देवताओं को विशेष निमंत्रण दिया गया था। पनेऊ नाग ने सभी देवी-देवताओं का पारंपरिक रीति-रिवाजों से स्वागत किया। इनमें शमशर महादेव, कुंईरी व्यास ऋषि, लोमश ऋषि, श्रृंगा ऋषि, बालू नाग और बूढ़ी नागिन सहित अन्य देवी-देवता शामिल रहे। सात दिवसीय कथा का समापन 19 नवंबर को पूर्णाहुति के साथ होगा।

दशहरा उत्सव व्यावसायिक परिसर में गंदगी और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

◆ व्यापारियों ने उपायुक्त कुल्लू को सौंपा मांग पत्र

ब्यूरो, कुल्लू। अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव व्यावसायिक परिसर में सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापारियों ने चिंता जताई है। परिसर में नियमित साफ-सफाई नहीं होने और पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे न लगाए जाने के मुद्दे पर व्यापारियों ने उपायुक्त कुल्लू को मांग पत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। व्यापारियों ने मांग पत्र में कहा कि व्यावसायिक परिसर में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। उचित सफाई, कूड़ेदान और कचरा उठाने की व्यवस्था नहीं होने से दुकानदारों के साथ-साथ यहां आने वाले आम नागरिकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अस्पताल रोड की ड्रेन की सफाई करवाने की मांग भी उठाई।

व्यापारियों ने कहा कि परिसर में चोरी और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना जरूरी है। इसके लिए मुख्य प्रवेश द्वार, निकास द्वार और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाने चाहिए। साथ ही कैमरों की नियमित निगरानी और रखरखाव भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से पूरे परिसर में नियमित सफाई, पर्याप्त कूड़ेदान स्थापित करने, कचरे का समय पर उठान और अस्पताल रोड की ड्रेन की शीघ्र सफाई करवाने का आग्रह किया। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था व्यापारियों के साथ आम जनता की सुविधा के लिए भी जरूरी है।

कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में बाल प्रतिभा का अद्भुत संगम

नन्हे-मुन्ने छात्रों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बिखेरे जलवे, अभिभावकों का मिला भरपूर सहयोग





कुल्लू के ढालपुर स्थित कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के किंडरगार्टन में नन्हे-मुन्ने बच्चे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के किंडरगार्टन अनुभाग में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता ने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। जहां इस आयोजन में छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और अद्भुत आत्मविश्वास से सभी को अचंभित कर दिया।

नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने पारंपरिक वेशभूषा के साथ-साथ अत्यंत अनूठे और सृजनात्मक स्वरूप धारण किए। बच्चों ने डॉक्टर और इंजीनियर जैसी प्रतिष्ठित भूमिकाओं के साथ-साथ पकृति और पर्यावरण से जुड़े रूप भी बड़ी खूबसूरती से प्रस्तुत किए। इस पूरी प्रक्रिया में माता-पिता का सक्रिय और सराहनीय सहयोग देखने को मिला, जिससे बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा खुलकर सामने आई। विद्यालय का सुरक्षित, स्नेहपूर्ण और पारिवारिक वातावरण नौनिहालों को अपने शिक्षकों के बेहद करीब महसूस कराता है, जो उनके मानसिक विकास और आत्मबल को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होता है। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता मात्र नहीं था, बल्कि यह बच्चों की कल्पना शक्ति को पंख देने और उनके भविष्य की मजबूत नींव रखने का एक सार्थक प्रयास था। संस्था का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें बेहतर संस्कार, उम्मीदें और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देना है। कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल की सभी प्रमुख शाखाओं जिनमें ढालपुर, कॉलेज गेट और मौहल शामिल हैं, में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है, जहां सीमित सीटों पर प्रवेश संवाद और मार्गदर्शन सत्र के आधार पर दिए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और उच्च स्तरीय शिक्षण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संस्था परिसर में प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से विशेष एकीकृत शिक्षा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जो बच्चों को भविष्य की उच्च चुनौतियों के लिए तैयार करती है।

गरीबों पर बढ़ा आर्थिक बोझ, प्रदेश सरकार दे 10 गारंटियों का जवाब

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। लाहौल-स्पीति विकास मंच उदयपुर के मंडल अध्यक्ष बीर सिंह राजपूत ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आम जनता और गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का आरोप लगाया है। जारी प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि पहले 20 रुपए का स्टाम्प पेपर अब 100 रुपए और 100 रुपए वाला स्टाम्प पेपर 1,000 रुपए तक पहुंच गया है। इतना ही नहीं, बीपीएल परिवारों को सरकारी दस्तावेजों की नकल निकलवाने के लिए भी पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिन गरीब परिवारों को सरकारी योजनाओं के माध्यम से राहत मिलनी चाहिए, उन्हें दस्तावेज प्राप्त करने के लिए भी आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। कांग्रेस सरकार ने चुनाव के दौरान दस गारंटियों के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन महिलाओं को 1,500 रुपए देने और किसानों से दो रुपए प्रति किलो गोबर खरीदने की गारंटी अभी तक पूरी नहीं हुई है। बीर सिंह ने कहा कि लाहौल-स्पीति में विकास के दावे सोशल मीडिया तक सीमित दिखाई देते हैं, जबकि कई क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों की जरूरत बनी हुई है। जनता को प्रचार नहीं, बल्कि धरातल पर विकास चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि दसों गारंटियों पर स्थिति स्पष्ट की जाए, गरीब एवं बीपीएल परिवारों को सरकारी दस्तावेजों में राहत दी जाए और आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ को कम करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि जनता को अब घोषणाओं के बजाय जवाबदेही और वास्तविक विकास चाहिए।

शमशी में श्रीश्री संस्कार केंद्र का 5 दिवसीय संस्कार कार्यक्रम शुरू



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के श्रीश्री संस्कार केंद्र की ओर से राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला शमशी में पांच दिवसीय फाउंडेशनल प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के कुल्लू जिला मीडिया प्रभारी सुशांत शर्मा ने बताया कि 17 नवंबर से शुरू हुआ यह विशेष कार्यक्रम 21 नवंबर को संपन्न होगा। इसमें करीब 50 नन्हे-मुन्ने बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। वहीं, मीडिया को-ऑर्डिनेटर कुल्लू सुशांत शर्मा ने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास करना तथा उनमें भारतीय संस्कृति और अच्छे संस्कारों के प्रति रुचि जागृत करना है।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक सोनम, कमला बोध व चैतन्य शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नाड़ी शोधन, भ्रामरी प्राणायाम सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया जा रहा है। साथ ही इन गतिविधियों से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों को प्रतिदिन प्रेरणादायक कहानियां सुनाने के साथ दादी मां के पारंपरिक नुस्खों, मंत्र-स्नान की विधि, मंत्रोच्चारण और ज्ञानवर्धक 'वंडर सत्रों' के माध्यम से रोचक जानकारियां दी जा रही हैं। श्रीश्री संस्कार केंद्र के शिक्षक बच्चों को खेल-खेल में योग, अनुशासन, सकारात्मक सोच और जीवनोपयोगी संस्कारों की शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में बच्चों को मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

कुल्लू में जिला स्तरीय मतदाता जागरुकता प्रतियोगिता में 70 विद्यार्थियों ने लिया भाग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में जिला स्तरीय इलेक्टरल लिटरेसी क्लब प्रतियोगिता-2026 के तहत निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गठित चयन समिति की देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल्लू जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न महाविद्यालयों, आईटीआई और स्कूलों के 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें 35 विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी और 35 ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। हिंदी और अंग्रेजी में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विषय 'शुद्ध मतदाता सूची का महत्व' और 'मतदान का महत्व' रहे। वहीं, प्रश्नोत्तरी में मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया, ईवीएम-वीवीपैट, मतदान और मतगणना से जुड़े सवाल पूछे गए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता दो चरणों में हुई। पहले चरण में 35 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 16 विद्यार्थी दूसरे चरण के लिए चयनित हुए। इसके बाद अंतिम 10 प्रतिभागियों का चयन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं के परिणाम 20 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। चयनित विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा एवं भावी मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी भागीदारी बढ़ाना रहा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार निर्वाचन ज्वाला दास, उपनिदेशक प्राथमिक शिक्षा सुरेश कुमार, डॉ. सुमित ठाकुर, प्रो. पुने राम, प्रो. प्रीति और हेमराज भारद्वाज उपस्थित रहे।

आनी में स्वास्थ्य और बस सुविधाओं को लेकर जनहित संघर्ष मोर्चा खोलेगा मोर्चा

30 को आरएम कार्यालय रामपुर के बाहर देंगे धरना

अनंत ज्ञान

◆ 7 दिसंबर को सिविल अस्पताल आनी के बाहर 24 घंटे का धरना देने का किया ऐलान

आनी। आनी विधानसभा क्षेत्र की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं, बस सुविधाओं और लंबित विकास कार्यों को लेकर जनहित संघर्ष मोर्चा ने प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। मोर्चा की विस्तारित बैठक में 31 अगस्त को प्रशासन के साथ हुए लिखित समझौते के तहत निर्धारित कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में आरोप लगाया गया कि प्रशासन और संबंधित विभाग समझौते के अनुरूप कार्य करने में नाकाम रहे हैं।

बैठक की अध्यक्षता सह संयोजक डोला सिंह ने की, जबकि संयोजक पदम प्रभाकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि बस सेवाओं की समस्याओं को लेकर 30 नवंबर को आरएम रामपुर कार्यालय के बाहर धरना दिया जाएगा। इसमें कठारा, आनी-कांडा वाया शामदी-जाओं और आनी-टिपर-पटारना बस सेवाओं को नियमित करने की मांग उठाई जाएगी। मोर्चा ने आनी सिविल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू करने, रिक्त पद भरने, शिशु रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों को दोबारा शुरू करने की मांग उठाई। इन मांगों को लेकर 7 दिसंबर को सिविल अस्पताल आनी के बाहर 24 घंटे का धरना दिया जाएगा। लगौटी और लढागी के बंद स्वास्थ्य केंद्रों तथा ग्रामीण क्षेत्रों के पशु औषधालयों को भी शुरू करने की मांग की जाएगी। बैठक में कहा गया कि सब्जी मंडी और नेशनल हाईवे-305 की टनल से जुड़े कार्यों की समय सीमा 31 दिसंबर को समाप्त हो रही है। निर्धारित समय तक प्रगति नहीं हुई तो जनवरी में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। इसके अलावा दलाश और लुहरी क्षेत्र के मुद्दों पर 5 दिसंबर को विश्राम गृह दलाश में बैठक होगी। संयोजक पदम प्रभाकर ने सरकार पर आनी क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि मोर्चा जनहित के मुद्दों पर अपना संघर्ष जारी रखेगा। बैठक में डोला सिंह, बालकृष्ण, रूपेंद्र बंधु, हीरालाल जोशी, यशपाल, बहादुर सिंह, रोशन, कमलदास, फकीर चंद, सुमा सागर, टीकमा और लता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कुल्लू की अनदेखी पर अपनी ही सरकार से नाराज हैं कांग्रेस विधायक : सुरेंद्र शौरी

अनंत ज्ञान



बंजार। बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कुल्लू सदर के कांग्रेस विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश सरकार पर कुल्लू जिले की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जिला में विकास कार्यों की गति ठप पड़ी है। कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं लंबित हैं और जनहित से जुड़े मुद्दों को सरकार में अपेक्षित महत्व नहीं मिल रहा है।

सुरेंद्र शौरी ने कहा कि सुंदर सिंह ठाकुर का यह बयान कि क्या कुल्लू के लोगों को केवल बाजा बजाने के लिए रखा है, सरकार के प्रति उनकी नाराजगी को दर्शाता है। जब सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ विधायक को ही अपने जिले के सम्मान और प्रतिनिधित्व के लिए आवाज उठानी पड़ रही है, तो आम जनता की समस्याओं की सुनवाई का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुल्लू के विधायक प्रदेश के बड़े कांग्रेस नेताओं की आवभगत और राजनीतिक नजदीकियां निभाने में सक्रिय रहे, लेकिन जिले की मूलभूत समस्याओं और विकास की मांगों को प्रभावी ढंग से सरकार के समक्ष उठाने में सफल नहीं हुए। आज जिले की कई महत्वपूर्ण मांगें फाइलों में दबी हैं और जनता विकास कार्यों का इंतजार कर रही है। शौरी ने कहा कि कुल्लू जिला पर्यटन, संस्कृति और देव परंपराओं के लिए विशेष पहचान रखता है।

कुल्लू दशहरा की अंतरराष्ट्रीय पहचान और समृद्ध देव संस्कृति पूरे हिमाचल का गौरव है। पारंपरिक बाजंत्री देव संस्कृति के सम्मानित संवाहक हैं, लेकिन जिले के लोगों को केवल इस संदर्भ में संबोधित करना उनके सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को चार वर्ष हो चुके हैं, लेकिन चुनावी गारंटियां पूरी नहीं हुई हैं। सड़क और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार की जरूरत है। उन्होंने सरकार से जिले की लंबित विकास परियोजनाओं और जनसमस्याओं पर जवाब देने तथा राजनीतिक आश्वासनों के बजाय धरातल पर काम करने की मांग की।

आग्रह कृषि विभाग ने जिले के किसानों से की समय पर मांग भेजने की अपील

लाहौल-स्पीति में बीज आलू की ग्रेडिंग व स्टफिंग का कार्य जोरों पर

अनंत ज्ञान

◆ किसानों को 16.50 रुपये किलो मिलेगा उच्च गुणवत्ता वाला बीज आलू

ब्यूरो, केलांग। लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने क्षेत्र के किसानों तथा पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिए सूचना जारी की है। वर्तमान में घाटी के दालम फार्म में उच्च गुणवत्ता वाले बीज आलू की ग्रेडिंग और स्टफिंग का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। विभाग के अनुमान के अनुसार, इस प्रक्रिया के तहत फार्म से लगभग 800 से 900 बैग बीज आलू निकलने की पूरी संभावना है, जो क्षेत्र के कृषि विकास के लिए एक बेहद सकारात्मक कदम है।

प्रशासन की ओर से जिला के सभी पंचायत प्रतिनिधियों, प्रधानों और विशेष रूप से किसानों से पुरजोर आग्रह किया है कि वे बिना किसी विलंब के अपनी-अपनी बीज आलू की मांग संबंधित कृषि विभाग तक पहुंचा दें। जिला कृषि विभाग के अनुसार किसान अपनी यह डिमांड सीधे विभाग के माध्यम से अथवा अपनी-अपनी पंचायतों के जरिए भी समय पर भेज सकते हैं, जिससे विभाग सभी किसानों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुगमता और पारदर्शिता के साथ बीज वितरण सुनिश्चित कर सके। जिला कृषि अधिकारी चौधरी राम ने कहा है कि किसानों की आर्थिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष बीज आलू का मूल्य भी पूरी तरह स्पष्ट और किफायती रखा गया है। विभाग द्वारा तय की गई आधिकारिक दरों के अनुसार, किसानों को यह प्रमाणित उच्च गुणवत्ता वाला बीज आलू मात्र 16.50 रुपए प्रति किलोग्राम यानी 3300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से उपलब्ध कराया जाएगा। इस बीच, बदलते मौसम के मिजाज को देखते हुए एक जरूरी चेतावनी भी जारी की गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 3 से 4 दिनों के भीतर मौसम खराब हो सकता है, जिससे उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में मार्ग बाधित होने जैसी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकती हैं। इन संभावित समस्याओं से बचने के लिए प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समय पर डिमांड मिलने से विभाग को F-1 बीज आलू को जिले के सभी निर्धारित वितरण स्टेशनों और जरूरतमंद किसानों तक सुरक्षित एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाने में पूरी सहायता मिलेगी।



दालम फार्म में उच्च गुणवत्ता वाले बीज आलू की ग्रेडिंग और स्टफिंग का कार्य अत्यंत तेजी से चल रहा है, जिससे लगभग 800 से 900 बैग बीज आलू निकलने की पूरी संभावना है। किसानों से अपील है कि वे बिना किसी विलंब के अपनी मांग सीधे विभाग या अपनी पंचायतों के माध्यम से भेजें, ताकि सभी को 16.50 रुपए प्रति किलोग्राम (3300 रुपए प्रति क्विंटल) की किफायती दर पर यह प्रमाणित बीज समय पर मिल सके। आगामी 3-4 दिनों में मौसम खराब होने और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में मार्ग बाधित होने की संभावना को देखते हुए, किसान मौसम बिगड़ने से पहले ही अपनी मांग दर्ज करवाएं ताकि स्र-1 बीज आलू को सुरक्षित एवं समयबद्ध तरीके से वितरण स्टेशनों तक पहुंचाया जा सके।

-डॉ. चौधरी राम जिला कृषि अधिकारी लहौल-स्पीति

सिहण में खुला डाकघर का एक्सटेंशन काउंटर, 20 किमी दूर सैंज जाने की मजबूरी खत्म

अनंत ज्ञान, सैंज। जिला कुल्लू की देहुरीधार पंचायत के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी हो गई है। डाकघर वजाहरा के अंतर्गत सिहण में एक्सटेंशन काउंटर खोला जा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों को डाकघर से जुड़ी सुविधाएं अब अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी। इससे पहले लोगों को डाकघर से संबंधित कार्यों और लेन-देन के लिए करीब 20 किलोमीटर दूर सैंज जाना पड़ता था। सिहण में एक्सटेंशन काउंटर का उद्घाटन देहुरीधार पंचायत की प्रधान टीला देवी, उपप्रधान नीमत राम, समस्त वार्ड सदस्य, बीडीसी सदस्य सीता देवी और पोस्टमास्टर मोहिनी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव यान सिंह और समाजसेवी महेंद्र सिंह पालसरा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। इस दौरान पोस्टमास्टर मोहिनी ने उपस्थित लोगों को डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सिहण स्थित एक्सटेंशन काउंटर में अपने खाते खुलवाएं और अधिक से अधिक लेन-देन करें।उन्होंने बताया कि फिलहाल डाकघर वजाहरा के बीपीएम सप्ताह में एक दिन सिहण में बैठकर लोगों को सेवाएं देंगे। यदि एक्सटेंशन काउंटर में लोगों का लेन-देन और कामकाज बढ़ता है तो सप्ताह में दो दिन भी सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकती हैं।एक्सटेंशन काउंटर खुलने से देहुरीधार पंचायत के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इस सुविधा के लिए खुशी जाहिर करते हुए उम्मीद जताई कि अब उन्हें डाकघर से जुड़े छोटे-बड़े कार्यों के लिए दूरदराज के क्षेत्रों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

न्यूज ब्रीफ

गोरालधार स्कूल में एसएमसी बैठक में की विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर चर्चा

अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा। राजकीय उच्च पाठशाला गोरालधार में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता हेडमास्टर सुरेश नरयाल और एसएमसी प्रधान सुमन बाला ने की। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, विद्यालय की व्यवस्थाओं और स्कूल के समग्र विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। हेडमास्टर ने सदस्यों और अभिभावकों से विद्यालय की बेहतरी के लिए सहयोग एवं सुझाव देने की अपील की। एसएमसी प्रधान ने भी विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए सभी सदस्यों से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

'जॉय ऑफ साइंस' कार्यशाला आयोजित



अनंत ज्ञान, शाहपुर। राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में बुधवार को भौतिक विज्ञान विभाग ने 'जॉय ऑफ साइंस' कार्यशाला आयोजित की। डॉ. अंजना भारद्वाज के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने की। इसमें विज्ञान प्रश्नोत्तरी और प्रदर्शनी करवाई गई। प्रदर्शनी में 30 विद्यार्थियों ने 11 समूहों में विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच, नवाचार और प्रयोगात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

100 बच्चों की शर्त हटाने और नियमित भर्ती की मांग को लेकर तपोवन में गरजे बेरोजगार कला अध्यापक

चार साल से नियुक्ति का कर रहे इंतजार, कहा- सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो शिमला में भूख हड़ताल पर बैठेंगे

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के बेरोजगार कला अध्यापकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को प्रदेशभर के बेरोजगार कला अध्यापक तपोवन स्थित जोरावर स्टेडियम में एकत्रित हुए और मिडल स्कूलों में लागू 100 विद्यार्थियों की अनिवार्य शर्त समाप्त करने तथा कला अध्यापकों के रिक्त पदों को नियमित रूप से भरने की मांग उठाई। प्रदर्शन में चंबा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर और बिलासपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे अध्यापकों ने आगामी कैबिनेट बैठक में इस शर्त को हटाने की मांग की।

बेरोजगार कला अध्यापक इकाई चंबा के अध्यक्ष विपन कुमार ने कहा कि पिछले चार वर्षों से कला



अध्यापक अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से कई बार मिल चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि मिडल स्कूलों में 100 विद्यार्थियों की शर्त लागू होने से कला अध्यापकों की नियुक्ति का रास्ता प्रभावित हो रहा है। यह समझ से परे है कि पहली से आठवीं कक्षा तक ड्राइंग शिक्षक नहीं होगा, जबकि नौवीं और दसवीं कक्षा में विद्यार्थियों को यह विषय पढ़ाया जाएगा। विपन कुमार ने बताया कि पिछले चार वर्षों में एक भी नियमित पद नहीं भरा गया है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने सरकार से 100 बच्चों की शर्त समाप्त कर बैचवाइज और कमीशन के माध्यम से नियमित भर्ती शुरू करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर बेरोजगार कला अध्यापक शिमला में भूख हड़ताल करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। वहीं, बेरोजगार कला अध्यापक संघ कुल्लू की प्रतिनिधि अंजू शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें ऐसी किसी शर्त की जानकारी नहीं दी गई थी कि 100 से कम विद्यार्थी संख्या वाले स्कूलों में कला अध्यापक नियुक्त नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि कला और ड्राइंग का उपयोग लगभग सभी विषयों में होता है, इसलिए पहली से दसवीं कक्षा तक कला शिक्षा को महत्व दिया जाना चाहिए। अंजू शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री और कई मंत्रियों से मुलाकात के बावजूद उन्हें केवल आश्वासन मिले हैं। उन्होंने सरकार से बैचवाइज भर्ती शुरू कर रिक्त पदों को नियमित प्रक्रिया से भरने की मांग की। उन्होंने कहा कि मांगों की अनदेखी जारी रहने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

17 वर्षीय अंकित के लापता होने पर बाल कल्याण समिति ने लिया संज्ञान

अनंत ज्ञान

◆ पुलिस एवं बाल संरक्षण अधिकारियों से 24 घंटे में स्टेटस रिपोर्ट तलब

ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा के जवाली क्षेत्र के तखनियाड़ गांव निवासी 17 वर्षीय अंकित राणा पुत्र श्याम सिंह के लापता होने के मामले में जिला बाल कल्याण समिति ने स्वत: संज्ञान लिया है। समिति ने किशोर की सकुशल तलाश और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस से अब तक की कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर मांगी है।

समिति के अध्यक्ष विक्रमजीत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मामले पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के संज्ञान में आया कि अंकित 17 नवंबर 2026 को सुबह करीब 10 बजे घर से स्कूल जाने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए समिति ने पुलिस अधीक्षक, संबंधित पुलिस जिला और जवाली थाना प्रभारी को किशोर की तलाश में की गई कार्रवाई, मिले सुरागों और वर्तमान स्थिति की विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा जिला बाल संरक्षण अधिकारी कांगड़ा को परिजनों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने और पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाने को कहा गया है। समिति ने पुलिस से स्कूल, आसपास के क्षेत्रों, संभावित आवागमन मार्गों और सीसीटीवी फुटेज की जांच सहित सभी संभावित पहलुओं पर गंभीरता से कार्रवाई करने का आग्रह किया है। बैठक में अध्यक्ष विक्रमजीत शर्मा सहित सदस्य विजय कुमार, संगीता गौतम, विकास और नरेशठा कुमारी मौजूद रहे। समिति ने कहा कि मामले की लगातार निगरानी की जाएगी और किशोर की सकुशल बरामदगी के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाए रखा जाएगा।

दुर्गम क्षेत्रों में 50 किलोमीटर वापसी का नियम अव्यावहारिक, शिक्षा विभाग करे पुनर्विचार

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षकों एवं गैर-शिक्षकों को बैठक, प्रशिक्षण अथवा अन्य सरकारी कार्य के लिए 50 किलोमीटर तक की दूरी तय कर उसी दिन वापस लौटने व अगले दिन अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होने के निर्देश जारी किए जाने पर राजकीय टीजीटी कला संघ ने विरोध जताया है और इस निर्णय की तत्काल पुनरीक्षा मांगी है।

हिमाचल प्रदेश की पहाड़ी परिस्थितियां अन्य राज्यों से अलग हैं। यहां 50 किलोमीटर की दूरी तय करने में कई बार घंटों लग जाते हैं। सड़क की स्थिति, मौसम, परिवहन सुविधा और दुर्गम रास्तों को देखते हुए बैठक अथवा प्रशिक्षण के बाद उसी दिन वापसी का आदेश व्यावहारिक नहीं है। संघ ने कहा कि पहले दूरी सीमा 8 किलोमीटर थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 30 किलोमीटर और अब 50 किलोमीटर कर दिया गया है। विभाग को हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस आदेश पर पुनर्विचार करना चाहिए तथा कर्मचारियों के लिए व्यवहारिक नियम निर्धारित करने चाहिए। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल विजय बरवाल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देश राज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, महासचिव अजय कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कौंडल, पवन शर्मा, नवांग छेरिंग, सुभाष चंद, दिनेश तथा ज्ञान चंद आदि ने शिक्षा विभाग से इस निर्णय का रिव्यू करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में यह आदेश शिक्षकों के लिए अनावश्यक दबाव पैदा करेगा, इसलिए इसे हिमाचल की परिस्थितियों के अनुरूप संशोधित किया जाना चाहिए।

जिला रेडक्रॉस सोसाइटी का ओएसए लक्की ड्रॉ स्थगित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कांगड़ा तथा ओल्ड स्टूडेंट एसोशिएशन द्वारा 15 नवंबर को धर्मशाला कालेज के ऑडिटोरियम में निकाले जाने वाले ओल्ड स्टूडेंट एसोशिएशन लक्की बैग ड्रॉ को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए सचिव रेडजिला क्रॉस सोसाइटी ने बताया कि ड्रॉ निकालने की अगली तिथि शीघ्र ही घोषित कर दी जाएगी।

राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर स्वास्थ्य संगोष्ठी आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन जीने का संदेश देने के उद्देश्य से प्रदेशभर में राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य संगोष्ठियों का आयोजन कर लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के आजीवन सदस्य एवं सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरल साइंसेज के संस्थापक निदेशक डॉ. सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि भारत सरकार की ओर से प्राकृतिक चिकित्सा दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति, पंचतत्वों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अशोक भारद्वाज ने कहा कि जल, वायु, ऊर्जा, मिट्टी और आकाश प्रकृति के महत्वपूर्ण तत्व हैं। इनके साथ संतुलन बनाकर जीवन जीने से स्वास्थ्य बेहतर रखने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में लोग प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं, जिससे अनेक समस्याएं सामने आ रही हैं। प्रकृति के नियमों का पालन करना स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सर्वोदय इंस्टीट्यूट में एक सप्ताह तक प्राकृतिक चिकित्सा ओपीडी निशुल्क रहेगी। इसमें विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध करवाया जाएगा।

20 को तपोवन विधानसभा का घेराव करेगी 'आप', मनीष सिसोदिया भी होंगे शामिल

प्रदेश प्रभारी ऋतुराज ने किया ऐलान, सरकार पर चुनावी गारंटियां पूरी न करने का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने जा रही है। 20 नवंबर को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान तपोवन विधानसभा परिसर का घेराव किया जाएगा। इस प्रदर्शन में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया भी शामिल होंगे। 'आप' के प्रदेश प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा ने बताया कि मनीष सिसोदिया दोपहर एक बजे इन्फिनिटी होटल में पत्रकार वार्ता करेंगे। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे फतेहपुर ट्रक यूनियन के समीप पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक एकत्रित होंगे। यहां से विधानसभा की ओर मार्च किया जाएगा। इसकी सूचना प्रशासन को दे दी गई है।



हिमाचल सरकार के वादे अधूरे: ऋतुराज झा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कांग्रेस सरकार पर चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी की गारंटियों की नकल कर प्रदेश की जनता से 300 यूनिट मुफ्त बिजली, युवाओं को पांच लाख सरकारी नौकरियां, महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चार विश्वस्तरीय स्कूल और पंचायत स्तर पर मोहल्ला क्लीनिक खोलने का वादा किया था। इसके अलावा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और सड़कों के निर्माण का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन सरकार इनमें से किसी भी गारंटी को पूरा नहीं कर पाई है।

एक माह पहले दिया था अल्टीमेटम : झा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने एक महीने पहले मुख्यमंत्री को अल्टीमेटम दिया था कि विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले चुनावी वादे पूरे किए जाएं, अन्यथा पार्टी आंदोलन करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि 20 नवंबर का प्रदर्शन इस आंदोलन की शुरुआत है।

प्रवासियों की बढ़ती संख्या से बनीखेत में सुरक्षा को लेकर फिर उठे सवाल

अनंत ज्ञान



◆ मनीष सरीन बोले-हर 6 महीने हो पुलिस सत्यापन

बनीखेत। बनीखेत और इसके आसपास के क्षेत्रों में सर्दियों का मौसम शुरू होते ही बाहरी राज्यों से आने वाले अस्थायी कामगारों, फेरीवालों, दुकानदारों, रेहड़ी संचालकों और किरायेदारों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिलती है। इस कारण स्थानीय निवासियों के बीच पहचान, निवास संबंधी जानकारी और पुलिस सत्यापन को लेकर चिंताएं फिर से सामने आने लगी हैं। 2922 विधानसभा चुनाव में डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी मनीष सरीन ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि बनीखेत तथा इसके आसपास के सभी बाजारों और रिहायशी क्षेत्रों में रह रहे बाहरी राज्यों के अस्थायी निवासियों एवं कामगारों का तत्काल व्यापक पुलिस सत्यापन करवाया जाए। सरीन ने दिसंबर 2025 की अपनी पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भी क्षेत्र में प्रवासी कामगारों की बढ़ती संख्या को लेकर स्थानीय निवासियों ने बैठकें आयोजित की थीं। इसके बाद उन्होंने तत्कालीन डलहौजी के डीएसपी मयंक शर्मा को विस्तृत पुलिस सत्यापन की मांग करते हुए ज्ञापन भेजा था। कुछ ही दिनों के भीतर पुलिस विभाग ने सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की दिसंबर 2025 की कार्रवाई निश्चित रूप से सराहनीय थी, लेकिन अब आवश्यकता केवल समय-समय पर अभियान चलाने की नहीं, बल्कि एक स्थायी और नियमित व्यवस्था विकसित करने की है। जब हर वर्ष सर्दियों के मौसम में इसी प्रकार की स्थिति देखने को मिलती है, तो पुलिस सत्यापन भी पहले से निर्धारित प्रक्रिया के तहत होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र में रहने और काम करने वाले अस्थायी प्रवासियों का प्रत्येक छह महीने में पुलिस सत्यापन एवं रिकॉर्ड का नवीनीकरण सुनिश्चित किया जाए। सरीन ने स्थानीय व्यापार मंडल, दुकानदारों और मकान मालिकों की जिम्मेदारी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मकान मालिकों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को समझना होगा कि संपत्ति किराये पर देना अथवा किसी को रोजगार देना केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि उससे जुड़ी कुछ सामाजिक और कानूनी जिम्मेदारियां भी हैं।

कलमला में दोमंजिला मकान जलकर राख

परिवार की जिंदगी भर की जमा पूंजी भी स्वाहा, प्रशासन ने दी 10 हजार की फौरी राहत

अनंत ज्ञान

देशराज कश्यप, धरवाला। लिल्ह क्षेत्र की कलमला पंचायत के कुठेहड़ गांव में बुधवार सुबह हुए भीषण अग्निकांड ने एक गरीब परिवार को बेघर कर दिया। आग की लपटों ने देखते ही देखते दोमंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया और घर में रखा राशन, कपड़े, घरेलू सामान सहित परिवार की जिंदगी भर की जमा पूंजी जलकर राख हो गई। इस घटना के बाद परिवार के सामने सिर छिपाने तक का संकट खड़ा हो गया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 4 बजे प्रकाश पुत्र ज्ञानू निवासी गांव कुठेहड़, ग्राम पंचायत कलमला के मकान में अचानक आग लग गई। आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मकान की ऊपरी मंजिल में आग लगी, जबकि प्रकाश अपने परिवार के साथ निचली मंजिल में सो रहे थे। इसी दौरान आसपास के लोगों ने मकान से उठती आग की लपटें देखीं और शोर मचाकर परिवार को सचेत किया। आग की भयावहता को देखते हुए ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बाल्टियों में पानी तथा मिट्टी डालकर आग



पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि ग्रामीणों की तमाम कोशिशों के बावजूद घर के अंदर रखा सामान नहीं बचाया जा सका। कुछ ही समय में परिवार का आशियाना और वर्षों की मेहनत से जुटाई गई गृहस्थी आग की भेंट चढ़ गई।

घटना की सूचना मिलते ही पंचायत प्रतिनिधि और पटवारी मौके पर पहुंचे तथा नुकसान का जायजा लिया। राजस्व विभाग की ओर से प्रभावित परिवार को 10 हजार रुपये की फौरी राहत प्रदान की गई है। वहीं, स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग उठाई है कि अग्निकांड में सब कुछ गंवा चुके परिवार को जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिया जाए।

साथ ही परिवार के सिर पर छत उपलब्ध करवाने के लिए रहने की वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि संकट की इस घड़ी में परिवार को राहत मिल सके।

242 बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने के आदेश

अनंत ज्ञान

◆ 7.15 लाख रुपए की बकाया राशि वसूलने के लिए विद्युत विभाग सख्त

◆ विभाग ने 24 नवंबर तक बिल जमा करवाने की दी अंतिम मोहलत

बबलू पठानिया, चुवाड़ी। विद्युत उपमंडल चुवाड़ी के तहत बिजली बिलों का भुगतान न करने वाले 242 डिफॉल्टर उपभोक्ताओं पर विद्युत विभाग ने शिकंजा कस दिया है। विभाग ने इन सभी उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटने के लिए टीडीसीओ (टेम्परेरी डिस्कनेक्शन) के आदेश जारी कर दिए हैं। इन उपभोक्ताओं के पास विभाग की करीब 7 लाख 15 हजार रुपये की बकाया राशि लंबित है। विद्युत विभाग के अनुसार, संबंधित उपभोक्ताओं में अधिकांश ऐसे हैं, जिन्होंने पिछले 3 से 4 महीनों से बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया है।

लगातार बकाया बढ़ने के चलते विभाग को यह कदम उठाना पड़ा है। विभाग ने सभी डिफॉल्टर उपभोक्ताओं को 24 नवंबर 2026 तक अपने लंबित बिजली बिल जमा करवाने की अंतिम मोहलत दी है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयसीमा तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इतना ही नहीं, कनेक्शन दोबारा जुड़वाने के लिए बकाया बिल के साथ 250 से 500 रुपये तक का निर्धारित री-कनेक्शन शुल्क भी चुकाना होगा। इसके बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल चुवाड़ी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना अपने बिजली बिलों का भुगतान सुनिश्चित करें, ताकि बिजली कनेक्शन कटने और अतिरिक्त आर्थिक बोझ से बचा जा सके।

अमित मेहरा ने निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी स्पर्धाओं के विजेताओं को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

◆ बचत भवन चंबा में हुईं जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं

चंबा। भारतीय निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार एवं जिला निर्वाचन कार्यालय चंबा के सौजन्य से आयोजित ईएलसी प्रतियोगिताओं-2026 की श्रृंखला के तहत बुधवार को बचत भवन चंबा में जिला स्तरीय निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में जिला के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिताओं के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए कार्यवाहक उपायुक्त अमित मेहरा ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूकता तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। निर्वाचन आयोग द्वारा इन प्रतियोगिताओं का आयोजन 2 से 20 नवंबर तक किया जा रहा है। इसके तहत विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर से लेकर विधानसभा तथा जिला स्तर तक निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 27 विद्यार्थी प्रश्नोत्तरी तथा 25 विद्यार्थी निबंध लेखन प्रतियोगिता में शामिल रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए 'निर्वाचन में शुद्ध मतदाता सूची का महत्व' तथा 'मतदान का महत्व' विषय निर्धारित किए गए थे, जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया, ईवीएम एवं वीवीपैट, मतदान तथा मतगणना प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

कार्यवाहक उपायुक्त ने प्रतियोगिता के परिणामों के आधार पर निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम 10-10 विद्यार्थियों को विजेता घोषित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। चयनित विद्यार्थी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर जिला चम्बा का प्रतिनिधित्व करेंगे। उपमंडल अधिकारी (नागरिक) चिराग शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों का मूल्यांकन चयन समिति द्वारा किया गया, जिसमें जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, जिला स्तरीय चुनाव साक्षरता नोडल अधिकारी प्रोफेसर अविनाश, प्रोफेसर सचिन ठाकुर तथा प्रोफेसर दिव्या शर्मा शामिल रहे।

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में चुनावी साक्षरता को बढ़ावा देना, निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूकता विकसित करना, लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा युवाओं को मतदान के महत्व से अवगत करवाना रहा। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कूंर के चौरी में भालू के हमले से व्यक्ति घायल

अनंत ज्ञान, भरमौर। जिला चंबा के कूंर पंचायत के चौरी क्षेत्र में भालू के हमले से एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना ग्राम पंचायत कूंर के टप्पर गांव की है, जहां प्रह्लाद नामक व्यक्ति पर भालू ने हमला कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब



9 बजे उस समय हुआ, जब प्रह्लाद अपनी भेड़-बकरियों को चराने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान अचानक भालू ने उन पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में जंगली जानवरों की बढ़ती गतिविधियों को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भालू की मौजूदगी से ग्रामीणों, पशुपालकों और जंगल के आसपास काम करने वाले लोगों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्र में भालू की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उचित कदम उठाए जाएं, साथ ही घायल प्रह्लाद को नियमानुसार उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। लोगों ने विभाग से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की भी गुहार लगाई है।

अल्पसंख्यक समुदाय और दिव्यांगजनों को किया जा रहा जागरूक : मनोज कुमार

अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी सरकार की योजनाएं

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके, इसी स्पष्ट विजन के साथ हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध निदेशक आईएएस मनोज कुमार लगातार प्रयासरत हैं। उनका उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन योजनाओं को धरातल पर उतारकर दूरदराज के गांवों तक पहुंचाना है। इसी सोच के तहत अब जिला चंबा के विभिन्न क्षेत्रों में अल्पसंख्यक समुदायों और दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जागरूकता शिविर एवं ऋण मेले आयोजित किए जा रहे हैं।

विशेष बात यह है कि आईएएस मनोज कुमार की पहल पर जनजातीय क्षेत्र पांगी में भी इतिहास में पहली बार हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम का जागरूकता शिविर आयोजित किया गया था। इस पहल के माध्यम से दुर्गम पांगी घाटी के बौद्ध समुदाय सहित पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई गई थी। निगम की यह पहल इस सोच को दर्शाती है कि विकास और सरकारी सुविधाओं का लाभ प्रदेश के अंतिम गांव में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। अब इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए निगम ने जिला चंबा के भांदल, झज्जाकोठी और साहो में जागरूकता शिविर एवं ऋण मेले आयोजित करने का निर्णय लिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 नवंबर को भांदल, 25 नवंबर को झज्जाकोठी और 27 नवंबर को साहो में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में अल्पसंख्यक समुदायों और दिव्यांगजनों को निगम की विभिन्न वित्तीय सहायता एवं ऋण योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। पात्र लाभार्थियों को छोटे व्यवसाय स्थापित करने, शिक्षा प्राप्त करने और आजीविका के साधनों को मजबूत बनाने के लिए उपलब्ध ऋण सुविधाओं से अवगत करवाया जाएगा। इसका उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। निगम की ओर से इस संबंध में उपायुक्त चंबा को पत्र भेजकर संबंधित क्षेत्रों में शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का



आग्रह किया गया है, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी इनका लाभ उठा सकें। संबंधित अधिकारियों को स्थानीय प्रशासन के साथ तालमेल स्थापित करने तथा शिविरों की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। आईएएस मनोज कुमार का विजन स्पष्ट है कि अल्पसंख्यक समुदायों को केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से मजबूत बनने के अवसर भी मिलने चाहिए। इसके लिए निगम दूरदराज क्षेत्रों में स्वयं पहुंचकर लोगों को योजनाओं से जोड़ने की दिशा में काम कर रहा है। पांगी से शुरू हुई यह पहल अब चंबा के अन्य दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंच रही है। निश्चित रूप से इस तरह के प्रयासों से उन पात्र लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है, जो भौगोलिक परिस्थितियों और जानकारी के अभाव में सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। निगम का मूल उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों को सशक्त बनाना और सरकार की कल्याणकारी सोच को धरातल पर साकार करना है।

न्यूज ब्रीफ

अनुराग ठाकुर के आठ रेल प्रस्ताव हिमाचल के विकास को देंगे नई दिशा: बलराम बबलू

अनंत ज्ञान, बंगाणा। जिला भाजपा ऊना के उपाध्यक्ष एवं पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष बलराम बबलू ने सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री के समक्ष हिमाचल की रेल कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए रखे गए आठ प्रस्तावों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावों से प्रदेश में पर्यटन, उद्योग, व्यापार और रोजगार को नई गति मिल सकती है। उन्होंने कहा कि मार्च 2028 तक बिलासपुर में रेल पहुंचाने का लक्ष्य प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं, चिंतपूर्णी एक्सप्रेस को मुंबई तक विस्तारित करने से हिमाचल को देश की आर्थिक राजधानी से सीधी रेल सुविधा मिल सकती है। बलराम बबलू ने कहा कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी से हरोली के बल्क ड्रग पार्क को भी लाभ होगा। इससे कच्चे माल की आपूर्ति और तैयार उत्पादों की ढुलाई आसान होगी। उन्होंने केंद्र सरकार से सभी आठ प्रस्तावों को जल्द मंजूरी देकर समयबद्ध तरीके से लागू करने की मांग की।

शालिनी गोस्वामी बनीं महिला मोर्चा अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, विवेक शर्मा, अंब। भाजपा चिंतपूर्णी विधानसभा के अपर मंडल में संगठनात्मक विस्तार करते हुए कई कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पार्टी नेतृत्व से विचार-विमर्श के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। सूची के अनुसार विजय कुमार शर्मा को मंडल महामंत्री, दीपक शर्मा को मंडल उपाध्यक्ष और कनव सूद को आईटी सह संयोजक की जिम्मेदारी प्रस्तावित की गई है। वहीं, शालिनी गोस्वामी को महिला मोर्चा अपर मंडल अध्यक्ष, ज्योति ठाकुर को महामंत्री और मोनिका ठाकुर को उपाध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा अशोक कुमार शर्मा को सपौरी का प्रमुख केंद्र प्रमुख, शिव कुमार को एससी मोर्चा महामंत्री, राधा ठाकुर को अपर मंडल उपाध्यक्ष तथा बालकृष्ण शर्मा को मंडल कार्यालय सह सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी नेतृत्व ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों के अनुरूप निष्ठा से कार्य करने की उम्मीद जताई है। नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

एंटीबायोटिक दवाओ के गलत इस्तेमाल से बढ़ रहा रोगाणुरोधी प्रतिरोध: विशाल ठाकुर

अनंत ज्ञान, ऊना। एंटीबायोटिक दवाओं का अनावश्यक और अनुचित इस्तेमाल रोगाणुओं में दवाओं के प्रति प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा रहा है। इससे सामान्य संक्रमणों का इलाज भी मुश्किल हो सकता है। यह बात जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर ने क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में विश्व रोगाणुरोधी प्रतिरोध जागरूकता सप्ताह के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कही। उन्होंने बताया कि 18 से 24 नवंबर तक मनाए जा रहे इस जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य लोगों को एंटीबायोटिक के सही इस्तेमाल के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि बिना चिकित्सकीय सलाह दवाएं लेना, निर्धारित अवधि से पहले कोर्स बंद करना और बची हुई दवाओं का दोबारा इस्तेमाल करना नुकसानदायक है। संक्रमण से बचाव, स्वच्छता और एंटीबायोटिक के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूकता जरूरी है। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

समाजसेवी ने भेंट कीं दो सिलाई मशीनें

अनंत ज्ञान, अंब। ग्राम पंचायत घंगरेट में सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बेटियों और महिलाओं को समाजसेवी एवं भाजपा जिला एससी मोर्चा के उपाध्यक्ष सतीश कुमार गोगी ने बड़ी राहत दी है। उन्होंने करीब 14 हजार रुपये की दो सिलाई मशीनें प्रशिक्षण केंद्र को भेंट कीं। मशीनों की कमी के कारण महिलाओं को अभ्यास के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था। अब नई मशीनें मिलने से प्रशिक्षण कार्य में तेजी आएगी और सभी प्रशिक्षुओं को बेहतर अवसर मिलेंगे। सतीश गोगी ने कहा कि बेटियों और महिलाओं को हुनरमंद बनाकर आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण हासिल कर महिलाएं घर बैठे रोजगार शुरू कर सकती हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षिका अंजना देवी सहित काजल, शीतल, आंचल, निकिता और शिवानी ने उनका आभार जताया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान वरिंदर शर्मा, उपप्रधान ओंकार शास्त्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बुलेट पर 'वांटेड' लिखकर मचा रहा था हुडदंग, 10,500 रुपए का काटा चालान

मॉडिफाइड साइलेंसर से पटाखे छोड़कर फैला रहा था दहशत

अनंत ज्ञान

- गगरेट पुलिस ने बाइक जब्त कर सिखाया सबक
- नियमों की अवहेलना करने वालों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी

घनारी। घनारी बाजार व आसपास के क्षेत्रों में बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे जैसी आवाज से दहशत फैलाने और यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर गगरेट पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। गगरेट ट्रैफिक पुलिस ने घनारी में एक बुलेट बाइक से पटाखे बजाने और नंबर पलेट पर नंबर की जगह 'वांटेड' लिखने पर 10500 रुपये का चालान किया है।

जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से घनारी क्षेत्र में एक बिना नंबर की बुलेट बाइक स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी। चालक न केवल तेज रफ्तार और साइलेंसर से पटाखे छोड़कर ध्वनि प्रदूषण फैला रहा था, बल्कि कानून का मखौल उड़ाते हुए बाइक की नंबर प्लेट पर रजिस्ट्रेशन नंबर की जगह 'वांटेड' लिखवा रखा था।

इस मामले का संज्ञान लेते हुए मंगलबार को गगरेट ट्रैफिक पुलिस के इंचार्ज ए. एस. आई. घनश्याम ने टीम सहित विशेष नाकेबंदी कर उक्त संदिग्ध बुलेट बाइक को रोका । जांच के दौरान चालक बाइक के वैध दस्तावेज और नंबर प्लेट संबंधी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए बुलेट को तुरंत प्रभाव से हिरासत मे ले लिया और चालक के खिलाफ यातायात नियमों की अवहेलना करने पर विभिन्न प्रासंगिक धाराओं के तहत 10,500 रुपए का चालान किया।

ट्रैफिक इंचार्ज ए.एस.आई. घनश्याम ने कहा कि क्षेत्र में हुड़दंग मचाने वालों, मॉडिफाइड साइलेंसर से पटाखे फोड़ने वालों और बिना नंबर प्लेट या फैंसी नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने राहत की सांस ली है।

बंगाणा में की 40 श्वानों की नसबंदी

डॉग्स बर्थ कंट्रोल योजना के तहत लगाया शिविर, रेबीज वैक्सीन भी लगाई

अनंत ज्ञान



बंगाणा। उपमंडलीय पशु चिकित्सालय बंगाणा में पशुपालन विभाग की ओर से केंद्र सरकार की डॉग्स बर्थ कंट्रोल योजना के तहत विशेष नसबंदी एवं टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न पंचायतों से लाए गए कुल 40 आवारा एवं पालतू श्वानों की नसबंदी की गई। इसके साथ ही सभी श्वानों को रेबीज जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए मुफ्त एंटी रेबीज वैक्सीन भी लगाई गई।

उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. वीरेंद्र पटियाल के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर का नेतृत्व वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी बंगाणा डॉ. राजेश कुमार जंगा ने किया। इस दौरान जोनल पशु चिकित्सालय से विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम ने पहुंचकर नसबंदी की प्रक्रिया पूरी करवाई। चिकित्सकों ने सभी आवश्यक चिकित्सा प्रक्रियाओं और सावधानियों का पालन करते हुए श्वानों का उपचार किया। शिविर में विभिन्न पंचायतों से पशुपालक अपने पालतू श्वानों को लेकर पहुंचे। वहीं, स्थानीय लोगों के सहयोग से आवारा श्वानों को भी चिकित्सालय लाया गया। विभागीय टीम ने नसबंदी और टीकाकरण के साथ श्वानों के स्वास्थ्य की जांच भी की तथा पशुपालकों को उनकी उचित देखभाल के प्रति जागरूक किया।

शिविर को सफल बनाने में पशुपालन विभाग के कर्मचारियों तिलक राज, राणा शर्मा, केशवानंद, बलवीर सिंह, नंदलाल, भीम सिंह, नरेश कुमार, सुरेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, मुकेश कुमार और डिंपल कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा ने कहा कि आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए नसबंदी प्रभावी और मानवीय उपाय है। डॉग्स बर्थ कंट्रोल योजना के तहत ऐसे शिविरों का उद्देश्य अनियंत्रित प्रजनन पर रोक लगाने के साथ पशुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि रेबीज गंभीर बीमारी है और इससे बचाव के लिए समय पर टीकाकरण बेहद जरूरी है। उन्होंने पशुपालकों से अपने पालतू श्वानों का नियमित टीकाकरण करवाने और आवारा श्वानों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने की अपील की। साथ ही शिविर में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, चिकित्सकों और कर्मचारियों का आभार जताया।

भाजपा के दफ्तर में मिलेंगे वोट चोर, चंदा चोर व पेपर लीक के मामले: विवेक शर्मा

अनंत ज्ञान



बंगाणा। राज्य कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता एवं कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए वोट चोरी, चुनावी चंदे में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के मुद्दों पर निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जनता पूछती है कि वोट चोर, चंदा चोर और पेपर लीक के मामले कहां मिलेंगे, तो इसका जवाब है कि भाजपा के दफ्तर में मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को लेकर जनता जागरूक हो चुकी है और भाजपा को सवालों का जवाब देना चाहिए।

विवेक शर्मा ने धर्मशाला में आयोजित रोष रैली को लोकतंत्र की रक्षा और जनता के अधिकारों की लड़ाई का महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों और कथित अनियमितताओं को लेकर जनता में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। कांग्रेस इन मुद्दों को जनता के बीच उठाकर सरकार को जवाबदेह बनाने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ जनता की आवाज उठा रही है। रैली में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर भाजपा की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज करवाया। विधायक ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाएं युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। देश का युवा रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता चाहता है। भाजपा को इन मुद्दों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी और जनता के अधिकारों की आवाज बुलंद करती रहेगी।

भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ 19 को करेगा विधानसभा का घेराव

अनंत ज्ञान, ऊना। प्रदेश के पेंशनर अपने वित्तीय लाभों की मांग को लेकर 19 नवंबर को धर्मशाला में विधानसभा का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ ने भी इस आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की है।

प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक कुलदीप दयाल सहित अन्य भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर पेंशनरों की मांगों की अनदेखी करने और चुनावी वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपने जायज वित्तीय लाभ हासिल करने के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। नेताओं ने कांग्रेस की 10 गारंटियों पर सवाल उठाते हुए युवाओं को रोजगार और महिलाओं को 1500 रुपये देने के वादे पूरे नहीं होने का आरोप लगाया।

भाजपा नेताओं ने ऊना में जल शक्ति और लोक निर्माण विभाग के तहत ठेकेदारों के भुगतान में भेदभाव का आरोप लगाते हुए लंबित भुगतान जल्द जारी करने की मांग भी उठाई।

लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं तो शीतकालीन सत्र का क्या औचित्य: भुट्टो

अनंत ज्ञान



बंगाणा। कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए धर्मशाला में आयोजित विधानसभा के शीतकालीन सत्र की उपयोगिता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब जनता की समस्याओं का समाधान ही नहीं हो रहा तो ऐसे सत्र का क्या औचित्य है।

भुट्टो ने आरोप लगाया कि प्रदेश के हजारों ठेकेदार लंबे समय से भुगतान नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। दीपावली जैसे त्योहार पर भी उन्हें भुगतान नहीं किया गया। इससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक परेशानियां खड़ी हो गई हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने विधानसभा में ठेकेदारों के लंबित भुगतान का मुद्दा उठाया, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जवाब देने के बजाय सदन से बाहर चले गए। भुट्टो ने आरोप लगाया कि सरकार जनसमस्याओं के समाधान के बजाय अपने मित्रों की मौज-मस्ती में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और जनता कांग्रेस सरकार से छुटकारा पाने का इंतजार कर रही है। उन्होंने सरकार से ठेकेदारों का लंबित भुगतान जल्द जारी करने और विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग की। साथ ही कहा कि भाजपा जनता की आवाज विधानसभा से लेकर सड़क तक उठाती रहेगी।

नंगल जरियालां स्कूल में परखी शिक्षा की गुणवत्ता

अनंत ज्ञान, घनारी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगल जरियालां में बुधवार को उपनिदेशक गुणवत्ता शिक्षा जिला ऊना नीरज गर्ग ने टीम सहित औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर शिक्षण कार्य का जायजा लिया और विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम से जुड़े सवाल पूछकर उनके शैक्षणिक स्तर को परखा।

निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति, स्टाफ रजिस्टर, विद्यालय अभिलेख, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा पेयजल, शौचालय, प्रयोगशाला और पुस्तकालय जैसी सुविधाओं की जांच की गई। नीरज गर्ग ने भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान की कक्षाओं में थ्योरी व प्रैक्टिकल गतिविधियों के बेहतर तालमेल की सराहना की। उन्होंने अन्य विद्यालयों में भी इसी तरह शिक्षण व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों को कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने, नियमित मूल्यांकन और बोर्ड परीक्षाओं के बेहतर परिणाम के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश कुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

पंचायत समिति बिलासपुर ने बैठक में रखा तीन माह की आय-व्यय का ब्यौरा

अनंत ज्ञान



बिलासपुर। पंचायत समिति सदर बिलासपुर की त्रैमासिक बैठक बुधवार को पंचायत समिति सभागार में समिति अध्यक्ष कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष लेखराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बारे जानकारी देते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति सदर एवं बीडीओ बिलासपुर विजय कुमार ने बताया कि बैठक की शुरुआत में पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा गत तीन माह के आय-व्यय का विवरण सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात विकासात्मक कार्यों की प्रगति, विभिन्न ग्राम पंचायतों से संबंधित जनसमस्याओं तथा क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, कृषि एवं बागवानी से संबंधित समस्याओं और आवश्यकताओं को प्रमुखता से उठाया गया। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को सदन के समक्ष रखते हुए उनके शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में बढ़ती नशे की समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई तथा युवाओं को नशे से दूर रखने और नशा निवारण के लिए सामूहिक स्तर पर प्रभावी प्रयास करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर पंचायत समिति अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा कि पंचायत समिति सदर बिलासपुर का मुख्य उद्देश्य विकास खंड की प्रत्येक पंचायत का समान एवं संतुलित विकास सुनिश्चित करना तथा आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से आग्रह किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा सदन में उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने लंबित विकास कार्यों में तेजी लाने तथा विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया।

इस अवसर पर पंचायत समिति उपाध्यक्ष नीलम गुप्ता, पंचायत निरीक्षक महेंद्र कुमार, लेखा अधिकारी देवराज ठाकुर सहित पंचायत समिति के समस्त सदस्य, विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

आपदा से बचाव के तरीके सिखाए

अल्फा स्कूल बरठीं में आपदा प्रबंधन कार्यशाला आयोजित

अनंत ज्ञान



बरठीं। अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरठीं में अग्निशमन विभाग के सहयोग से एक दिवसीय आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अग्निशमन विभाग के अधिकारी विरेंद्र सिंह, भाग सिंह एवं राकेश कुमार अपनी टीम के साथ विद्यालय पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि आपदा क्या होती है तथा प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं के कौन-कौन से प्रकार होते हैं। उन्होंने भूकंप, बाढ़, आगजनी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने और दूसरों की सहायता करने के लिए अपनाए जाने वाले आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।

विशेष रूप से आग से संबंधित जानकारी देते हुए अधिकारियों ने आग लगने के प्रमुख कारणों, आग के विभिन्न वर्गों, आग बुझाने के तरीकों तथा अग्निशमन यंत्रों के सही प्रयोग के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को अग्निशमन यंत्रों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी करवाया, ताकि बच्चे आवश्यकता पड़ने पर इनका सही उपयोग समझ सकें।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को आपदा के समय स्कूल भवन से सुरक्षित बाहर निकलने की प्रक्रिया, निर्धारित निकास मार्गों का उपयोग करने, अनुशासन बनाए रखने तथा भगदड़ से बचने के बारे में भी बताया गया। अधिकारियों ने समझाया कि आपातकालीन स्थिति में घबराने के बजाय शांत रहकर समझदारी से कदम उठाना चाहिए। आपदा के दौरान घायल व्यक्तियों एवं बच्चों को प्राथमिक सहायता देने तथा सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ठाकुर दास ने अग्निशमन विभाग की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें जीवन में आने वाली अप्रत्याशित परिस्थितियों से निपटने के लिए व्यावहारिक ज्ञान एवं प्रशिक्षण देना भी आवश्यक है।

बिलासपुर स्कूल में विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला बिलासपुर में विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, बिलासपुर में निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से चयनित 20-20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने मतदाता साक्षरता क्लब के अंतर्गत आयोजित दोनों प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा एवं निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर किरण भड़ाना ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार के महत्व को समझे और निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने मताधिकार तथा निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहें और समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देना, मतदाता शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों की बेहतर समझ विकसित करने का अवसर मिलता है।

बरठीं में लोगों को बताईं बैंक की योजनाएं



अनंत ज्ञान, बरठीं। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा बरठीं द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन शाखा प्रबंधक महेंद्र सिंह व सहायक प्रबंधक अजय कुमार द्वारा ग्राम पंचायत बरठीं में किया गया। शिविर में लगभग 50 लोगों ने भाग लिया। इसमें बैंक से संबंधित कई योजनाओं और सुरक्षा संबंधी स्कीमों के बारे में पूर्ण जानकारी दी गई और आजकल जो साइबर क्राइम चला हुआ है। उसके संबंध में भी पूर्ण जानकारी दी गयी कि किस प्रकार से साइबर ठगी से बचा जा सकता है। मैनेजर महिंदर सिंह ने लोगों को सरकार द्वारा मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं को किस प्रकार लिया जाए !इसके बारे में अवगत करवाया गया! इसके अतिरिक्त झूठी कॉल से बचने की नसीहत दी। और सभी को बैंक में अपना खाता खुलवाने का अनुग्रह किया ताकि हर एक स्कीम जो सरकार के द्वारा चलाई जाए वो मिल सके और अपने पैसे की सुरक्षा भी हो सके। इस अवसर पर पंचायत प्रधान उमा शर्मा,सचिव राजेंद्र कुमार, बीडीसी सदस्य पिंकी देवी वह अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

गेहरवीं स्कूल में एनएसएस शिविर का किया शुभारंभ



अनंत ज्ञान, गेहडवीं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गेहरवीं में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य चमन पुरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि चमन पुरी ने स्वयंसेवी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, सामाजिक जिम्मेदारी एवं सेवा भावना का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनमें समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। शिविर के कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी गौतम एवं सरोज धीमान ने विद्यार्थियों को एनएसएस के उद्देश्यों तथा शिविर के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवियों को शिविर में पूर्ण उत्साह, अनुशासन एवं समर्पण के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रीता, संगीता, अजय कुमार, मनीष कुमार, विनोद कुमार एवं संजीव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में समाज सेवा, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करना है।

सीएम से उठाया 70 किसानों के 1985 में लिए फसल ऋण को माफ करने का मामला

अनंत ज्ञान



- बीरी सिंह बीरू, हरीश गज्जू ने ऋण माफ होने की जताई उम्मीद

राकेश कुमार, स्वारघाट। हिमाचल प्रदेश के करीब 70 किसानों के वर्ष 1985 में लिए गए पुराने फसली ऋणों को माफ करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। दशकों पुराने कर्ज और उस पर लगातार बढ़ते ब्याज के चलते किसान आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं। इसी समस्या को लेकर श्री नयना देवी जी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी स्वारघाट के बीरी सिंह बीरू ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात कर किसानों का फसली ऋण माफ करने की मांग उठाई। बीरी सिंह बीरू ने मुख्यमंत्री को बताया कि करीब 70 किसानों ने वर्ष 1985 में फसली ऋण लिया था, लेकिन इतने वर्षों बाद भी उन्हें कर्ज से राहत नहीं मिल पाई है। उन्होंने मांग की कि किसानों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उनके पुराने ऋण माफ किए जाएं। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हरीश गज्जू को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने और मामले को देखने के निर्देश दिए। वहीं, सहकारी सभा से संबंधित दस्तावेजों के अनुसार सभा की बैंक के प्रति कुल बकाया देनदारी 46,82,721 रुपये है। 30 सितंबर 2026 को आयोजित सभा की आम बैठक में 586 सदस्यों में से केवल 8 सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में बैंक के कर्ज और ब्याज माफी के मुद्दे पर चर्चा की गई। दस्तावेजों के अनुसार बैंक के समक्ष एकमुश्त समझौता (ओटीएस) का प्रस्ताव भी रखा गया था, लेकिन बैंक ने इसे स्वीकार नहीं किया। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय से मिले दिशा-निर्देशों के अनुसार मामले को आगामी कार्रवाई के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के उच्च अधिकारियों के समक्ष भेजा गया है। बीरी सिंह बीरू ने कहा कि किसानों की यह समस्या पहले भी मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाई जा चुकी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार 70 किसानों को दशकों पुराने कर्ज से राहत दिलाने के लिए सकारात्मक निर्णय लेगी।

डोर स्टेप डिलीवरी, मजदूरी कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के विभिन्न थोक भंडारों सदर बिलासपुर, घुमारवीं, झंडूता एवं श्री नैना देवी जी से उचित मूल्य की दुकानों तक आवश्यक वस्तुओं की डोर स्टेप डिलीवरी के तहत परिवहन कार्य तथा उचित मूल्य की दुकानों पर वस्तुओं की उतराई से संबंधित मजदूरी कार्य के लिए वर्ष 2026-28 हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। निविदाएं ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से निगम की निर्धारित वेबसाइट https\Ñ/ /hptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक निविदादाता अपनी निविदाएं 9 दिसंबर 2026 को सायं 4:55 बजे तक उक्त पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के उपरांत प्राप्त होने वाली तथा ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुत की गई किसी भी निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदाएं 10 दिसंबर 2026 को प्रात: 11 बजे निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला दंडाधिकारी बिलासपुर अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष उनके कार्यालय या उनके द्वारा निर्धारित कार्यालय/स्थान पर खोली जाएंगी। इच्छुक निविदादाता निविदा प्रक्रिया एवं आवश्यक शर्तों से संबंधित जानकारी के लिए आधिकारिक ई-निविदा पोर्टल https\Ñ// hptenders.gov.in पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

घुमारवीं कॉलेज फोक ग्रुप सॉन्ग में प्रथम

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के छात्र एवं छात्राओं ने राष्ट्रीय युवा समारोह 2027 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया, जो की 17 नवंबर 2026 को बिलासपुर के केहलूर स्पोर्ट्स कंपलेक्स लुहणु बिलासपुर में संपन्न हुई। महाविद्यालय घुमारवीं के विद्यार्थियों ने फोक ग्रुप सॉन्ग, कविता पाठ एवं पेंटिंग में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फोक ग्रुप सॉन्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रीतम लाल जी ने राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के संगीत विभाग के विद्यार्थियों

न्यूज ब्रीफ

बारिश की कम संभावना के बीच फसलों की निगरानी और सिंचाई पर जोर

अनंत ज्ञान, सोलन। मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवा ने किसानों और बागवानों के लिए 18 से 22 नवंबर तक मौसम पूर्वानुमान के आधार पर सलाह जारी की है। आगामी दिनों में बारिश की संभावना कम रहने और तापमान में उतार-चढ़ाव का अनुमान है। ऐसे में किसानों को खेतों में नमी की नियमित निगरानी करने और जरूरत के अनुसार सिंचाई करने की सलाह दी गई है। बागवान फलदार पौधों के आसपास सफाई रखें तथा गिरे पत्तों और संक्रमित फलों के अवशेष हटाएं। फसलों और पौधों में रोग व कीट के लक्षण दिखने पर समय रहते नियंत्रण उपाय अपनाएं। विशेषज्ञों ने मौसम के अनुसार कृषि कार्य करने और फसलों की गुणवत्ता व उत्पादन बनाए रखने का आग्रह किया है।

किसान सभा का 36वां अखिल भारतीय सम्मेलन संपन्न

किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ 26 नवंबर को देशव्यापी प्रदर्शन : नीतीश ठाकुर



कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे हिमाचल किसान सभा की प्रतिनिधि।

अनंत ज्ञान, सोलन। अखिल भारतीय किसान सभा का 36वां राष्ट्रीय सम्मेलन तेलंगाना के नलगोंडा में संपन्न हुआ। चार दिवसीय सम्मेलन में 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के करीब 1300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें किसानों की समस्याओं, कृषि नीतियों और संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। किसान सभा सोलन के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता नीतीश ठाकुर ने बताया कि संगठन ने 2026 में स्थापना के 90 वर्ष पूरे किए हैं। स्वतंत्रता आंदोलन सहित कई किसान संघर्षों में संगठन की अहम भूमिका रही है। सम्मेलन में हिमाचल के 14 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन होंगे। इसमें मुक्त व्यापार समझौतों, बीज विधेयक और कृषि योजनाओं के बजट में कटौती का विरोध किया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के नाम के दुरुपयोग पर होगी कानूनी कार्रवाई

अनंत ज्ञान, सोलन। हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने संगठन के नाम, पहचान और प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने तथा नाम का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का निर्णय लिया है। संबंधित व्यक्तियों को 15 दिन में अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अधिवक्ता के माध्यम से कार्रवाई होगी। प्रदेश अध्यक्ष जोगिंद्र देव आर्य की अध्यक्षता में मंगलवार देर रात ऑनलाइन आपात बैठक हुई। इसमें संगठन की पहचान और अधिकृत पदाधिकारियों को लेकर गलत जानकारी प्रसारित करने पर चिंता जताई गई। पदाधिकारियों ने बताया कि यूनियन पंजीकृत संगठन है और इसके द्विवार्षिक चुनाव जुलाई 2025 में राष्ट्रीय अध्यक्ष व सचिव की मौजूदगी में हुए थे। यूनियन ने स्पष्ट किया कि किसी अन्य संगठन के चुनाव पर आपत्ति नहीं है, लेकिन उसके नाम का गलत इस्तेमाल बर्दाश्त नहीं होगा। संगठन ने एकता और संवैधानिक पहचान की रक्षा का संकल्प लिया।

बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

स्वास्थ्य मंत्री के गृह क्षेत्र में ही स्वास्थ्य व्यवस्था बेहाल : डॉ. राजेश कश्यप



मीडिया से बात करते भाजपा नेता डॉ. राजेश कश्यप।

अनंत ज्ञान, सोलन। भाजपा नेता एवं सोलन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डॉ. राजेश कश्यप ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल पर सोलन की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री स्वयं सोलन का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसके बावजूद क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पतालों में पर्याप्त डॉक्टरों, चिकित्सा स्टाफ और बेहतर सुविधाओं की कमी से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। डॉ. कश्यप ने सवाल उठाया कि जब स्वास्थ्य मंत्री के गृह क्षेत्र में ही व्यवस्था संतोषजनक नहीं है, तो प्रदेश के अन्य क्षेत्रों का क्या हाल होगा। उन्होंने सरकार से स्वास्थ्य सुविधाओं पर किए वादों का जवाब देने और ठोस सुधार करने की मांग की।

अर्की के कई क्षेत्रों में आज से 28 नवंबर तक अलग-अलग दिनों में बिजली कटौती

अनंत ज्ञान, सोलन। अर्की विद्युत उपमंडल के तहत बिजली लाइनों की मरम्मत और पेड़ों की टहनियों की कटिंग के चलते 19 से 28 नवंबर तक अलग-अलग दिनों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ई. नीरज कुमार कतना ने बताया कि बिजली बंद रहने का समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रहेगा। 19 और 23 नवंबर को रेहटा फीडर के तहत बणिया देवी, दिद्दू, मोहल, शेरपुर, बेहली और आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। 19, 23, 27 और 28 नवंबर को अर्की फीडर के तहत अर्की सहित कई क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित होगी। वहीं, 27 नवंबर को डूमेहर फीडर के अंतर्गत पपलोटा, स्यारी, देवरा, जयनगर और आसपास के गांव प्रभावित रहेंगे। मरम्मत कार्य पूरा न होने पर इसे अगले दिन किया जाएगा।

यशवंत नगर में कूड़े के ढेरों से प्रदूषित हो रही गिरी नदी

रेन शल्टर न होने से यात्री परेशान और शौचालय की हालत दयनीय



अनंत ज्ञान, राजगढ़। गिरिपार क्षेत्र के प्रमुख कस्बे यशवंत नगर में बदहाल सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन से स्थानीय लोग परेशान हैं। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और खुले में फेंका जा रहा कचरा गिरी नदी को भी प्रदूषित करने की आशंका बढ़ा रहा है। कस्बे में 100 से अधिक दुकानें, होटल और ढाबे हैं, लेकिन कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था नहीं है। प्रतिदिन 50 से अधिक बसों की आवाजाही वाले इस कस्बे में यात्रियों के लिए रैन शेल्टर भी उपलब्ध नहीं है। पुराना शेल्टर रखरखाव के अभाव में ध्वस्त हो चुका है। सार्वजनिक शौचालय की हालत भी खराब है। स्थानीय लोगों ने यशवंत नगर को साडा के अधीन लाकर सुनियोजित विकास करने की मांग की है। पंचायत प्रधान भीम सिंह के अनुसारकचरा निस्तारण और शौचालय की मरम्मत का मामला संबंधित विभागों के समक्ष उठाया गया है।

3.01 ग्राम चिट्टे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, नाहन। एसआईयू नाहन की पुलिस टीम ने पांवटा साहिब के भुपपुर टोल बैरियर पर स्कूटी सवार दो युवकों को 3.01 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दिव्यांश शर्मा और स्वयंम ठाकुर क्षेत्र में नशा तस्करी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कुंजा, उत्तराखंड की ओर से आ रही स्कूटी को रोककर तलाशी ली। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना पांवटा साहिब में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

सोलन की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर भाजपा ने राज्यपाल से मांगा हस्तक्षेप

अस्पतालों में दवाइयों की कमी; ऑक्सीजन प्लांट बंद, कांग्रेस सरकार पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

सोलन। भाजपा सोलन शहरी मंडल ने जिले में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति, अस्पतालों में दवाइयों की कमी, कोविड काल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट बंद होने और नए अस्पताल भवन के निर्माण में देरी को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है। मंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए हस्तक्षेप की मांग की है।

मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं। सोलन जिला अस्पताल में बीपी, शुगर, पैंटाप्राजोल और ग्लूकोज जैसी सामान्य दवाइयां भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं। इसके चलते मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।



राज्यपाल को ज्ञापन भेजते भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

दवाइयों की उपलब्धता और अस्पताल भवन जल्द पूरा करने की मांग उठाई

ज्ञापन में अस्पतालों की जांच सुविधाएं प्रभावित होने और पर्ची शुल्क वसूले जाने का मुद्दा भी उठाया गया। मंडल ने स्वास्थ्य व्यवस्था की उच्चस्तरीय जांच, ऑक्सीजन प्लांट शुरू करने, दवाइयों की नियमित उपलब्धता और नए अस्पताल भवन का निर्माण शीघ्र पूरा करवाने की मांग की। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और सीएमओ सोलन को भी भेजी गई है।

आरोप : नए अस्पताल भवन के निर्माण में दो साल की देरी

भाजपा ने कोविड काल में केंद्र सरकार की ओर से स्थापित तीन ऑक्सीजन प्लांट बंद होने पर भी सवाल उठाए। पार्टी का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद इनका संचालन नहीं होना गंभीर मामला है। वहीं, सोलन में नए अस्पताल भवन के निर्माण में करीब दो वर्ष की देरी का आरोप लगाया। इस परियोजना में केंद्र की 90 और प्रदेश सरकार की 10 प्रतिशत हिस्सेदारी है। भाजपा ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार अपनी हिस्सेदारी का प्रबंध नहीं कर पा रही है।

लायन्स क्लब सोलन की नई टीम ने संभाली कमान, अमित आनंद बने अध्यक्ष

समाजसेवा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का लिया संकल्प



लायन्स क्लब सोलन के पदस्थापना समारोह में पदभार ग्रहण करते पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान, सोलन। लायन्स क्लब सोलन का नए लायनिस्टिक वर्ष के लिए पदस्थापना समारोह गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में लायन अमित आनंद ने अध्यक्ष, लायन कमल विग ने सचिव और लायन डॉ. राकेश कुमार अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष के रूप में निदेशक मंडल सहित पदभार ग्रहण किया। मुख्य अतिथि एवं पदस्थापना अधिकारी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन उमेश गर्ग ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पदस्थापित किया। समारोह में पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक लायन जेपी सिंह, पीएमसीसी लायन रमन गुप्ता, लायन विनय गर्ग, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन आरएन गुप्ता, लायन अतुल शर्मा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और विभिन्न क्लबों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। नवनियुक्त टीम ने समाज कल्याण, मानवीय सेवा और संगठनात्मक गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया। समारोह में संगठन की एकजुटता और सेवा भावना का संदेश दिया गया।

सोलन पुलिस भर्ती

शारीरिक परीक्षण में 323 अभ्यर्थी सफल, 498 अयोग्य





अनंत ज्ञान, सोलन। *जिला सोलन में पुलिस भर्ती प्रक्रिया के तहत 17 नवंबर को आयोजित शारीरिक मानक एवं दक्षता परीक्षण में 323 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया। परीक्षण के लिए कुल 1101 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 822 उपस्थित हुए, जबकि 279 अनुपस्थित रहे। एसपी सोलन टी साईं दत्तात्रेय वर्मा ने बताया कि परीक्षण के दौरान 498 अभ्यर्थी विभिन्न मानकों और स्पर्धाओं में अयोग्य पाए गए। इनमें पंजीकरण में तीन, ऊंचाई में 51, 100 मीटर दौड़ में 218, हाई जंप में 159, ब्रॉड जंप में 28 तथा 800/1500 मीटर दौड़ में 39 अभ्यर्थी असफल रहे। पुरुष अभ्यर्थियों के चेस्ट टेस्ट में कोई भी अयोग्य नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि एक अभ्यर्थी चोट के कारण परीक्षण पूरा नहीं कर सका, जिसका मामला लंबित रखा गया है। भर्ती प्रक्रिया के दौरान मिली पांच शिकायतों का निपटारा किया गया, जबकि एक अपील की समीक्षा कर उसका परिणाम घोषित किया गया। परीक्षण के दौरान चोट अथवा मेडिकल से जुड़ा एक मामला सामने आया। इसके अलावा मौसम, उपकरण खराबी या अनुशासनहीनता जैसी कोई घटना दर्ज नहीं हुई। एसपी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और सभी परीक्षण पारदर्शी तरीके से किए गए।*

शिलाई ब्लाइंड मर्डर केस सुलझा, बहन को भगाने की रंजिश में रची हत्या की साजिश

मोटरसाइकिल पर जा रहे व्यक्ति को मारी थी गोली, रंजिश में ली जान

अनंत ज्ञान

एसपी जैरथ, नाहन। जिला सिरमौर के शिलाई क्षेत्र में 10 नवंबर को हुए ब्लाइंड मर्डर मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में कथयाड़ गांव निवासी विनोद को गिरफ्तार किया है। आरोपी को बुधवार को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपनी बहन सुमन को मृतक के बेटे रोहित द्वारा घर से भगाकर ले जाने की रंजिश में हत्या की साजिश रची थी।

एसपी एनएस नेगी ने बताया कि विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) ने तकनीकी साक्ष्यों, गुप्त सूचनाओं और स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। 10 नवंबर को रविंद्र सिंह ने पुलिस थाना शिलाई में शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह अपने भाई खजान सिंह के साथ मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। सुबह करीब 7:20 बजे कोटी उतरोऊ मोड़ के पास धमाके जैसी आवाज सुनाई दी और मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे उसके भाई अचानक नीचे गिर गए। बाद में रविंद्र सिंह के हेलमेट के पिछले हिस्से में छेद मिला और अंदर से चांदी रंग की धातु की गोली बरामद हुई। उसके सिर और पीठ पर भी चोटें आई थीं। उपचार के दौरान खजान सिंह की मृत्यु हो गई।



हत्या का आरोपी पुलिस की पकड़ में। अनंत ज्ञान

पुलिस ने हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर एसआईटी गठित की थी। एसएफएल जुन्गा की विशेषज्ञ टीम ने घटनास्थल का वैज्ञानिक निरीक्षण भी किया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

बीएल स्कूल कुनिहार के जिगर तनवर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित

अनंत ज्ञान, अर्की। कुनिहार स्थित बीएल सेंट्रल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ी जिगर तनवर का चयन राष्ट्रीय स्तर की स्कूल गेम्स अंडर-19 बॉयज ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 26 से 30 नवंबर तक झारखंड के रांची स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगी। विद्यालय के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए जिगर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों को भी विशेष महत्व दिया जाता है। अध्यापक अभिभावक संघ के अध्यक्ष रतन तनवर सहित स्कूल स्टाफ ने जिगर, उसके प्रशिक्षकों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं।



पंजाब रेजिमेंट के सेवानिवृत्त क्लर्कों का चौथा मिलन समारोह 22 नवंबर को अंबाला में

अनंत ज्ञान, सोलन। भारतीय सेना की पंजाब रेजिमेंट के सेवानिवृत्त क्लर्क स्टाफ का चौथा मिलन समारोह 22 नवंबर को अंबाला में आयोजित होगा। रेजिमेंट से सेवानिवृत्त ऑनरेरी कैप्टन बीएस जगोतरा ने बताया कि इसमें देशभर से पूर्व क्लर्क हिस्सा लेंगे। समारोह हरियाणा टूरिज्म के किंगफिशर रिजॉर्ट में होगा, जिसमें करीब 80 प्रतिशत प्रतिभागियों के पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन पुराने साथियों को मिलने और सेना में बिताए सेवाकाल की यादें ताजा करने का अवसर प्रदान करता है। इस दौरान पूर्व क्लर्क अपने अनुभव और यादगार पल साझा करेंगे। समारोह का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारे, सौहार्द और पुराने साथियों के बीच संपर्क एवं मेलजोल बनाए रखना है।

तुन्दल में विकास व किसानों के मुद्दों पर मंथन

कंडाघाट-चायल सड़क चौड़ी करने की उठी मांग, लहसुन के उचित दाम पर चर्चा



जनप्रतिनिधियों के साथ डॉ. राजेश कश्यप।

अनंत ज्ञान, कंडाघाट। ग्राम पंचायत तुन्दल में भाजपा नेता डॉ. राजेश कश्यप ने पंचायत प्रतिनिधियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों के साथ बैठक की। इसमें क्षेत्र के विकास, स्थानीय समस्याओं और किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में पंचायत प्रधान रमेश कश्यप, उपप्रधान चैन सिंह ठाकुर, पूर्व प्रधान परवीन ठाकुर, चित्रलेखा और इंद्रा शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्वयं सहायता समूहों की सदस्य मौजूद रहीं। बैठक में कंडाघाट-साधुपुल-चायल सड़क को चौड़ा करने और इसके सौंदर्यीकरण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। लोगों ने बेहतर सड़क सुविधा और आधारभूत ढांचे के विकास की जरूरत बताई। इसके अलावा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी, पानीपत के सहयोग से क्षेत्र के लहसुन उत्पादकों को उपज का उचित मूल्य दिलाने पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस पहल से किसानों की आय बढ़ाने व स्थानीय कृषि उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध करवाने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। डॉ. राजेश कश्यप ने कहा कि क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान व किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए जनसंवाद व प्रयास जारी रहेंगे।

इलेक्टोरल लिटरेसी प्रतियोगिता

किप्स सनवारा के दो विद्यार्थियों ने हासिल किया दूसरा स्थान

अनंत ज्ञान, सोलन। कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (किप्स) सनवारा के विद्यार्थियों ने 18 नवंबर को धर्मपुर में आयोजित जिला स्तरीय इलेक्टोरल लिटरेसी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 35 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विद्यालय की वान्या कपूर ने निबंध लेखन में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि गीतांश गुलाटी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, तन्वी ठाकुर ने 71 प्रतिभागियों के बीच दसवां स्थान हासिल कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई। विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. संजीव मैन्द्रा और प्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और उनमें शैक्षणिक व बौद्धिक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाने में सहायक हैं।

छठ पूजा आस्था, सामाजिक एकता व अनुशासन का प्रतीक : ओम आर्या



छठ महापर्व पर पूजा-अर्चना के दौरान मुख्य अतिथि ओम आर्या। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान, परवाणू। परवाणू के सेक्टर-5 में छठ पूजा महापर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ओम आर्या ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने सूर्य देव और छठी मैया के समक्ष शीश नवाकर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर ओम आर्या ने कहा कि छठ पूजा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। यह प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, आस्था, अनुशासन और समर्पण का संदेश देता है। पर्व में डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा जीवन की हर परिस्थिति का सम्मान करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने व्रत रखने वाली माताओं और बहनों की श्रद्धा व तपस्या को नमन किया। उन्होंने कहा कि परवाणू जैसे औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न राज्यों के लोग मिलकर त्योहार मनाते हैं, जिससे आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता मजबूत होती है। उन्होंने आयोजन समिति और सहयोगकर्ताओं को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए सभी को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं।

मोहाली में 3.20 करोड़ से संवरेगी सेक्टर-74 व 75 को जोड़ने वाली सड़क, बनेगा सेंट्रल वर्ज

1.36 किमी सड़क होगी चकाचक; दोनों तरफ बनेंगे फुटपाथ, लगेंगी स्ट्रीट लाइटें

अनंत ज्ञान

साहिबजादा अजीत सिंह नगर। मोहाली शहर के सेक्टर-74 (फेज-8) और सेक्टर-75 (8बी) को जोड़ने वाली सड़क का 3.20 करोड़ रुपए की लागत से नवीनीकरण किया जाएगा। विधायक कुलवंत सिंह के प्रयासों से शुरू होने वाली इस परियोजना के तहत 1.36 किलोमीटर लंबी सड़क को आधुनिक सुविधाओं से विकसित किया जाएगा। निर्माण कार्य नगर निगम की ओर से करवाया जाएगा। विधायक कुलवंत सिंह ने बताया कि शहर में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने और यातायात व्यवस्था सुचारू करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में यह सड़क 32 फुट चौड़ी और सिंगल कैरिजवे है। नवीनीकरण के बाद सड़क के बीच में सेंट्रल वर्ज बनाया जाएगा तथा दोनों तरफ 22-22 फुट चौड़ी सड़कें तैयार की जाएंगी। परियोजना के तहत पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए दोनों तरफ फुटपाथ बनाए जाएंगे। इसके अलावा रात के समय सुरक्षित आवागमन के लिए स्ट्रीट लाइटें भी लगाई जाएंगी। इससे वाहन चालकों के साथ पैदल यात्रियों को भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विधायक ने कहा कि परियोजना पूरी होने से दोनों सेक्टरों के निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का सड़क बुनियादी ढांचा मजबूत होगा। इस अवसर पर मेयर सरबजीत सिंह समाना, सीनियर डिप्टी मेयर आरपी शर्मा, डिप्टी मेयर हरपाल सिंह चन्ना सहित नगर निगम पार्षद, उद्योग एसोसिएशन के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



आईसीआईसीआई लाइफ का नया पेंशन प्लान, 90 साल तक निवेश और आजीवन आय का विकल्प

अनंत ज्ञान, राकेश मलकानिया, लुधियाना/जालंधर/अमृतसर। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने सिग्नेचर पेंशन प्लान पेश किया है। इसके तहत ग्राहक बाजार आधारित रिटर्न से सेवानिवृत्ति के लिए संपत्ति और अगली पीढ़ी के लिए विरासत तैयार कर सकेंगे। योजना में 90 वर्ष की आयु तक निवेश का विकल्प है। कंपनी के मुख्य उत्पाद अधिकारी विकास गुप्ता के अनुसार इसमें विभिन्न फंड विकल्प उपलब्ध हैं। सेवानिवृत्ति के समय कुल फंड का 60 प्रतिशत तक कर-मुक्त निकाला जा सकता है, जबकि शेष राशि से वार्षिकी खरीदकर आजीवन नियमित आय प्राप्त होगी। योजना में आंशिक निकासी की सुविधा भी है। मृत्यु होने पर नॉमिनी को जमा प्रीमियम का 105 प्रतिशत या फड वैल्यू, जो अधिक हो, मिलेगा। संयुक्त जीवन पॉलिसी में मुख्य पॉलिसीधारक की मृत्यु पर भविष्य के प्रीमियम माफ होंगे व दूसरे पॉलिसीधारक के लिए पॉलिसी जारी रहेगी।

आरबीआईएस द्वारा एआई, साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



अनंत ज्ञान, खरड़। रयात बाहरा इंटरनेशनल स्कूल (आरबीआईएस) ने रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के सहयोग से साइबर सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। इसमें नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों और यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन सेक्यूनियस टेक के संस्थापक एवं सीईओ और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ पलविंदर सिंह ने किया। उन्होंने एआई के बढ़ते महत्व के साथ इसके लाभों और संभावित खतरों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को व्यक्तिगत डेटा की गोपनीयता, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डीपफेक और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने मजबूत पासवर्ड रखने, ओटीपी साझा न करने, संदिग्ध लिंक से बचने और इंटरनेट पर निजी जानकारी साझा करते समय सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही एआई आधारित शिक्षण उपकरणों और पासवर्ड मैनेजरों के उपयोग की जानकारी भी दी। कार्यशाला के अंत में स्कूल की डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. अभिलाषा सिंह ने विशेषज्ञ का आभार जताया और उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित और जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

बैडमिंटन प्लेयर ज्वाला गुट्टा का अलग अंदाज

भारत की दिग्गज बैडमिंटन प्लेयर ज्वाला गुट्टा बैडमिंटन की खूबसूरती खिलाड़ियों में एक हैं। 2010 कॉमनवेल्थ गेम्स में भी ज्वाला गुट्टा ने अपने पार्टनर अश्विनी पोनप्पा के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था। वहीं, ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2014 में ज्वाला गुट्टा ने स्वर्ण पदक हासिल किया था।



काम नहीं आया यश ढुल का शतक बिहार ने दिल्ली को 2 विकेट से हराया

एजेंसी, इंदौर

यश ढुल ने 59 गेंदों में 125 रन की शानदार पारी खेली लेकिन इसके बावजूद दिल्ली की टीम को बुधवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप बी के एक रोमांचक मैच में बिहार से दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा। ढुल की तूफानी पारी में 16 चौके और सात छक्के शामिल हैं। उनके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज तेजस्वी दहिया ने 25 गेंदों में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। इससे दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 224 रन बनाए।

इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 8.5 ओवर में 126 रन की साझेदारी करके टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। कप्तान प्रियांश आर्य और अनुभवी बल्लेबाज नितीश राणा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। बिहार की तरफ से तेज गेंदबाज राघवेंद्र प्रताप ने 44 रन देकर तीन विकेट लिए।

बिहार के अधिकतर बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया जिससे उसकी टीम ने एक गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट पर 227 रन बनाकर जीत दर्ज की। बिहार की तरफ से सलामी बल्लेबाज आयुष लोहारुका (22 गेंद पर 50 रन) और बिपिन सौरभ (19 गेंद पर 49 रन) ने केवल 5.4 ओवर में 92 रन जोड़े। बिहार ने हालांकि 16.3 ओवर में 189 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे और उस पर हार का खतरा मंडरा रहा था। लेकिन मयंक कुमार (13 गेंद पर नाबाद 24) और प्रशांत सिंह (आठ गेंद पर नाबाद 13) ने नौवें विकेट के लिए 37 रन की अटूट साझेदारी करके बिहार को जीत दिलाई।

वेलिंगटन में 58 साल से नहीं जीत सकी टीम इंडिया

भारत ने यहां मंसूर अली खान पटौदी की कप्तानी में 1968 में जीता था आखिरी टेस्ट मैच

एजेंसी, वेलिंगटन

भारतीय टीम का न्यूजीलैंड दौरा आखिरी चरण में हैं। दोनों टीमों की 19 नवंबर से 2 मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होगी। जसप्रीत बुमराह इस मैच के जरिए टेस्ट क्रिकेट में एक साल बाद वापसी करेंगे। सीरीज का पहला मैच वेलिंगटन में खेला जाएगा। इस मैदान पर टीम इंडिया 58 साल से नहीं जीत सकी है। उसने 1968 में आखिरी टेस्ट मैच जीता था। मंसूर अली खान पटौदी की कप्तानी वाली टीम ने यहां 8 विकेट से जीत दर्ज की थी।

इसके बाद भारत ने यहां 7 टेस्ट मैच खेले, लेकिन एक में भी जीत नहीं पाई। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की चुनौती का अंदाजा जसप्रीत बुमराह के रिकॉर्ड से लगाया जा सकता है। उन्होंने बाकी छह टीमों के खिलाफ टेस्ट में 18.76 की औसत से विकेट लिए हैं। लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टेस्ट में उनकी गेंदबाजी औसत 45.44 है। बुमराह ने वेलिंगटन में 2020 में टेस्ट मैच खेला था। वे इस मैच में सिर्फ एक विकेट ले सके थे। वहीं, इस मैच से पहले मेजबान टीम के कप्तान टॉम लैथम ने अपनी प्लेइंग इलेवन को लेकर टीम की रणनीति का खुलासा किया है। आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार वेलिंगटन में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले लैथम ने मीडिया से बातचीत की। लैथम के मुताबिक न्यूजीलैंड पहले टेस्ट में तीन तेज गेंदबाजों और एक गेंदबाजी ऑलराउंडर के साथ मैदान पर उतरेगा। न्यूजीलैंड की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहते हुए इस मुकाबले में उतरेगी, जबकि भारतीय टीम चौथे स्थान पर है। ऐसे में दोनों टीमों के लिए यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की दौड़ के लिहाज से काफी अहम होगी। अगले साल जून में इंग्लैंड के द ओवल में इस चैंपियनशिप का फाइनल खेला जाना है। भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद न्यूजीलैंड को 9 दिसंबर से शुरू होने वाली चार मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है।



आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी ने 184 खिलाड़ी किए रिटेन

आरसीबी ने सबसे अधिक सात विदेशी खिलाड़ियों को टीम में रखा बरकरार



एजेंसी, नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 16 दिसंबर को होने वाली नीलामी से पहले सभी 10 फ्रेंचाइजी ने उन खिलाड़ियों की सूची जारी की है जिन्हें उन्होंने अपनी टीम में बनाए रखा (रिटेन किया) है। इन खिलाड़ियों में अभिषेक शर्मा, रोहित शर्मा, मोहम्मद सिराज और सुनील नारायण जैसे स्टार खिलाड़ी भी शामिल हैं। कुल 184 खिलाड़ियों को रिटेन किया गया जिनमें 55 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। गुजरात टाइटन्स ने सबसे अधिक खिलाड़ियों (22) को रिटेन किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सबसे अधिक सात विदेशी खिलाड़ियों को अपनी टीम में बनाए रखा है, जबकि पांच बार के चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स ने 19-19 खिलाड़ियों को अपनी टीम में रखा है। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स 18 खिलाड़ियों को बरकरार रखने के बाद 47.45 करोड़ रुपए की सबसे अधिक शेष धनराशि के साथ नीलामी में प्रवेश करेगा। नीलामी में उसे सात स्थान भरने हैं। वहीं, गुजरात टाइटन्स के पास सबसे कम 8.75 करोड़ रुपए की राशि बची हुई और उसे तीन खिलाड़ियों की जरूरत है।

1,002.05 करोड़ खर्च अब नीलामी के लिए बचे मात्र 297.95 रुपए

सभी 10 फ्रेंचाइजी ने खिलाड़ियों को बरकरार रखने के लिए कुल 1,002.05 करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जिससे नीलामी के लिए कुल 297.95 करोड़ रुपए का बजट बचा है।

रिटन किए गए खिलाड़ियों के बाद टीमों की स्थिति

चेन्नई सुपर किंग्स: अकील होसेन, अंशुल कंबोज, आयुष म्हात्रे, डेवाल्ड ब्रेविस, गुरजापनीत सिंह, जैक एडवर्ड्स, जेमी ओवरटन, कार्तिक शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन , मुकेश चौधरी, नूर अहमद, राहुल चाहर, रामकृष्ण घोष, रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सरफराज खान, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, उर्विल पटेल।

दिल्ली कैपिटल्स: आशुतोष शर्मा, औकिब डार, अक्षर पटेल, डेविड मिलर, केएल राहुल, काइल जैमीसन, लुंगी एनगिडी, माधव तिवारी, मुकेश कुमार, पृथ्वी साव, ऋषभ पंत, समीर रिज़वी, त्रिपुराना विजय, ट्रिस्टन स्टब्स, विप्रज निगम, जीशान अंसारी ।

गुजरात टाइटंस: अनुज रावत, अशोक शर्मा, ग्लेन फिलिप्स, गुरनूर बराड़, हर्षल पटेल , जेसन होल्डर, जयंत यादव, जोस बटलर, खाडा, कुमार कुशाग्र, मानव सुथार, मोहम्मद सिराज, अरशद खान, निशांत सिंधु, प्रसिद्ध कृष्णा, आर साई किशोर, राहुल तेवतिया, रशिद खान, साई सुदर्शन, शुभमन गिल, टॉम बैंटन, वाशिंगटन सुंदर।

कोलकाता नाइट राइडर्स : अंगकृष रघुवंशी, अनुकूल रॉय, कैमरून ग्रीन, फिन एलन, हर्षित राणा, कार्तिक त्यागी, मनीष पांडे, प्रशांत सोलंकी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, रोवमैन पॉवेल, सार्थक रंजन, सौरभ दुबे, सुनील नारायण, टिम सीफर्ट, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती।

लखनऊ सुपर जाइंट्स: अब्दुल समद, एडेन मार्क्रम, आकाश सिंह, अक्षत रघुवंशी, अर्जुन तेंदुलकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, दिग्वेश राठी, जोश इंग्लिस, कुलदीप यादव, मयंक यादव, मिशेल मार्श, मोहसिन खान, मुकुल चौधरी, निकोलस पूरन, प्रिंस यादव, सैम कुरेन, शाहबाज अहमद।

मुंबई इंडियंस: अर्शदीप सिंह, अश्विनी कुमार, कॉर्बिन बॉश, जसप्रीत बुमराह, मिचेल सैंटनर, नमन धीर, क्विंटन डी कॉक, रघु शर्मा, राज अंगद बावा, रोहित शर्मा, स्यान स्किल्टन, शार्दुल ठाकुर, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, विल जैक।

पंजाब किंग्स: अजमतुल्लाह उमरजई, बेन द्वारशुइस, कूपर कोनोली, हार्दिक पंड्या, हरनूर पन्नू, हरप्रीत बराड़, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, मुशीर खान, प्रभसिमरन सिंह, प्रियांश आर्य, शशांक सिंह, श्रेयस अय्यर, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, विशाक विजयकुमार, जेवियर बार्टलेट, यश ठाकुर, युजवेंद्र चहल।

राजस्थान रॉयल्स: अमन राव पेराला, ब्रजेश शर्मा, दासुन शनाका, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोफ्रा आर्चर, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, मणिमारन सिद्धार्थ , मोहम्मद शमी , नंद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई, रविंद्र जड़ेजा, रियान पराग, संदीप शर्मा, शुभम दुबे, सुशांत मिश्रा, वैभव सूर्यवंशी, यशराज पुंजा, यशस्वी जायसवाल।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु: अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जैकब डफी, जितेश शर्मा, जॉर्डन कॉक्स, जोश हेजलवुड, कनिष्क चौहान, क्रुणाल पंड्या, नुवान तुषार, फिल सॉल्ट, रजत पाटीदार, रसिख डार, रोमारियो शेफर्ड, सुयश शर्मा, टिम डेविड, वेंकटेश अय्यर, विक्की ओस्टवाल, विराट कोहली, यश दयाल।

सनराइजर्स हैदराबाद: अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, ब्रायडन कार्से, ईशान मलिंगा, हर्ष दुबे, हेनरिक क्लासेन, ईशान किशन, खलील अहमद, क्रेन्स फुलेट्रा, नाथन एलिस , नीतीश कुमार रेड्डी, पैट कमिंस, प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन, सलिल अरोड़ा, शिवांग कुमार, स्मरण रविचंद्रन, टी. नटराजन।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : भारत की निगाहें चौथे खिताब पर

आज मलेशिया के साथ होगा पहला मुकाबला

एजेंसी, भोपाल

एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम बृहस्पतिवार से यहां शुरू होने वाली महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में रिकॉर्ड चौथा खिताब जीतने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम अपना पहला मैच बृहस्पतिवार को मलेशिया के खिलाफ खेलेगी। इस प्रतियोगिता में छह टीम भाग ले रही हैं। भारत ने इससे पहले रांची और राजगीर में खेले गए टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज चीन एशियाई खेलों के फाइनल में भारत से हार गया था। वह इस हार का बदला लेने और अपना पहला खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध होगा।

भारत वर्तमान में दक्षिण कोरिया के साथ प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से सबसे सफल टीम है। इन दोनों ने तीन-तीन खिताब जीते हैं। भारत फिर से घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर रिकॉर्ड चौथा खिताब जीतने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगा। मुख्य कोच शोर्ड मारिन की देखरेख में भारतीय टीम शानदार फॉर्म के साथ टूर्नामेंट में उतर रही है। भारतीय टीम ने पिछले कुछ समय में हैदराबाद में क्वालीफायर से विश्व कप में जगह बनाई, ऑकलैंड में एफआईएच महिला नेशंस कप जीतकर फिर से प्रो लीग में स्थान बनाया तथा नीदरलैंड और बेल्जियम में खेले गए विश्व कप में पांचवां स्थान हासिल किया, जो 1974 के बाद से इस प्रतियोगिता में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। टीम ने हालांकि सबसे बड़ी उपलब्धि पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में हासिल की जहां उसने महिला हॉकी में स्वर्ण पदक के लिए 44 साल का इंतजार समाप्त किया। भारत इस लय को चैंपियंस ट्रॉफी में बरकरार रखने की कोशिश करेगा। यह टूर्नामेंट नाथू बरखेड़ में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में खेला जाएगा। यह मध्य प्रदेश में खेला जाने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट है। भारतीय टीम ने अभ्यास मैच में जापान पर 4-1 से जीत हासिल करके अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत पेश किया।

हमारा फोकस अपनी रणनीति पर: सलीमा

भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि टीम विपक्षी टीम की चिंता करने के बजाय अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा, 'हम इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि हमारे विरोधी क्या कर रहे हैं। हम सिर्फ खुद पर, अपनी रणनीति पर और कोच के निर्देशों का पालन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।' राउंड-रॉबिन लीग में भारत को चीन, जापान और दक्षिण कोरिया से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वहीं, कोच मारिन इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को अलग-अलग पोजीशन पर आजमाना चाहते हैं जिससे टीम को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि खिलाड़ी अलग-अलग पोजीशन पर खेलें। इससे टीम में और अधिक गहराई आएगी और अगर कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाता है, तो इससे विशेषकर ओलंपिक खेलों जैसी प्रतियोगिता में मदद मिलेगी।'

स्पोर्ट्स विंडो

डब्ल्यूटीएल में भाग लेंगे स्वितोलिना बेनसिच, पिलिस्कोवा व किर्गियोस

एजेंसी, बेंगलुरु। विश्व की पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेनसिच, कैरोलिना पिलिस्कोवा, विंबलडन के फाइनलिस्ट निक किर्गियोस और दो बार के विंबलडन युगल चैंपियन हैरी हेलियोवारा उन 16 खिलाड़ियों में शामिल हैं जो इस साल होने वाली वर्ल्ड टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) में भाग लेंगे। यह लीग 17 से 20 दिसंबर तक यहां के केएसएलटीए एस.एम. कृष्णा टेनिस स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में विदेशों के स्टार खिलाड़ियों के अलावा कई भारतीय खिलाड़ी भी अपना कौशल दिखाएंगे। इस सत्र में चार टीम एरिक्स ईगल्स, गेम चेंजर्स फाल्कन्स, ऑसिस मावेरिक्स काइट्स और वीबी रियल्टी हॉक्स इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

कप्तान ईश्वरन और अभिषेक पोरेल ने दिलाई बंगाल को झारखंड पर जीत

एजेंसी, मुंबई। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के नाबाद 61 रन और अभिषेक पोरेल के 49 रन की मदद से बंगाल ने बुधवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में झारखंड को सात विकेट से हराया। बंगाल ने 149 रन का लक्ष्य 18.4 ओवर में हासिल कर दिया। ईश्वरन ने अपनी 48 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्का लगाया जबकि पोरेल ने 34 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 49 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दी। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। इससे पहले मौजूदा चैंपियन झारखंड ने सात विकेट पर 148 रन बनाए जिसमें विराट सिंह ने 37 गेंदों पर नाबाद 45 और शिखर मोहन ने 26 गेंदों पर 42 रन का योगदान दिया। उत्कर्ष सिंह ने 18 गेंदों में 23 जबकि अनुकूल रॉय ने 17 रन बनाए। बंगाल की तरफ से मुकेश कुमार, सायन घोष और ऋषभ चौधरी ने दो-दो विकेट लिए।

जैकब बेथेल घुटने की सर्जरी के चलते दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर

एजेंसी, लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल घुटने की चोट के कारण लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रह सकते हैं। उन्हें अपने दाएं घुटने की सर्जरी करानी होगी। इस वजह से वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी व्हाइट बॉल सीरीज के साथ-साथ दिसंबर में होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे से भी बाहर हो गए हैं। इसके अलावा वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन में भी नहीं खेल पाएंगे। आईसीसी वेबसाइट के मुताबिक बेथेल 2026 में ज्यादातर समय घुटने की समस्या से जूझते रहे हैं। उन्होंने जुलाई में भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में वनडे मुकाबले में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया था। इस मैच में उन्होंने 91 रन की पारी खेली थी। इसके बाद से वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नहीं खेले हैं। 23 वर्षीय बेथेल को ऑस्ट्रेलिया में जारी व्हाइट बॉल सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम से जुड़ना था। इसके बाद उन्हें दिसंबर में होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भी जाना था। हालांकि, घुटने की चोट दोबारा उभरने के कारण उन्हें दोनों सीरीज से बाहर होना पड़ा है।



आईपीएल में भी नहीं खेलेंगे

सैंडपेपरगेट मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बनाएगा स्वतंत्र फोरम

एजेंसी, मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2018 के सैंडपेपरगेट मामले से जुड़े खिलाड़ियों और स्टाफ को अपनी बात रखने का मौका देने के लिए स्वतंत्र फोरम बनाने का फैसला किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम चेयरमैन डेविड बून और मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे से करीब एक घंटे पहले इसकी जानकारी दी। बून ने साफ किया कि इस फोरम का मकसद पुरानी घटना की दोबारा जांच करना नहीं है। इसके जरिए घटना से जुड़े लोग अपने अनुभव और नजरिया साझा कर सकेंगे, ताकि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट इस विवाद से आगे बढ़ सके। यह विवाद फिर से चर्चा में है और इसकी वजह हैं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर उस्मान ख्वाजा। उन्होंने अपनी बायोग्राफी बुक 'सब्र' में दावा किया कि 2018 के साउथ अफ्रीका दौरे पर पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को गेंद से छेड़छाड़ की जानकारी थी।

ज्वेरेव ने एटीपी फाइनल्स में शेल्टन को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी, तूरिन। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एक बार फिर अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के बेन शेल्टन को हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी ज्वेरेव ने शेल्टन को 6-2, 7-6 (4) से हराया। जर्मनी के इस खिलाड़ी ने अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी शेल्टन को हराया था। उन्होंने अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अब अपना रिकॉर्ड 7-0 कर दिया है। शेल्टन ने अभी तक एक मैच जीता है जबकि एक मैच में उन्हें हार मिली। उन्हें सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए राफेल जोडर के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मैच जीतना होगा। इससे पहले आर्थर फिल्स ने जोडर को 4-6, 6-2, 6-2 से हराकर एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली जीत दर्ज की।

सोना 11 महीने में सबसे सस्ता 1.32 लाख रुपए से नीचे आया

एजेंसी, नई दिल्ली

सोने-चांदी के दाम में 18 नवंबर को लगातार छठे दिन गिरावट जारी है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना आज 2,696 रुपए गिरकर 1.32 लाख रुपए आ गया है। वहीं, एक किलो चांदी 4,665 रुपए घटकर 1.65 लाख रुपए पर आ गई है। सोना 11 महीने में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले इससे पहले सोना 19 दिसंबर 2025 को 1,31,779 था, जो 22 दिसंबर 1,33,970 हुआ था। इसके बाद दाम 1,31,779 से नीचे नहीं आया। सोना-चांदी की कीमत में गिरावट अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर मजबूत होने और बड़े निवेशकों के ऊंचे दामों पर बिकवाली करने से हो रही है।

चांदी 4,665 रुपए घटकर 1.65 लाख हुई



सेंसेक्स 500 प्वाइंट्स गिरकर 82031 पर बंद

एजेंसी, मंबई। बुधवार को भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 500.38 अंक गिरकर 82,031.81 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 159.46 अंक की गिरावट के साथ 25,227.95 पर आ गया। पिछले सत्र में बाजार नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी कोषों के निवेश ने बाजार के नुकसान को कुछ हद तक सीमित किया।

झारसुगुड़ा यार्ड के पुनर्निर्माण कार्य के चलते 90 ट्रेनें रद्द

एजेंसी, कोलकाता। ओडिशा के झारसुगुड़ा पैसेंजर यार्ड में चल रहे यार्ड रीमॉडलिंग (पुनर्निर्माण) कार्य के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे ने नवंबर और दिसंबर 2026 में अलग-अलग तिथियों पर कुल 90 ट्रेनों का परिचालन रद्द करने का निर्णय लिया है। इस कार्य के चलते हावड़ा, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, रांची, टाटानगर, राउरकेला और संबलपुर सहित कई प्रमुख रेल मार्गों पर यात्री सेवाएं प्रभावित रहेंगी। रेलवे प्रशासन की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, रद्द की गई ट्रेनों में मेमू, एक्सप्रेस और लंबी दूरी की महत्वपूर्ण ट्रेनें शामिल हैं। कुछ ट्रेनों का परिचालन लगातार कई दिनों तक बंद रहेगा, जबकि कुछ ट्रेनें केवल निर्धारित तिथियों पर रद्द रहेंगी। इससे नियमित यात्रियों के साथ-साथ लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को भी परेशानी हो सकती है। रद्द होने वाली ट्रेनों में झारसुगुड़ा-संबलपुर मेमू, झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू, राउरकेला-झारसुगुड़ा मेमू, हटिया-झारसुगुड़ा एक्सप्रेस, टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस और राउरकेला-पुरी एक्सप्रेस शामिल हैं।

ममदानी बोले-अमेरिका में हिंदू और सिखों के खिलाफ नफरत बर्दाश्त नहीं

हमें जीवन जीना सिखाती हैं रामायण और महाभारत

एजेंसी, न्यूयॉर्क

न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने अमेरिका में हिंदू और सिख समुदाय के खिलाफ बढ़ती नफरत पर चिंता जताई है। उन्होंने मंगलवार को अपने कार्यालय में दिवाली कार्यक्रम के दौरान कहा कि पिछले एक साल में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया और सिख समुदाय के खिलाफ भी नफरत फैलाई गई। ममदानी ने कहा, 'चाहे वॉशिंगटन हो या दिल्ली, हमें ऐसी राजनीति को खारिज करना चाहिए जो हमारी जिंदगी में अंधेरा लाती है।'



दिवाली कार्यक्रम में ममदानी ने रामायण और महाभारत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि रामायण हमें सिखाती है कि कैसा भाई, पति, पत्नी और दोस्त बनना चाहिए। वहीं, महाभारत परिवारों की असली तस्वीर दिखाती है। इसमें सबसे बहादुर योद्धा और सबसे बुद्धिमान लोग भी गलतियां करते हैं। यह हमें सिखाती है कि अपना धर्म और कर्तव्य वफादारी से ऊपर रखना चाहिए। ममदानी ने बताया कि वह बचपन से परिवार के साथ दिवाली मनाते आए हैं। अब न्यूयॉर्क के मेयर के तौर पर पूरे शहर के लोगों के साथ यह त्योहार मनाना उनके लिए सम्मान की बात है। 35 साल के ममदानी की मां मीरा नायर पंजाबी हिंदू परिवार से आती हैं।


खतरा 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना

गंभीर चक्रवाती तूफान में बदला 'अक्वान'

एजेंसी, चेन्नई

बंगाल की खाड़ी में बना 'अक्वान' चक्रवात गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है। यह पिछले छह घंटों के दौरान तीन किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मौसम विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 16 नवंबर को दक्षिण-पूर्व और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ा और शाम करीब 5:30 बजे चक्रवात 'अक्वान' में तब्दील हो गया। यह दक्षिणी बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों और उससे सटे मध्य-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित था। इसके बाद चक्रवात उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ता रहा और बुधवार सुबह 5:30 बजे गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया। उस समय यह चेन्नई से लगभग 580 किलोमीटर पूर्व, श्रीलंका के त्रिंकोमाली से 650 किलोमीटर उत्तर-पूर्व, आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम से 610 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व, विशाखापत्तनम से 610 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व और ओडिशा के गोपालपुर से 730 किलोमीटर दक्षिण में स्थित था।मौसम विभाग के अनुसार, यह आगे उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ते हुए 20 नवंबर को दोपहर के समय नेल्लोर और तुनी के बीच आंध्र प्रदेश के तट को गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पार कर सकता है। इस दौरान 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। बीच-बीच में हवा की गति 125 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।



कल आंध्र प्रदेश तट से टकराने का अनुमान

BYAS INFRABUILD PVT. LTD.
Head Office: Mandi (H.P.)
Recruitment Notice
BYAS Infrabuild Pvt. Ltd. invites applications for the post of
Aaya/Helper (Part Time) on an outsource basis
for Pre Primary Classes.
Vacancies: 87 Posts
Block: Hamirpur, District Hamirpur (H.P.)
Minimum Qualification
Female Candidates having passed 10th class or equivalent
Interview Details:
01/12/2026 (Tuesday)
Time: 11 am to 4 pm
Venue: H.No. 82/9, Bhagwahan Muhalla, Backside of District Court Complex Mandi Tehsil Sadar, District Mandi (H.P.) – 175001
How to Apply
Interested candidates must apply online by submitting the Google form available on the official website:
www.byasinfrabuild.com
For Further Information please contact:
LL: 01905-356364
M: 82787-85851
email: byasinfrabuild@gmail.com
web: www.byasinfrabuild.com